खबरों के 41 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

सतना, गुरुवार 03 सितम्बर 2026 । वर्ष –41 । अंक –182 पृष्ठ –12 मूल्य – 3.00 रु.

■ पत्रकारों पर नया हमला
■ छवियों में कैद मोदी... 04

■ गंभीर आर्थिक व सैन्य दबाव का सामना कर...
■ समुद्र का जलस्तर बढ़ने से कोलकाता व मुंबई... 09

■ कच्चे तेल और बॉन्ड यील्ड ने बिगाड़ा...
■ एटीएम से कैश निकालना अब हुआ महंगा 11

■ नार्थ जोन को सात...
■ एशियन गेम्स को ... 10

## सार संक्षेप

### इंदौर में 19 को होगा 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम

इंदौर के रीजनल पार्क में आयोजित किए जाने की तैयारी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का मध्य प्रदेश के इंदौर में प्रस्तावित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम अब 12 सितंबर की जगह 19 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, कार्यक्रम 19 सितंबर को इंदौर के रीजनल पार्क में आयोजित किए जाने की तैयारी है। कार्यक्रम को लेकर पार्टी की ओर से तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि 12 सितंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए स्थल की अनुमति नहीं मिलने के कारण इसकी तारीख एक सप्ताह आगे बढ़ायी गयी है। कांग्रेस अब 19 सितंबर को कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारियों में जुट गई है। गौरतलब है कि श्री गांधी 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के तहत देश के अलग-अलग शहरों में छात्रों के साथ सीधा संवाद कर रहे हैं।

### ईडी ने कई राज्यों में 14 जगहों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली, देशबन्धु ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने को विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) टोल प्लाजा पर धोखाधड़ी से टोल वसूली से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई शुरू की है। ईडी ने बुधवार को एक साथ कई राज्यों में 14 ठिकानों पर छापेमारी शुरू की।




सुप्रीम कोर्ट से केंद्र सरकार को झटका

# ओबीसी क्रीमी लेयर आरक्षण फैसले पर रोक से इनकार

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** ओबीसी क्रीमी लेयर आरक्षण पर केंद्र सरकार को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने पुराने आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। देश के सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की। केंद्र सरकार के कार्मिक मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में एक स्पष्टीकरण



### सभी पक्षों को 17 सितंबर 2026 तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश

शीर्ष न्यायालय ने मामले में केंद्र सरकार को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। अब इस मामले में अदालत ने सभी पक्षों को 17 सितंबर 2026 तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी क्रीमी लेयर आरक्षण मामले में केंद्र सरकार की स्पष्टीकरण याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान बेंच ने केंद्र सरकार को कोई भी अंतरिम राहत देने या अपने पिछले आदेश के अमल पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। याचिका दायर कर इस फैसले को लागू करने में आ रही व्यावहारिक चुनौतियों का ब्योरा दिया है। सरकार का कहना है कि इस फैसले से यूपीएससी परीक्षा 2025 की प्रक्रिया पर असर पड़ रहा है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि यूपीएससी के अनुशंसित 958 उम्मीदवारों के सर्विस एलोकेशन की प्रक्रिया पुराने नियमों के मुताबिक फाइनल स्टेज में थी। अगर इस फैसले को पिछली तारीख रेट्रोस्पेक्टिव इफेक्ट से लागू किया जाता है, तो पूरी मेरिट लिस्ट, कैडर आवंटन (जैसे IAS, IPS) और ट्रेनिंग बुरी तरह प्रभावित होंगे।

### शीर्ष न्यायालय ने पूर्व में ये फैसला सुनाया था

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को दिए अपने फैसले में ये तय किया था कि ओबीसी क्रीमी लेयर का निर्धारण सिर्फ माता-पिता की आय या मासिक वेतन के आधार पर नहीं किया जा सकता। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि आय के साथ-साथ माता-पिता के पद, उनकी सामाजिक स्थिति और नौकरी की श्रेणी को भी मापदंड बनाया जाना चाहिए। कोर्ट की इस व्यवस्था के मुताबिक, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों और निजी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों के बच्चों को सिर्फ ज्यादा वेतन के आधार पर आरक्षण के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता।



# चौतरफा बाढ़

## 19 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

## मंदाकिनी फिर उफान पर, सतना और शहडोल में भी बरस रही आफत

**नई दिल्ली, भोपाल,पटना, देशबन्धु।** देश में बारिश और बाढ़ का कहर जारी है। भारतीय मौसम विभाग ने 19 राज्यों के लिए भारी वर्षा कर अलर्ट जारी किया है जिनमें- बंगाल की खाड़ी पर बने सिस्टम की वजह से दक्षिण पश्चिम मानसून एक बार फिर देश के अधिकांश हिस्सों में सक्रिय हुआ है। इसके चलते जम्मू-कश्मीर, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश भी वहीं इन राज्यों के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में भी बारिश जारी है और मौसम विभाग ने चेतावनी भी दी है।

### बिहार में गंगा, सोन समेत दस नदियां उफनाईं

**सतना**-चित्रकूट क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण मंदाकिनी नदी एक बार फिर उफान पर आ गई है। बारिश के चलते नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और पानी तटवर्ती इलाकों को प्रभावित करते हुए एक बार फिर मुख्य सड़कों तक पहुंच गया है।

**शहडोल**-जिले में बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। केशवाही और अमलाई क्षेत्र में कई छोटी नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ने से पुलों के ऊपर पानी बह रहा है। इसके चलते कई मार्गों पर आवागमन बंद हो गया है और गांवों का मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। सतना शहर में बुधवार को बारिश ने इस सीजन का अब तक का सबसे तेज रूप दिखाया। सुबह से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बन गई है।

**7 जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट**-मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार सीधी, पन्ना, कटनी, उमरिया, डिंडोरी, मंडला और सिवनी में अति भारी बारिश हो सकती है। अगले 24 घंटे में इन जिलों में 4 इंच से ज्यादा पानी गिरने का अनुमान है। विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, सागर, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, छतरपुर, सतना, रीवा, मऊगंज, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर और बालाघाट में भारी बारिश की चेतावनी है। भोपाल, सीहोर, राजगढ़, इंदौर सहित 22 जिलों में मध्यम व तेज बारिश हो सकती है।

### सतना में इस सीजन की सबसे तेज बारिश

बुधवार सुबह हुई बारिश को सतना शहर में इस सीजन की सबसे तेज बारिश बताया जा रहा है। तीन घंटे में 56 मिलीमीटर बारिश होने के बाद शहर के कई हिस्सों में पानी भर गया। सुबह साढ़े 5 बजे से बारिश का आंकड़ा 90 मिलीमीटर से अधिक पहुंच जाना बारिश की तीव्रता को दर्शाता है। फिलहाल सतना में बारिश का दौर जारी है और शहर के कई इलाकों में हालात पर लोगों की नजर बनी हुई है। लोगों को भी जलभराव वाले स्थानों पर सावधानी बरतने और घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जा ही है।

## राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पहले सीईओ बने पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के पहले सीईओ का ऐलान कर दिया गया है। करीब 2 महीने से चल रही इस प्रक्रिया का आखिरी पड़ाव बुधवार को आया जब ट्रस्ट की बैठक में नए सीईओ के नाम की घोषणा की गई। एयर मार्शल (रिटायर्ड) जितेंद्र मिश्रा को राम मंदिर ट्रस्ट का सीईओ नियुक्त किया गया है। सीईओ के ऐलान के साथ-साथ ट्रस्ट के तीन नए ट्रस्टी भी बनाए गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले जितेंद्र मिश्रा का नाम ट्रस्ट के सीईओ के लिए संभावित चेहरों में चल रहा था। जितेंद्र मिश्रा के अलावा पूर्व आईपीएस राजेश पांडेय, पूर्व आईएएस दिनेश चंद्र और आईएस योगेश्वर राम मिश्रा का नाम भी रेस में था।



इसके अलावा पूर्व ढ्ढक्र परेश सक्सेना का नाम भी रेस में शामिल था।

यूपी के देवरिया के रहने वाले जितेंद्र मिश्रा 6 दिसंबर 1986 को वायुसेना में नियुक्त हुए थे। एयरफोर्स में उनकी पहली नियुक्ति बतौर लड़ाकू विमान पायलट के रूप में हुई थी। जितेंद्र मिश्रा की पढ़ाई ह्ल पुणे, एयर कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, एयर यूनिवर्सिटी और रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज से हुई है।

### इन्हें बनाया गया ट्रस्टी

राम मंदिर ट्रस्ट के सीईओ के साथ-साथ बुधवार को 3 नए ट्रस्टी भी घोषित किए गए। दिल्ली के महेश भागचंदका, अयोध्या के मदन मोहन पांडेय और शिकोहाबाद की निर्मला यादव को ट्रस्ट में ट्रस्टी की जिम्मेदारी सौंपी गई। महेश भागचंद का इसमें काफी बड़ा नाम हैं। वह राम मंदिर आंदोलन के सबसे चेहरों में से एक दिवंगत अशोक सिंघल के रिश्तेदार हैं।



**चूहा-सुनती हो**-दुनिया में बढ़ते तापमान ने लक्ष्मण रेखा लांघ ली है और आपदाएं टूट रही हैं।

**चुहिया- हां प्रिये**- जब दुनिया भर के शासक अपनी सत्ता बचाने में लगे हों तो धरती बचाने की चिंता कौन करे ?

## मुख्यमंत्री ने लांच किया 'जन विश्वास अभियान' पोर्टल

निर्देश : पोर्टल पर नियमित रूप से जानकारियां अपलोड की जाएं

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और मैदानी अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर निगरानी रखने के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान पोर्टल का आगाज किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि- जन विश्वास अभियान के अन्तर्गत किए जा रहे कार्यों की सम्पूर्ण जानकारी व्यवस्थित रूप से दर्ज करने यह पोर्टल बनाया गया है। सात अगस्त को शुरू हुए इस अभियान के चार सप्ताह पूरे हो चुके हैं। अभियान के पहले महीने में प्रशासन ने 5,64,000 से अधिक सीएम हेल्पलाइन



शिकायतों का निपटारा किया है। साथ ही, लोक सेवा गारंटी के तहत दर्ज 8,06,000 से अधिक आवेदनों का समाधान भी अधिकारियों ने सुनिश्चित किया है।अभियान के तहत जनप्रतिनिधि और अधिकारी हर सप्ताह मैदान में जाकर नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं।

### कलेक्टरों को हर सोमवार अपलोड करनी होगी रिपोर्ट

नए पोर्टल से अब जिलों की सभी प्रशासनिक गतिविधियों और उपलब्धियों का ऑनलाइन रिकॉर्ड रखा जाएगा। जिला कलेक्टरों को शुक्रवार तक की सभी गतिविधियों की जानकारी अगले सोमवार तक अनिवार्य रूप से पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। रिपोर्ट में अधिकारियों के भ्रमण, निरीक्षण, जनसंवाद, उद्यम संवाद, यशस्वी संवाद, इंफ्लुएंसर संवाद और जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों की जानकारी शामिल रहेगी। संभागायुक्त इस पूरी प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग करेंगे और समय पर जानकारी अपलोड होना सुनिश्चित करेंगे।

## शिवपुरी में रहस्यमयी बीमारी, 3 भाईयों सहित 4 बच्चों की मौत

**शिवपुरी, देशबन्धु।** शिवपुरी से एक रहस्यमयी बीमारी वाला मामला सामने आया है, जहां सईसपुरा में रहने वाले एक ही परिवार के 3 सगे भाइयों समेत 4 बच्चों की महज 10 दिनों के भीतर रहस्यमयी बीमारी से मौत हो गई है। यह सभी मौतें 21 अगस्त से 31 अगस्त 2026 के बीच हुई हैं। सभी बच्चों की तबीयत 16 अगस्त को गोराटीला स्थित झरने/सिंध नदी पर पिकनिक मनाकर लौटने के बाद अचानक बिगड़ी थी। परिजन और रिश्तेदारों के मुताबिक, सभी बच्चे 16 अगस्त को गोराटीला स्थित झरने (सिंध नदी के किनारे) पिकनिक >>शेष पृष्ठ 2 पर

### झरने में कीटनाशक मिले होने की आशंका

## आंध्र प्रदेश में मलेरिया की दवा से गई बच्ची की जान

**पोलावरम।** आंध्र प्रदेश के पोलावरम जिले में मलेरिया की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान क्लोरोक्विन की गोलियां खाने से एक सात वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। साथ ही 70 से अधिक लोग बीमार पड़ गए हैं। मामले के सामने आने के बाद इलाज के लिए जिले के दो प्राइमरी हेल्थ सेंटरों में मेडिकल टीमें भेजी गई हैं। इधर मामले की जांच के लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने आदेश दे दिए हैं। साथ ही सीनियर मेडिकल व हेल्थ अधिकारियों को गांव जाकर हालात पर नजर रखने का निर्देश दिया है।

### 70 से अधिक बीमार

**बुखार की जांच के लिए लगाया गया था कैंप**-मलेरिया के बढ़ते मामलों के मद्देनजर पिछले सप्ताह गोल्लागुप्पा गांव में बुखार की जांच के लिए कैंप लगाकर ये गोलियां लोगों को दी गई थीं। जिला कलेक्टर के. दिनेश कुमार ने बताया कि दो ग्रामीण में मलेरिया की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद अधिकारियों ने यह अभियान चलाया था। के. दिनेश कुमार ने कहा कि सात वर्षीय बच्ची गोली खाने के बाद बीमार पड़ गई और बेहोश हो गई। हालत बिगड़ने के कारण ब्लड ग्लूकोज लेवल का गिरना बताया गया। उसे पहले प्राइमरी हेल्थ सेंटर और फिर तेलंगाना के भद्राचलम एरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा, 'उन्हें पास के प्राइमरी हेल्थ सेंटर और बाद में बेहतर इलाज के लिए भद्राचलम एरिया हॉस्पिटल ले जाया गया। दुर्भाग्य से उनकी मौत हो गई। बीमार पड़ने वालों में कम से कम 15 बच्चे शामिल हैं। जिला कलेक्टर ने कहा, 'बाकी सभी मरीजों की हालत स्थिर है और परेशान की कोई बात नहीं है। जांच के लिए ब्लड सैंपल भेज दिए गए हैं।







कड़वे सच पर मुहर लगी

## लक्ष्मण रेखा लांघी, दुनिया के तापमान में 1.5 डिग्री की बढ़ोतरी तय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट ने उसी कड़वे सच पर मुहर लगा दी है, जिसे हम पिछले कुछ सालों से साफ महसूस कर रहे थे—अब दुनिया के पास ऐसा कोई रास्ता नहीं बचा है जिससे धरती के बढ़ते तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा के भीतर रोका जा सके। यानि बढ़ते तापमान ने लक्ष्मण रेखा पार कर ली।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अब असली सवाल यह है कि क्या इंसान ऐसे कदम उठा सकता है, जिससे 1.5 डिग्री की सीमा लांघने के बाद होने वाले नुकसान को कम किया जा सके और कुछ समय बाद तापमान को वापस इस दायरे में लाया जा सके? लेकिन सबसे बेहतरीन स्थिति में भी तापमान घटने से पहले कम से कम 1.8 डिग्री सेल्सियस तक जरूर जाएगा। वहीं बाकी ज्यादातर अनुमान तो यही बताते हैं कि यह 2 डिग्री सेल्सियस की सीमा को भी पार कर जाएगा। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि 'हम अब ऐसे मोड़ पर आ चुके हैं जहां तापमान को 1.5 डिग्री से नीचे रखने के लिए विज्ञान के पास कोई व्यावहारिक रास्ता नहीं बचा है। इससे पहले की रिपोर्टों में तापमान को इस सीमा में बांधकर रखने की थोड़ी उम्मीद जरूर जताई जाती थी, लेकिन अब वह मौका भी हाथ से निकल चुका है। दरअसल, 1.5 डिग्री का यह आंकड़ा पूर्व-औद्योगिक स्तर पर वैज्ञानिकों द्वारा तय की गई एक सीमा रेखा है। ऐसा नहीं है कि इस सीमा को पार करते ही अचानक कोई नई आफत आ जाएगी, लेकिन विज्ञान साफ कहता है कि जो मौसम की तबाही हम आज झेल रहे हैं—जैसे भीषण गर्मी, भयानक सूखा, बेमौसम बारिश और बाढ़—वे तापमान बढ़ने के साथ और ज्यादा खतरनाक और बार-बार होने लगेंगी। साल 2015 के ऐतिहासिक पेरिस समझौते का मुख्य लक्ष्य यही था कि दुनिया के तापमान में बढ़ोतरी को 2 डिग्री से काफी नीचे रखा जाए और हर हाल में इसे 1.5 डिग्री के भीतर ही रोकने की कोशिश की जाए। लेकिन यह 1.5 डिग्री की सीमा 2024 में ही टूट गई थी, जो इतिहास का सबसे गर्म साल दर्ज हुआ। उस साल औसत तापमान पुरानी तय सीमा से 1.55 डिग्री ज्यादा रहा। जुलाई 2023 से दिसंबर 2024 के बीच (केवल एक महीने को छोड़कर) हर महीने तापमान इस सीमा को पार करता रहा। हालांकि, वैज्ञानिक जब 1.5 या 2 डिग्री की बात करते हैं, तो वे किसी एक साल की गर्मी को नहीं, बल्कि कई दशकों के औसत को देखते हैं। उदाहरण के लिए, 2024 में रिकॉर्ड गर्मी का एक बड़ा कारण 'अल नीनो' का असर भी था, जिसके बाद साल 2025 में तापमान थोड़ा घटकर 1.45 डिसे पर आ गया था। लेकिन एनईपी की नई रिपोर्ट चेतावनी देती है कि अब हम एक ऐसे दौर में पहुंच गए हैं जहां हर साल का औसत तापमान लगातार 1.5 डिग्री से ऊपर ही बना रहेगा।



*विज्ञान साफ कहता है कि जो मौसम की तबाही हम आज झेल रहे हैं-जैसे भीषण गर्मी, भयानक सूखा, बेमौसम बारिश और बाढ़-वे तापमान बढ़ने के साथ और ज्यादा खतरनाक और बार-बार होने लगेंगी।*



डाक पंजीयन क्रमांक रीवा संभाग/16/2009-2011 www.deshbandhump.com







# जब डूब रहा शहर तब जाग रहा नगर निगम, दिखा रहा सक्रियता

## वर्षा पूर्व जल निकासी व वॉटर लेबल मिलान नहीं होने से बिगड़े हालात

**सतना, देशबन्धु।** जिस तरह आज शहर के हालात हो गए हैं और पूरा सतना शहर जलमग्न हो चुका है, लोग अपनी घर-गृहस्थी डूबते देख रहे हैं। ऐसे संकट के समय में नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी- कर्मचारी अब जगह- जगह नाले-नालियों की सफाई करते हुए तस्वीरें खिंचवा कर अपनी सक्रियता दिखा रहे हैं। अगर इसी सक्रियता से वर्षा पूर्व नाले-नालियों की अच्छी तरह साफ-सफाई कर ली जाती और शहरी मास्टर प्लान के साथ वॉटर लेबल को लेकर सड़क-नाली का निर्माण किया जाता तो यह हालात नहीं होते। बरसात से पहले स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत नाले-नालियां, सड़कें, ट्रेक बनाने में करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा दिए गए, लेकिन काम की गुणवत्ता नहीं परखी गई। जिसका जमीनी नजारा आज शहर के कोने कोने में नजर आ रहा है। नगर निगम का जिम्मेदार अमला तो यह सोच रहा था कि इस बार बारिश सामान्य ही होगी, क्योंकि पूरा आषाढ़ का महीना निकल गया, लेकिन कुदरत ने ऐसी लाठी मारी कि जिस तरह पानी की तरह पैसा नगर निगम ने बहाया, उसी तरह कुदरत ने पानी बहाकर नगर निगम की पोल खोल कर रख दी है।

### गुरुवार को भारी बारिश का रेड अलर्ट

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार 3 सितंबर को कई राज्यों में भारी से अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। सतना में कल 3 सितंबर को अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार पूरे दिन आसमान में घने बादल छाए रहेंगे और गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश की संभावना है। शुरुआत तेज बौछारों के साथ होगी और 60 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है। तापमान 24 डिग्री के आसपास बना रहेगा। दोपहर 12.30 से शाम 4.30 तक मानसून सिस्टम सबसे ज्यादा सक्रिय रहेगा, जिससे बारिश की संभावना बढ़कर 75 प्रतिशत तक होने की उम्मीद है। इस दौरान तेज गरज-चमक के साथ मूसलाधार पानी गिर सकता है। शाम 6.30 बजे के बाद रात होते-होते बारिश की तीव्रता में थोड़ी कमी आ सकती है, लेकिन आसमान पूरी तरह बादलों से घिरा रहेगा। उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश और उसके आसपास बना निम्न दबाव का क्षेत्र मौसम को और सक्रिय कर रहा है. पूर्वी मध्य प्रदेश में 20 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश की आशंका को देखते हुए रेड अलटज जारी किया गया है. ऐसे में कई इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति का खतरा बढ़ सकता है।

### ये तो होना ही था

जिस तरह के हालात शहर के हो गए है उससे तो जगह- जगह जलभराव होना ही था। शुरुआती मानसून में ही जगह-जगह नाली-नाले चोक होने से सड़कों में पानी भरने की समस्या सामने आई थी। प्री-मानसून में निगम का स्वास्थ्य अमला ऐसे अपनी मशीनरी लेकर फोटो सेशन करते नजर आया कि मानो प्रलय भी आ जाए तो शहर में जलभराव की समस्या सामने नहीं आएगी। शहर में पानी भराव का एक कारण मोटा कमीशन और ठेकेदारों को उपकृत करने शहर के अधिकांश मोहल्लों, वार्डो में बनी नालियों को परमानेंट कवर कर दिया गया, जबकि इन्हें कवर्ड करना ही था तो प्रीकास्ट स्लैब से नालियों को कवर करते, ताकि सफाई करने की जगह होती, लेकिन अब न तो नालियों में बरसाती पानी जाने की जगह बची और न ही सफाई करने की और पूरा शहर जलमग्र होता दिखाई दे रहा है।

### जायजा लेने पहुंचे महापौर

शहर में बुधवार सुबह से हो रही भारी वर्षा के चलते कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। महापौर योगेश ताम्रकार ने शहर के वार्ड क्रमांक 4 स्थित मास्टर प्लान क्षेत्र में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल जल निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान नागरिकों को परेशानी न हो, इसके लिए निगम अमला पूरी मुस्तैदी से कार्य करते हुए जल निकासी सुनिश्चित करे।

### जल निकासी हुई तेज

चित्रकूट के साथ-साथ सतना शहर में भी वर्षा के पानी की निकासी के लिए नगर निकाय द्वारा लगातार कार्य कराया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 23 में सरस्वती चौक के पास नाली का मलबा हटवाकर जल निकासी कराई गई। भाजपा कार्यालय के पास भी जल निकासी का कार्य जारी है। वहीं वार्ड क्रमांक 44 के बाईपास क्षेत्र में बरसात के पानी की निकासी के लिए आवश्यक व्यवस्था बनाई जा रही है। खेरमाई रोड पुल पर लगे पानी के जाम को खुलवाने के लिए भी प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जा रही है। पुष्पराज कॉलोनी सहित जलभराव वाले अन्य क्षेत्रों में भी स्थिति पर नजर रखकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों एवं मैदानी अमले को लगातार सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की टीमें प्रभावित नागरिकों की आवश्यकताओं का आंकलन कर उन्हें भोजन, स्वास्थ्य सुविधा, पेयजल, राहत सामग्री और अन्य जरूरी सहायता उपलब्ध कराने में जुटी हैं।

### यहां- यहां भरा पानी

लगातार हो रही बारिश से पूरा शहर जहां जलमग्न हो गया है। वहीं शहर का सबसे बड़ा नाला, जो यूसीएल के पीछे से होकर बरदाडीह, भरहुत नगर, खेरमाई, बांसनाका टिकुरिया टोला रोड, बजरहा टोला होते हुए डालीबाबा से नजीराबाद होकर सतना नदी में मिलता है, उफान पर है। इसके कारण भरहुत नगर स्थित भाजपा कार्यालय, खेरमाई मंदिर के पीछे का हिस्सा, जीवन ज्योति कॉलोनी, बरदाडीह के घरों तक पहुंच गया है। यही हालात बांसनाका के हैं। डालीबाबा क्षेत्र के नाले की दोनो पुलियों के ऊपर पानी बहने लगा है। शहर के अंडरब्रिज के नीचे घुटने के ऊपर तक पानी भर गया है। स्टेशन रोड जूडियो के सामने से प्रेम नर्सिंग होम के सामने सहित सर्किट हाउस के अंदर और बाहर जलभराव हो गया है। पन्ना नाका, उमरी क्षेत्र सहित राजेन्द्र नगर में जगह-जगह जल भराव हो गया है।





● श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा चित्रकूट में बाढ़ प्रभावितों को वितरण कराया जा रहा है पका भोजन के पैकेट।



● संतोषी अखाड़ा मे रामघाट के पास में बहुत से लोग रुके हुए हैं वहां पर हमारी टीम के द्वारा आवश्यकता अनुसार टीटी का इंजेक्शन लगाया गया सभी की जांच करके सभी को दवाइयां उपलब्ध कराई गई



● बाढ़ प्रभावित नागरिकों को सुरक्षित एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने चित्रकूट में जिला प्रशासन की टीम मौजूद।



● खैरमाई रोड पर नाला और सड़क एक हो गया हैए रास्ता ब्लॉक न होने से हो सकता है हादसा।



● आचार्य आश्रम नयागांव और हनुमान धारा तिराहे में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ.साथ बिरला हॉस्पिटल की टीम लगातार काम कर रही है सभी मरीजों की जांच हो रही है दवाइयां मिल रही है



## कलाकारों को कलेक्टर ने किया प्रोत्साहित

**मैहर, देशबन्धु।** कलेक्टर बिदिशा मुर्खजी शास्त्रीय वाद्य बृंद की कलाकारों ज्योति चौधरी और सोनाली से मुलाकात कर उन्हें मैहर का सम्पूर्ण महिला बैंड बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिला बैंड एक महत्वपूर्ण कदम होगा। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम और जी-20 सम्मेलन में दोनों कलाकारों ने प्रस्तुति देकर जिले को गौरवान्ति किया और वैश्विक पटल पर स्थापित किया। इसी के साथ उक्त कलाकारों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सतना में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देकर प्रधानमंत्री मोदी से भी सरहाना प्राप्त की है।



## व्याख्याता की सेवानिवृत्ति हुआ समारोह

**नागौद, देशबन्धु।** वीरांगना अवंती बाई लोधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेमरावारा, नागौद में पदस्थ व्याख्याता धर्मेन्द्र प्रताप सिंह 42 वर्ष 8 माह की गौरवमयी सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में लालेन्द्र बागरी व रेखा बागरी ने धर्मेन्द्र सिंह को शुभकामनाएं प्रदान कीं। वक्ताओं ने उनके 42 वर्षों के शिक्षकीय जीवन, अनुशासन और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम में अतिथियों ने व्याख्याता सिंह को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर सिंह ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए।

### आज का मौसम

| न्यूनतम तापमान | अधिकतम तापमान | आर्द्रता |
|---|---|---|
| 24.00 डि.से. | 25.06 डि.से. | सुबह : 100<br>शाम : 100 |

### सार-समाचार

## घरों के पीछे भरे पानी की निकासी

**सतना, देशबन्धु।** मैहर जिले के अमरपाटन नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 13 में बारिश के कारण घरों के पीछे उत्पन्न जलभराव की समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी के निर्देश पर नगर परिषद द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पानी निकासी का कार्य शुरू कर समस्या का निराकरण किया गया। जानकारी मिलते ही कलेक्टर ने संज्ञान में लेते हुए नगर परिषद अधिकारी सुषमा मिश्रा को तत्काल जल निकासी कराने के निर्देश दिए। नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंचकर आवश्यक व्यवस्था करते हुए मोटर की सहायता से जल निकासी का कार्य शुरू कराया।



## केन्द्रीय जेल में मनाया बलराम जन्मोत्सव

**सतना, देशबन्धु।** केन्द्रीय जेल सतना में जेल अधीक्षक लीना कोष्टा के मार्गदर्शन में बुधवार को भगवान बलराम का जन्मोत्सव मनाया गया। शासन की मंशानुसार बलराम कृषि महोत्सव की गतिविधियों को विस्तारित स्वरूप दिया जाना है। केन्द्रीय जेल में बंदियों के सहयोग से ही कृषि उत्पादों को पैदा किया जा रहा है। जिसमें कृषि से संबंधित पारम्परिक यंत्रों के साथ- साथ आधुनिक कृषि उपकरणों का प्रयोग कर प्राकृतिक खेती की जा रही है। भगवान बलराम को हल सोसे प्रिय रहा है। यही हल किसान का मजबूत सहारा रहा है, जिसके बल पर स्वयं व परिजनों को सम्पूर्ण देशवासियों का भरण पोषण हो रहा है, किसानों का प्रिय हल जिसे बलराम धारण किये रहते है वह हल जीवन दायक है। हलधर बलराम की जयंती पर भजन, गीत, संगीत प्रस्तुत किए गए।



## मदद को आगे आया मुस्लिम समाज

**सतना, देशबन्धु।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों की मदद के लिए मुस्लिम समाज के लोग आगे आए। समाजसेवी जिया बेग अपने साथियों के साथ खाद्यान्न सामग्री लेकर बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए पहुंचे। जिनमें बाबू भाई बज्मी, शानू भाई, जहीर अहमद, फखरुद्दीन, मुमताज बिहारी, हैदर अली, आजम खान, अयान खान, महफूज खान, आरिफ आदि शामिल रहे।



## स्मार्ट सिटी व्यवस्थाओं को बारीकी से जाना आयुक्त

**सतना, देशबन्धु।** आयुक्त डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा बुधवार को स्मार्ट सिटी के कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम एवं डाटा सेंटर पहुंचकर शहर की विभिन्न सेवाओं के संचालन और मॉनिटरिंग में उपयोग की जा रही तकनीकी व्यवस्थाओं को एक-एक कर बारीकी से समझा। उन्होंने इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम आईटीएमएस की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए इसके माध्यम से की जा रही निगरानी एवं संचालन की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। आयुक्त ने शहर की स्ट्रीट लाइटों को ऑटोमैटिक रूप से चालू एवं बंद करने वाली प्रणाली को समझा। उन्होंने कचरा संग्रहण वाहनों की मॉनिटरिंग व्यवस्था का भी अवलोकन किया और अधिकारियों से जाना कि सिस्टम के माध्यम से वाहनों की निगरानी किस प्रकार की जाती है डाटा सेंटर का निरीक्षण कर वहां संचालित तकनीकी प्रणालियों एवं मॉनिटरिंग व्यवस्था को भी विस्तार से समझा और उन्होंने अलग-अलग सिस्टम से जुड़े प्रत्येक पहलू पर अधिकारियों से जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों से प्रत्येक सिस्टम की कार्यप्रणाली, उसके उपयोग और मॉनिटरिंग की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। आयुक्त ने वाटर स्कॉडा सिस्टम के माध्यम से जलापूर्ति व्यवस्था की मॉनिटरिंग किस प्रकार की जाती है, इसे समझा। इसके बाद उन्होंने





## दो गाड़ियों में भेजी राहत सामग्री

**सतना, देशबन्धु।** एक कदम और सेवा संस्थान की तरफ से बुधवार को दो गाड़ी मे भोजन की पैकट, साथ मे 200 साड़ी, 200 पेटीकोट, 200 ब्लाउज, 200 चटाई, 200 चादर लेकर चित्रकूट के बटोही, लोसरिया, अनसुईया, छत्ररा और निचली बस्तीयो मे जरूरत मंद लोगो तक पहुंचाई गई। इस नेक काम में सनद तिवारी, बबलू शर्मा, मनोज द्विवेदी, भोला भाई, एड. विष्णु त्रिपाठी, रानू गर्ग, श्रद्धा मिश्रा, नेहा, अमित गर्ग, ओम तिवारी, डंडा गुरु, गुड्डु, लक्ष्मीकांत, पंकज मिश्रा, एड. विष्णु गर्ग सहित अन्य शामिल रहे।


## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग अधिसूचना भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013

**धारा - 11**

पत्र क्र. 188/ भू-अर्जन / 2026 — मऊगंज दिनांक 02/07/2026

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने ( 1 ) से ( 4 ) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने ( 6 ) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा ( 1 ) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूचीत खाने के ( 5 ) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11 द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है, चूंकि नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना का निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है तथा अधिकांश भूमि का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं कुछ अंश भाग के भू-अर्जन की कार्यवाही वांक्षित है। इस कारण धारा 11 ( 3 ) के तहत सामाजिक समाधान निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है।

| भूमि का विवरण | | | लगभग | धारा ( 1 ) 12 की धारा | सार्वजनिक प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | क्षेत्रफल | द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | का वर्णन |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| मऊगंज | नईगढ़ी | हर्दिहा 1053-083 | 0.003 हे. | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना संभाग रीवा ( म. प्र. ) | डी. बी. निर्माण कार्य हेतु ( नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत ) |

भूमि का नक्सा ( प्लान ) का अवलोकन कलेक्टर मऊगंज एवं के पदेन उपसचिव राजस्व विभाग जिला मऊगंज के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन अवधि में किया जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**(संजय कुमार जैन) कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग**

G-18022/26 स्वच्छता ही सेवा



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक पन्ना जिला पन्ना (म.प्र.)

क्र./पु.अ./ पन्ना / रा.नि./ बी/ 2407/2026 — दिनांक 02/09/2026

**:: ई-खुली निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति ::**

जिला पन्ना में वित्तीय वर्ष 2026-27 लघु निर्माण कार्य अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य कराने की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। निम्न निर्माण कार्य पंजीकृत ठेकेदारों से कराया जाना है।

उल्लेखनीय है कि लघु निर्माण कार्य हेतु ऑन-लाईन ई-खुली निविदायें समय सारणी अनुसार www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई, इच्छुक निविदाकर्ता निर्माण कार्य का प्राक्कलन रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पन्ना से प्राप्त कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 23.09.26 के 12:00 बजे तक रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पन्ना में निविदाकर्ता प्रतिनिधि एवं कय / कार्य समिति के समक्ष खोली जावेगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | प्रस्तावित कार्य का नाम | स्वीकृत राशि | धरोहर राशि | कार्य की अवधि ( कार्यादेश जारी होने की दिनांक से ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | थाना रैपुरा में बैरिक का नव निर्माण कार्य | 953508.00 | 28605.00 | 04 माह |

समय सारणी:-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 02.09.26 |
| 2 | निविदा जमा करने का प्रारंभ दिनांक | 02.09.26 |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 22.09.26 समय 10.00 बजे |
| 4 | निविदा खोलने का दिनांक | 23.09.26 समय 12:00 बजे |

**(निवेदिता नायडू)**
**पुलिस अधीक्षक जिला पन्ना**

G-18059/26 स्वच्छता ही सेवा



## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पोलिटेक्निक महाविद्यालय पवई

कलेही माता मंदिर के पास हड़ा रोड, पवई जिला-पन्ना ( म.प्र. )-488446
ईमेल-prinpoly.pawpna@mp.gov.in, principalpolypawai@gmail.com नंबर 9407938536
क्रमांक/पुस्तकालय/2026/ 323 — पवई, दिनांक 01/09/2026

### निविदा की जानकारी

संस्था में संचालित ब्रांच में अध्ययनरत विद्यार्थियों की पुस्तकों की कमी को दूर करने एवं नवीन सिलेबस अनुसार पुस्तकों के क्रय हेतु पुस्तक विक्रेताओं/प्रकाशकों को संस्था में रजिस्टर्ड कर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये सीमित निविदा के माध्यम से पुस्तकों के क्रय की कार्यवाही की जानी है। इस हेतु विज्ञापन की विस्तृत जानकारी संस्था के वेब साइट की लिंक https://dte.mp.gov.in/InstitutePortal/ के परिपत्र/सर्कुलर सेक्शन से एवं रजिस्ट्रेशन एवं कोटेशन फार्म प्रपत्र/फार्म सेक्शन से डाउनलोड की जा सकती है। प्रमुख तिथियाँ एवं समय की जानकारी इस प्रकार है-

| क्र | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | संस्था के वेब साइट पर विज्ञापन अपलोड करना | 01/09/2026 शाम 05:00 बजे से |
| 2 | रजिस्ट्रेशन एवं कोटेशन की उपलब्धता | 01/09/2026 शाम 05:00 बजे से |
| 3 | रजिस्ट्रेशन फार्म एवं कोटेशन फार्म की अंतिम तिथि | 14/09/2026 शाम 05:00 बजे तक |
| 4 | रजिस्ट्रेशन फार्म चेक करना एवं पंजीयन | 17/09/2026 शाम 05:00 बजे तक |
| 5 | पंजीयत पुस्तक विक्रेता/प्रकाशक के कोटेशन का लिफाफा खोलना | 18/09/2026 दोपहर 03:00 बजे |
| 6 | आदेश जारी करना | निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण होने पर |

किसी भी प्रकार के तकनीकी समस्या आने पर श्री पुष्पेंद्र गौतम से 9584280725 से संपर्क कर सकते हैं।

**(अरविन्द कुमार त्रिपाटी)**
**प्राचार्य शासकीय पोलिटेक्निक महाविद्यालय पवई जिला-पन्ना (म.प्र.)**

G-18050/26 स्वच्छता ही सेवा

## बाढ़, जलभराव ने खोल दी ननि और जिला प्रशासन के ड्रेनेज सिस्टम व विकास के दावों की पोल

### ● महापौर ने कहा कि ईको पार्क से शुरू हो कार्रवाई

**रीवा, देशबन्धु।** जिले में भारी बारिश के बाद आई भीषण बाढ़ और जलभराव की स्थिति ने नगर निगम और जिला प्रशासन के ड्रेनेज सिस्टम व विकास दावों की पोल खोल दी है। बाढ़ का पानी उतरने के बाद जहां एक तरफ नगर निगम प्रशासन जागा है, वहीं दूसरी तरफ इस मामले में भारी राजनीतिक और प्रशासनिक घमासान शुरू हो गया है। नगर निगम द्वारा नदी तट के 30 मीटर के दायरे में बने मकानों के सर्वे को लेकर खुद नगर निगम के महापौर अजय मिश्रा बाबा ने ही अपनी ही प्रशासनिक व्यवस्था और गाइडलाइन पर तीखे सवाल खड़े कर दिए हैं। महापौर ने इसे लेकर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी और निगमायुक्त अक्षत जैन से लंबी चर्चा की है। अब शहर में यह सबसे बड़ा चर्चा का विषय बन गया है कि प्रशासन अपने ही ईको पार्क जैसी बड़ी परियोजनाओं पर बुल्डोजर चलाने की हिम्मत दिखा पाता है



### ननि के सर्वे पर महापौर ने उठाए सवाल, 30 के बजाय 50 मीटर मे कार्रवाई करने की मांग

या फिर यह पूरी कार्रवाई केवल गरीब और आम लोगों के आशियाने उजाड़ने तक ही सीमित रह जाएगी।

दरअसल रीवा शहर में पिछले दिनों बीहर नदी के उफान और नालों के चोक होने से कई पॉश कॉलोनियों और निचले इलाकों में पानी घुस गया था, जिससे करोड़ों का नुकसान हुआ। इस आपदा के बाद हरकत में आए नगर निगम प्रशासन ने आनन-फानन में नदी के तट से 30 मीटर के दायरे के भीतर बने मकानों और अवैध निर्माणों का सर्वे शुरू कर दिया है, ताकि इन पर ढहाने की कार्रवाई की जा सके। प्रशासन का दावा है कि ये निर्माण प्राकृतिक जल बहाव का रास्ता रोकते हैं, जिससे शहर में बाढ़ के हालात बने। फिलहाल इस पूरे सर्वे पर रीवा नगर निगम के महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कड़ा ऐतराज जताया है। कलेक्टर से लंबी चर्चा के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर निगम का 30 मीटर का पैमाना नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा की नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की गाइडलाइन के मुताबिक, नदी के किनारे 50 मीटर का दायरा नो कंस्ट्रक्शन जोन होना चाहिए। महापौर ने मांग की है कि प्रशासन को पक्षपात छोड़कर पूरी पारदर्शिता के साथ 50 मीटर के दायरे में किए गए सभी निर्माण कार्यों को चिह्नित करना चाहिए और उन पर कार्रवाई करनी चाहिए। महापौर ने इस प्रशासनिक कार्रवाई की शुरुआत शहर के प्रसिद्ध ईको पार्क से करने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीहर नदी के बिल्कुल समीप बना ईको पार्क पूरी तरह से एनजीटी की गाइडलाइन का उल्लंघन करके बनाया गया है। महापौर का कहना है कि जब सरकार ने खुद ही नियमों को ताक पर रखकर अपनी जमीन निजी हाथों को दे दी और वहां अवैध निर्माण होने दिया, तो सबसे पहले बुल्डोजर ईको पार्क पर चलना चाहिए, ताकि समाज में एक निष्पक्ष संदेश जाए।

## रीवा में सजेगा भक्ति, लोक और श्री कृष्ण-संस्कृति का रंगमंच

### 'श्रीकृष्ण पर्व' में 4 को होंगी श्रीकृष्ण आख्यान की मनोहारी कला-अभिव्यक्तियाँ



**रीवा, देशबन्धु।** भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन, लोक आस्था और भारतीय सांस्कृतिक परंपरा को कला के विविध रंगों में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से रीवा में 'श्रीकृष्ण पर्व' का आयोजन किया जा रहा है। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन रीवा के सहयोग से यह प्रदेश स्तरीय आयोजन 4 सितम्बर, 2026 को सायं 7 बजे नगर निगम टाउन हॉल, रीवा में आयोजित होगा, जिसमें संगीत, लोकगायन, नृत्य और भक्ति की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से दर्शकों को कृष्णमय कर देगा।

संचालक, संस्कृति एन.पी. नामदेव ने बताया कि इस कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के जीवन और उनके बहुआयामी व्यक्तित्व को अलग-अलग कला विधाओं के माध्यम से अभिव्यक्त किया जाएगा। कार्यक्रम का आरंभ बघेली लोकगायन की सुमधुर प्रस्तुति से होगी। रीवा की सुश्री कल्याणी मिश्रा एवं साथी अपनी प्रस्तुति के माध्यम से स्थानीय लोकभाषा और लोकसंस्कृति में रचे-बसे कृष्ण भाव को स्वर देंगी। इसके पश्चात सुश्री आस्था सिजारिया एवं साथी, कटनी द्वारा श्रीकृष्ण केंद्रित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें नृत्य और अभिनय के माध्यम से कृष्ण की लीलाओं एवं जीवन-दर्शन की मनोहारी झलक देखने को मिलेगी।

कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण भक्ति गायन होगा, जिसमें सुश्री वैशाली रैकवार एवं साथी, भोपाल भक्तिमय प्रस्तुतियों से वातावरण को आध्यात्मिक रंग से सराबोर करेंगे।

## सार-समाचार

### संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक का प्रभार डॉ. शर्मा को

**रीवा, देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा से संबद्ध संजय गांधी अस्पताल रीवा में संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक के पद का प्रभार प्राध्यापक जनरल सर्जरी विभाग प्रभार डॉ. प्रियांक शर्मा को अस्थाई रूप से सौपा गया है। इस संबंध में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की अवर सचिव सीमा डहेरिया द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

### लगातार बारिश के कारण स्कूलों में 3 और 5 सितम्बर को रहेगा अवकाश

**रीवा, देशबन्धु।** जिले में पिछले 4 दिनों से लगातार वर्षा के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कई स्थानों में नदी-नालों का जल स्तर बढ़ने से मार्ग अवरूद्ध हो गए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने 3 सितम्बर और 5 सितम्बर को सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों में अवकाश के आदेश दिए हैं। इन दिवसों में विद्यार्थी स्कूल नहीं आएंगे, लेकिन शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी स्कूल में उपस्थित होकर विद्यालयीन कार्य करेंगे। इन दिवसों में यदि परीक्षा निर्धारित है तो वह यथावत संचालित होगी।

### जांच दल ने किया ब्लड बैंक का निरीक्षण



**रीवा, देशबन्धु।** क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. जीएस परिहार के निर्देश पर एडवांस लाइफ केयर सेंटर ब्लड बैंक का जाँच दल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। शिकायतकर्ता शिवनारायण द्विवेदी, निवासी बड़ा इटमा, त्योंथर द्वारा प्रस्तुत शिकायत के आधार पर गठित जांच दल द्वारा ब्लड बैंक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन नहीं पाया गया। निरीक्षण दल द्वारा आवश्यक बिंदुओं पर जांच एवं अभिलेखों का अवलोकन किया गया। संबंधित संस्था को निर्देशित किया गया कि समस्त आवश्यक दस्तावेजों एवं अभिलेखों के साथ क्षेत्रीय संचालक कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। क्षेत्रीय संचालक ने निर्देशित किया है कि निजी क्षेत्रों द्वारा संचालित सभी ब्लड बैंक समस्त प्रोटोकाल को फॉलो करें और साथ ही सभी प्रकार इंस्पेक्शन एक्सटर्नल, इंटरनल, एनएबीएल, अनिवार्य रूप से कराएं अन्यथा कि दशा में कमियां पाए जाने पर सीज़िंग कार्यवाही की जाएगी।

### जवा-त्योंथर के प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य की मांग

**रीवा, देशबन्धु।** जिले में विगत् 10 दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण जवा एवं त्योंथर क्षेत्र के नदी तटीय इलाकों में बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। सतना जिले में भी लगातार बारिश के कारण टमस एवं महाना नदियां उफन पर हैं तथा बकिया बैराज के गेट खोले जाने से जवा एवं त्योंथर क्षेत्र के अनेक गांवों एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है। कई प्रमुख मार्गों पर पानी आ जाने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है।इस गंभीर स्थिति को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कलेक्टर रीवा को पत्र लिखकर प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए जाने की मांग की है।

## तत्काल दें योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की सूची: जैन



**रीवा, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री सेवा संकल्प अभियान के संबंध में निर्देश दिए। श्री जैन ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

अभियान के दौरान जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की साफ्ट कॉपी में सूची कलेक्टर कार्यालय को तत्काल उपलब्ध करा दें।

अभियान से जुड़ी गतिविधियों के लिए विभागवार जिम्मेदारी निर्धारित कर दी गई है। अभियान के संबंध में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार संबंधित अधिकारी अभियान से जुड़ी कार्य योजना तैयार कर लें। अभियान के दौरान लाभार्थी हितग्राहियों के घरों में आशीर्वाद का दीपक जलाया जाएगा। प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और नदियों के घाटों में भी दीप जलाए जाएंगे। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि सभी अधिकारी अभियान में सौंपे गए दायित्व के अनुसार तैयारियाँ कर लें।

## एम्स की प्रो. डॉ. भावना शर्मा को प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक से सम्मानित

### नेत्र चिकित्सा, शोध एवं सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान के लिए हुआ सम्मान



**रीवा, देशबन्धु।** आयुर्विज्ञान संस्थान 'एम्स' भोपाल के नेत्र विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. भावना शर्मा को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, शोध एवं सेवाओं के लिए बॉम्बे ऑप्थैल्मिक एसोसिएशन द्वारा प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। डॉ. भावना शर्मा की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से रीवा सहित पूरे विंध्य क्षेत्र में हर्ष की लहर है। प्रोफेसर डॉ. भावना शर्मा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी के अग्रज स्वर्गीय तीर्थ प्रसाद तिवारी, सेवानिवृत्त जिला परिवहन अधिकारी, की नातिन एवं बृजमोहन प्रसाद तिवारी, सेवानिवृत्त संचालक, मध्यप्रदेश राज्य परिवहन, की पुत्री हैं। वे हमीदिया अस्पताल, भोपाल में पदस्थ वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय शर्मा, बजरंग नगर, रीवा की धर्मपत्नी हैं।

डॉ. भावना शर्मा की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, सेमरिया विधायक अभय मिश्रा, महापौर अजय मिश्रा 'बाबा', मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव कविता पाण्डेय, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल 'झब्बू' सहित उनके पारिवारिक सदस्यों डॉ. मालिती गोविन्ददास तिवारी, डॉ. देवेन्द्र तिवारी, इंजी. राजेन्द्र तिवारी 'मुन्ना', शशिकला शेषमणि तिवारी, विद्या तिवारी, नीरज तिवारी, डॉ. कल्पना तिवारी, नीलिमा तिवारी, अरुणा डॉ. विवेक तिवारी बाबला, बिहारीलाल तिवारी, श्रवण कुमार तिवारी, शरद तिवारी 'दादू', छेदीलाल तिवारी, गिरवरधारी तिवारी, संगीता डॉ. एस.पी.एस. तिवारी, बृजभूषण शुक्ला,चन्द्रमणि शुक्ला, गोविन्द शुक्ला, हर्षलाल शुक्ला, सत्यनारायण तिवारी, रमेश तिवारी, रमाकांत मिश्रा, वशुधा सोंधिया सहित समस्त परिवारजनों एवं अन्य शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।


**न्यायालय कमिश्नर फॉर वर्कमेन कम्पनशेषन श्रम न्यायालय रीवा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक 185/डब्लू.सी.ए./2026वि

मृतक- स्व. केमला प्रसाद बहेलिया

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण में आपको सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रमिक स्व. केमला प्रसाद बहेलिया अनावेदक क्र. 1 के नियोजन में बतौर कर्मकार के पद पर कार्य कर रहा था कार्य के दौरान हुई दुर्घटना उपरान्त उसकी मृत्यु हो गई। न्यायालय आदेश दिनांक 07.02.2020 के पालन में अनावेदक द्वारा क्षतिपूर्ति राशि 4,98,000/- वितरण हेतु इस न्यायालय में जमा कराया गया है।

उपरोक्त प्रकरण मृतक के आश्रितों की पहचान व जांच हेतु दिनांक 21.09.2026 नियत की गई है। अतः यदि आप अथवा अन्य कोई व्यक्ति वर्कमेन कम्पनशेषन एक्ट की धारा 2 (डी) के अंतर्गत मृतक के आश्रित हो तो आप वह दिनांक 21.09.2026 समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र एवं आश्रित होने बावत् प्रमाण पेश करें। मृतक के आश्रित होने के प्रमाण हेतु स्थानीय मजिस्ट्रेट, कलेक्टर या किसी शासकीय विज्ञप्ति अधिकारी द्वारा स्वयं का फोटो अटेस्टेड करवाकर पहचान हेतु पेश करें। यदि हो तो मृतक के नाबालिक बच्चों को साथ लावें।

आज दिनांक 24.08.26 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया है।

(अमरीश भारद्वाज)
कमिश्नर
फॉर वर्कमेन कम्पनशेषन
श्रम न्यायालय रीवा (म.प्र.)



**SHRIRAM** Transport Finance Company Limited A WINNING RELATIONSHIP

**श्रीराम फायनेंस लिमिटेड**

हेड ऑफिस 101–105 शिव चेम्बर प्रथम तल, बी विग, सेक्टर – 11 बीडी बेलापुर नवी मुंबई भारत 400614

पंजीकृत कर्यालय – मुकम्बिका काम्प्लेक्स तृतीय तल नं. 4 लेडीदेशिका रोड मैलापुर चेन्नई तमिलनाडू भारत 600004
रीजनल/शाखा कार्यालय– प्रथम तल, इंडियन बैंक के पास, रीवा के सामने, मंगावां रोड, मंगावां जिला, रीवा, प्रथम तल, यूटोपिया टावर, रीवा, रेडियो कॉलोनी के सामने, रीवा –486001
जोनल/शाखा कार्यालय– तीसरी मंजिल, दिगंबर टॉवर, SBI बैंक के ऊपर, मास्टरमाइंड कोचिंग क्लास के सामने, राइट टाउन

**सरफेसी अधिनियम 2002 की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस**

सिक्योरिटी इंटररेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3(1) उक्त नियम के सहपठित सेक्शन 13(2) ऑफ सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त एक्ट) के तहत उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13(12) के तहत अधिकारियों के पालन में श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व नाम श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी) के प्रा.अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी की थी जिसमें देनदारियों/ गारंटरों को उक्त से संबंधित उन्हें जारी नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था, देनदारों व गारंटरों को पुनः देनदारों व गारंटरो को इस नोटिस तिथि से 60 दिनों से निम्न राशि चुकाने को कहा जाता है, देनदार व गारंटर, देय राशि व लोन राशि के भुगतान हेतु प्रस्तुत सिक्योरिटी राशि के विवरण निम्न है:–

| ऋणकर्ता/जमानतदार/कानूनी उत्तराधिकारी कानूनी प्रतिनिधि/लोन खाता नं. | 1. मांग/सूचना की तारीख 2. मांग/सूचना के अनुसार देय राशि 3. कब्जा मिलने की तारीख | सुरक्षित संपति का विवरण स्थावर संपति |
|---|---|---|
| (उधारकर्ता) 1. श्री राकेश कुमार निगम S/O विश्वेश्वर प्रसाद निगम, पता – धवारी आराजी – धवारी लेन नंबर 04 HN-149K खजांची हाउस हैंडपंप के पास रघुराज नगर सतना (मध्य प्रदेश) 2. श्री राजेंद्र कुमार निगम पिता विश्वेश्वर प्रसाद निगम, पता–धवरी गली नंबर 04 मकान नं. 149 खजांची हाउस हैंड पंप के पास सतना म.प्र. 485001 (गारंटर) – श्री मेल्विन विजय S/O सैमुअल विल्सन बैंक कॉलोनी, भरहुत नगर सतना (म.प्र.) पिन– 485001, सतना (म.प्र.) 485001 ऋण संख्या – SATNA0511200001 | मांग/सूचना की दिनांक 10.03.2026 लोन राशि : Rs.5,00,000/- दिनांक: 21/11/2015, बकाया ईएमआई – 78,1,015/– कुल शेष बकाया – 50,98,095/– दिनांक 12.12.2025 तक देय अन्य शुल्क + खर्चे लागू | खसरा नंबर 335/3/1/4 वाली पूरी हाउस प्रॉपर्टी (घर और जमीन), जो गाँव धवाई, पटवारी हल्का नंबर– 53, तहसील रघुराज नगर, मौजा/आराजी–धवरी,जिला सतना (MP) में स्थित है। इस पूरी प्रॉपर्टी का कुल क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट है। |
| (उधारकर्ता) – 1. श्री. मणिराज तिवारी S/0–सुदर्शन प्रसाद तिवारी, पता – ग्राम :– सोनौरी, पोस्ट, रुपौली प्राथमिक विद्यालय सोनौरी के पास, थाना–चोरहटा, तहसील–रीवा हुजूर, जिला–रीवा, मध्य प्रदेश, 486001 (गारंटर) – श्री। विनय सिंह पुत्र–अशोक सिंह पताः ग्राम–पत्थरगढ़ी, पोस्ट–राहट, प्राथमिक शाला के पास, तहसील –राहट, जिला–रीवा (म.प्र.) 486446 ऋण संख्या –REWAO709290003 | मांग/सूचना की दिनांक 25/05/2026 लोन राशि – 7,00,000/– दिनांक: 29/09/2017, बकाया ईएमआई – 9,26,049/–, कुल शेष बकाया – 31,03,176/– दिनांक 21/04/2026 तक देय अन्य शुल्क खर्चे लागू | यह प्रॉपर्टी उस फ्रीहोल्ड जमीन का हिस्सा है जिसके मालिक मॉर्गेजर (गिरवी रखने वाले) हैं। इसमें खसरा नंबर 561/2 क, 561/2 ख, 567/6, 568/10 (कुल एरिया – 0.184 हेक्टेयर) शामिल हैं। यह खरीदे गए प्लॉट नंबर 12 (एरिया 20x50 = 1000 वर्ग फुट) का हिस्सा है। यह प्रॉपर्टी गाँव– पाडरा, पटवारी हल्का– ढेकहा, R-I. सर्कल– रीवा, तहसील– रीवा हुजूर, जिला– रीवा (M.P.) में स्थित है **संपत्ति की सीमाएँ: उत्तर** : 20 फिट चौड़ी सड़क, **दक्षिण** : प्लॉट क्रमांक 11, **पूर्व** : 20 फिट चौड़ी सड़क।, **पश्चिम** : प्लॉट क्रमांक 13 |
| (उधारकर्ता) – 1. श्री. सतीश कुमार मिश्रा S/0-राम कैलाश मिश्रा, पता–ग्राम : पिपरा, पोस्ट–नौढिया, शासकीय विद्यालय के पास पिपरा तह–मऊगंज, जिला–रीवा (म.प्र.) पिन–486111, 2. श्री. जय प्रकाश मिश्रा, पुत्र–लक्ष्मण प्रसाद मिश्रा, पता–ग्रामःसीतापुर, वार्ड नं–13 पोस्ट–मकराहदा, तह.–मऊगंज, जिला–रीवा (म.प्र.) पिन–486333, (गारंटर) – 1. श्री. प्रसून वर्मा, पुत्र झब्बू लाल वर्मा, पता – वार्ड नंबर–15, मकान नंबर–322, पोस्ट–रीवा, आईडीबीआई एटीएम के पीछे, समान रीवा तह–हुजूर रीवा, जिला–रीवा(एम.पी.) पिन–486001, ऋण संख्या – REWAO711130002 | मांग/सूचना की दिनांक 25.05.2026 लोन राशि – 10,00,000/– दिनांक: 13/11/2017, बकाया ईएमआई – 10,88,943/–, कुल शेष बकाया – 33,86,212/– दिनांक 21.04.2026 तक देय अन्य शुल्क + खर्चे लागू | यह प्रॉपर्टी फ्रीहोल्ड जमीन का हिस्सा है जिसके मालिक मॉर्गेजर (गिरवी रखने वाले) हैं। यह जमीन खसरा नंबर 433/20 (कुल एरिया – 1.886 हेक्टेयर) है और गाँव–सीतापुर, जनरल नंबर–986, पटवारी हल्का–सीतापुर 20, R-I सर्कल सीतापुर, तहसीलः मऊगंज, जिला : रीवा (म. प्र.) के बंधक संपत्ति का मालिक श्री जयप्रकाश मिश्रा (पिता : श्री लक्ष्मण प्रसाद मिश्राबंधक संपत्ति है। और इसे प्रॉपर्टी के बदले लोन की सिक्योरिटी के तौर पर हमारे पास गिरवी रखा गया है। **संपत्ति की सीमाएँ: पूर्व** : ज्ञानेंद्र मिश्रा की जमीन, **पश्चिमः** अनुरुद्ध मिश्रा की जमीन, **उत्तरः** शिवधारी साहू की जमीन, **दक्षिणः** सरकारी जमीन। |
| (उधारकर्ता) – श्री विनोद कुमार तिवारी, पिता – मोहन लाल तिवारी, पता – ग्राम : 12/274 खुटेही, पोस्ट – रीवा शहर, स्नेह पेट्रोल पंप के पास, तहसील – हुजूर, जिला – रीवा (म.प्र) पिन – 486001, (गारंटर) – श्रीमती ममता देवी, पत्नी – राम निवास मिश्रा पता – मकान नंबर 09 उकठी, पोस्ट – रीवा, रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज के पास, तहसील – हुजूर, जिला – रीवा (म.प्र.) पिन – 486002, ऋण संख्या – REWAO709040001 | मांग/सूचना की दिनांक 26.05.2026 लोन राशि – 4,00,000/– दिनांक: 05/09/2017, बकाया ईएमआई – 6,13,244/–, कुल शेष बकाया – 30,85,918/– दिनांक 21.04.2026 तक देय अन्य शुल्क खर्चे लागू | यह पूरी प्रॉपर्टी उस फ्रीहोल्ड जमीन का हिस्सा है जिसके मालिक पूरी तरह से मॉर्गेजर (गिरवी रखने वाले) हैं। यह जमीन खसरा नंबर 129 (कुल एरिया 0.384 हेक्टेयर) में आती है और गाँव गढ़ (137), पटवारी हल्का गढ़ (31) और RL सर्कल अबरैला, तहसीलः जवा, जिला : रीवा (म.प्र.) में स्थित है।, **संपत्ति की सीमाएँ : पूर्व** : रामाश्रय का प्लॉट, **पश्चिम** : सड़क, **उत्तर** : लल्लु अदिवासी का मकान, **दक्षिण** : छेदी लाल का मकान |
| (उधारकर्ता) श्री सुभाष तिवारी, पुत्र दिनेश नारायण तिवारी पता – ग्राम :– वार्ड नं.–03, मकान नं.–491 पुष्पराज नगर, चेरिश एकेडमी स्कूल के पीछे, रीवा, तहसील–हुजूर रीवा, जिला–रीवा (म.प्र.), पिन–486001, (गारंटर) श्री लक्ष्मण प्रसाद मिश्रा, पुत्र–रामचरण मिश्रा पता – ग्राम : जेरुका, पाइपखरा, पोस्ट–पाइपखरा, तह.– हजूर रीवा, बनकुइया मार्ग पर पाइपखरा, रीवा जिला– रीवा (म.प्र.), पिन–486450, ऋण क्रमांक – REWA2O712150001 | मांग/सूचना की दिनांक 26.05.2026 लोन राशि – 10,00,000/– दिनांक: 12/12/2025, बकाया ईएमआई – 17,52,038/–, कुल शेष बकाया – 55,96,519/– दिनांक 12.12.2025 तक देय अन्य शुल्क + खर्चे लागू | संपत्ति का यह पूरा हिस्सा और टुकड़ा, जिसकी मालिक मॉर्टगेजर (गिरवी रखने वाला) है। यह फ्रीहोल्ड जमीन/डायवर्टेड प्रॉपर्टी है, जिसके खसरा नंबर 126/1/1 (क्षेत्रफल–0.049 हेक्टेयर), 128 (क्षेत्रफल–0.036 हेक्टेयर), 129 (क्षेत्रफल–0.049 हेक्टेयर), 130/1 (क्षेत्रफल–0.020 हेक्टेयर), 147/1 (क्षेत्रफल–0.154 हेक्टेयर), 148 (क्षेत्रफल–0.061 हेक्टेयर), 154 (क्षेत्रफल–0.024 हेक्टेयर), 176 (क्षेत्रफल–0.036 हेक्टेयर), 181 (क्षेत्रफल–0.198 हेक्टेयर), 299 (क्षेत्रफल–0.125 हेक्टेयर) हैं। यह जमीन ग्राम – कुल्लू, पटवारी हल्का–बिहरा 06, R-L सर्कल–बनकुइया, तहसील– हजुर रीवा, जिला–रीवा, मध्य प्रदेश में स्थित है। मूल बिक्री विलेख (सेल डीड) की तारीख 11–09–1985 है। पुस्तक नंबरः A–1, ग्रंथ नंबर–1777, फोलियो–4, पेज नंबर–86–89, सीरियल नंबर–2225A **संपत्ति की सीमाएँ : पूर्व** : कुल्लू बस्ती, **पश्चिम** : सरकारी तलाब, **उत्तर** : शुक्ला जी का प्लॉट, **दक्षिण** : उतकर्ष दुबे की भूमि। |
| (उधारकर्ता) – श्री सुरेश कुमार प्यासी, पुत्र– बाबूलाल प्यासी, पता – गांवः–पवार गैस एजेंसी के पास बारा, एनएच–07 पोस्ट–रीवा, तह–हुजूर रीवा, बंगाल स्वीट्स के पास बारा जिला–रीवा मध्य प्रदेश पिन–486001 (गारंटर) – श्री आशीष कुमार पाण्डेय पुत्र राम शंकर पांडे पता – ग्राम :– वार्ड नंबर–14, शिवनारी कॉम्प्लेक्स, फ्लैट क्र.–02, नेहरु नगर रीवा पोस्ट–रीवा, तहसील–हुजूर रीवा, पुष्कर गैस गोदाम के सामने जिला–रीवा (म.प्र.) पिन–486001 ऋण क्रमांक – REWAO711230002 | मांग/सूचना की दिनांक 18.06.2026 लोन राशि – 10,00,000/– दिनांक: 28/11/2017, बकाया ईएमआई – 11,36,780/– कुल शेष बकाया – 49,10,077/– दिनांक 21.04.2026 तक देय अन्य शुल्क + खर्चे लागू | उस प्रॉपर्टी का पूरा हिस्सा, जिसके मॉर्गेजर (गिरवी रखने वाले) उस फ्रीहोल्ड जमीन के पूर्ण मालिक हैं – खसरा नंबर 355/5/2, कुल क्षेत्रफल – 0.061 हेक्टेयर। यह जमीन गाँव–रामकुई, जनरल नंबर–545, पटवारी हल्का–दुआरी 27, R-L सर्कल–रीवा, तहसील–रीवा हुजूर नगर, जिला–रीवा (म.प्र. ) में स्थित है।, **संपत्ति की सीमाएँ : पूर्व** : अजीत मिश्रा की भूमि, **पश्चिम** : महेश प्रसाद मिश्रा की भूमि, **उत्तर** : आशीष पाण्डेय की भूमि, **दक्षिण** : सुरेश मिश्रा की भूमि। |
| (उधारकर्ता) – 1. श्री जय सिंह, पुत्र तखत राज सिंह, पता – ग्राम : – हरदिया पवई, एमआईजी–1/9,165, इंदिरा नगर, पोस्ट–रीवा, तह–हुजूर, जिला–रीवा, सरस्वती स्कूल के पास इंदिरा नगर, तहसील– हुजूर रीवा, जिला–रीवा (म.प्र.) पिन 4860012. श्री जय सिंह, पुत्र–तखत राज सिंह, पता – ग्राम–हरदिहा पवई, पोस्ट–हरदिया पवई थाना–चुरहट, तहसील–चुरहट, जिला–सीधी (म.प्र.) 3. श्री तखत राज सिंह, पुत्र–नरहर सिंह, पता – ग्राम–हरदिया पवई, पोस्ट–हरदिहा पवई थाना–चुरहट, तहसील–चुरहट, जिला–सीधी (म.प्र.) ऋण क्रमांक – REWAO603300003 | मांग/सूचना की दिनांक 18.06.2026 लोन राशि – 4,00,000/– दिनांक: 30/03/2016, बकाया ईएमआई – 5,44,399/–, कुल शेष बकाया – 38,38,019/– दिनांक 12.12.2025 तक देय अन्य शुल्क + खर्चे लागू | जिला सीधी (म.प्र.) मे स्थित है। जिसमे बंधककर्ता संपत्ति तखतराज सिंह पिता द्वारा जय सिंह पिता तखतराज सिंह के लोन मे बंधक रखा गया है फ्रीहोल्ड प्रॉपर्टी जमीन/प्लॉट खसरा नंबर 410, कुल क्षेत्रफल : 0.110 हेक्टेयर। यह जमीन हरदिहा पावई गाँव, पटवारी हल्का–हरदिहा पावई, तहसील–चुरहट, जिला–सीधी (म.प्र.) में स्थित है। **संपत्ति की सीमाएँ: पूर्व** : दूसरों की जमीन, **पश्चिम** : दूसरों की जमीन, **उत्तर** : दूसरों की जमीन, **दक्षिण** : दूसरों की जमीन। |
| (उधारकर्ता) – श्री दिलीप सिंह, पुत्र–बाबू लाल सिंह पता–चहली, मकान नं.–41, वार्ड नं–11, पोस्ट–छतनिहा, शिव मंदिर के पास चहली, थाना– जियावन देवसर, तेह–देवसर, जिला–सिंगरौली, मध्य प्रदेश, पिन–486881, (गारंटर) – मेसर्स तरन्नुम खानम, पत्नी महताब हसन पता – 38/144 विन्धयनगर रोड, पोस्ट–वैढ़न, थाना–वैढ़न, कुन्दन हीरो एजेंसी के पास बैढन, जिला–सिंगरौली (म.प्र.) पिन–484886, ऋण संख्या ADHNO708050002 | मांग/सूचना की दिनांक 18.06.2026 लोन राशि – 12,00,000/– दिनांक: 05/08/2017, बकाया ईएमआई – 10,42,688/–, कुल शेष बकाया – 46,89,788/– दिनांक 12.12.2025 तक देय लोन अन्य शुल्क + खर्चे लागू | यह पूरी प्रॉपर्टी का विवरणः मॉर्टगेजर (गिरवी रखने वाला) इस फ्रीहोल्ड जमीन का पूर्ण मालिक है, जिसका खसरा नंबर 162/2 है और कुल क्षेत्रफल 2.000 हेक्टेयर है। यह जमीन गांम : चहली, पटवारी हल्का–03, R-I. सर्कल–सरोन्धा, तहसील–देवसर, जिला–सिंगरौली (म.प्र.) में स्थित है। **संपत्ति की सीमाएँ : पूर्व** : बंधककर्ता की भूमि, **पश्चिमः** गायत्री वगैरहा की भूमि, **उत्तरः** महावीर वगैरहा की भूमि , **दक्षिणः** सड़क। |
| (उधारकर्ता) : श्री जमुना सिंह, पुत्र. रामपाल सिंह पता : VII-I- बघेडी, पोस्टः चकघाट, आर्यावर्त स्कुल बघेडी के सामने, तह.– त्योथर, थाना–चकघाट, जिला रीवा– मध्य प्रदेश, पिन–486226 (गारंटर) : श्री नरेंद्र सिंह, पुत्र– श्री शंभू सिंह, पता – ग्राम : करह", पोस्ट–खैरा गढ़, तह – मऊगंज, सेंड मऊगंज के पास, जिला–रीवा, मध्य प्रदेश, पिन.486331, मोबाइल : 8085025500 ऋण क्रमांक REWAO510120001 | मांग/सूचना की दिनांक 22.06.2026 लोन राशि – 5,00,000/– दिनांक: 12/10/2015, बकाया ईएमआई – 6,58,708/–, कुल शेष बकाया – 38,29,878/– दिनांक 17.12.2025 तक देय लोन अन्य शुल्क + खर्चे लागू | यह पूरी फ्रीहोल्ड प्रॉपर्टी (जमीन/प्लॉट), खसरा नंबर–45/1/2, कुल क्षेत्रफल–0.090 हेक्टेयर है। यह जमीन गाँव–बघेड़ी, पटवारी हल्का–चक, आर.जे. सर्कल–चक, तहसील–त्योथर, जिला–रीवा (मध्य प्रदेश) में स्थित है और यह श्री जमुना सिंह (पिताः श्री रामपाल सिंह, निवासीरू गाँव बघेड़ी, तहसील–त्योथर, जिला–रीवा, मध्य प्रदेश) के नाम पर है। **संपत्ति की सीमाएँ : उत्तरः** कच्ची सड़क की जमीन, **दक्षिण** : संटू द्विवेदी की जमीन, **पूर्व** : सिटू कोहली की जमीन, **पश्चिमः** सीमा पांडेय की जमीन। |

यदि उक्त देनदार/गारंटर उक्त भुगतान श्रीराम फाईनेंस लिमिटेड को नहीं करते हैं, श्रीराम फाईनेंस लिमिटेड उक्त एक्ट की सेक्शन 13(4) व लागू नियमों के तहत पूरी तरह से देनदार/गारंटर के जोखिम, लागत व परिणामों के तहत सिक्योर्ड एसेट के खिलाफ कार्यवाही कर सकते है,

स्थान– रीवा एवं सतना दिनांक – 02/09/2026

प्राधिकृत अधिकारी, श्रीराम फाईनेंस लिमिटेड


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### शिवपुरी में रहस्यमयी.....

मनाने गए थे। वहाँ सभी ने झरने के पानी में जमकर स्नान किया और साथ में खाना भी खाया था। वहां से लौटने के बाद एक-एक कर सभी बच्चों को तेज बुखार, पेट में असहनीय दर्द, लगातार उल्टी और दस्त (डायरिया) की शिकायत शुरू हो गई। अस्पताल में इलाज के दौरान बच्चों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ और उनके शरीर के आंतरिक अंगों ने धीरे-धीरे काम करना बंद कर दिया, जिसके कारण उनकी जान चली गई। इस सामूहिक मौत के बाद पूरे शिवपुरी स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। सीएमएचओ (ष्टरूाह्र) और डॉक्टरों की विशेष टीमों ने पीड़ित परिवार के घर और सईसपुरा इलाके का दौरा किया है. शुरुआती जांच में हैरान करने वाली बात यह रही कि बच्चों की मलेरिया, डेंगू और कोविड-19 जैसी सभी गंभीर संक्रामक जांच रिपोर्ट पूरी तरह निगेटिव आई हैं।

इलाके में डेंगू का कोई लार्वा भी नहीं मिला है। चूंकि बच्चों के शवों का पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सका था, इसलिए मौत की बिल्कुल सटीक वैज्ञानिक वजह सामने आने में थोड़ी तकनीकी अड़चन आ रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने परिवार के अन्य सदस्यों और आसपास के बच्चों के ब्लड व वॉटर सैंपल्स कलेक्ट किए हैं और पूरे क्षेत्र को विशेष चिकित्सा निगरानी पर रख दिया है। स्थानीय ग्रामीणों और जांच टीम को आशंका है कि गोराटीला झरने के आसपास के खेतों में जो जहरीले कीटनाशक छिड़के गए थे, वे भारी बारिश के कारण बहकर झरने के पानी में मिल गए होंगे। इसी प्रदूषित पानी में नहाने या गलती से इसे पी लेने के कारण बच्चों के शरीर में घातक टॉक्सिक इन्फेक्शन फैल गया।

देशबन्धु

सतना, गुरूवार, 03 सितम्बर 2026

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# पत्रकारों पर नया हमला

पश्चिम बंगाल के प्रमुख बंगाली समाचार पत्र आनंदबाजार पत्रिका इस समय भाजपा और शुभेन्दु अधिकारी सरकार के निशाने पर आ गया है। मंगलवार को अखबार के दफ्तर के बाहर भगवा रंग के कपड़े पहने कुछ गुंडों ने दीवार को भगवा रंग पोत दिया और यह सब जब हो रहा था तो कोलकाता पुलिस वहीं मौजूद थी। घटना के जो वीडियो सामने आए हैं, उसमें यह गुंडागर्दी साफ तौर पर दिखाई दे रही है। इस पर तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष ने लिखा है कि बंगाल अंधकार युग में चला गया है। वाकई जो माहौल इस समय बंगाल में बना दिया गया है, वह किसी अंधेरे से कम नहीं है।

मई में चुनाव जीतने के बाद से भाजपा एकदम मदांध होकर व्यवहार कर रही है। टीएमसी नेताओं को तो लगातार निशाना बनाया ही जा रहा है, इसके अलावा हर उस आवाज को कुचलने की कोशिश हो रही है जो भाजपा सरकार के विरोध में उठे।

20 अगस्त को ही शुभेन्दु अधिकारी ने जादवपुर यूनिवर्सिटी में लाल सलाम किशनजी के नारे दीवारों पर लिखे होने का विरोध करते हुए कहा कि नारों के साथ बहुत कुछ मिटा देंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आजादी के नारे लगाने वाले तत्वों को 'घर के कचरे की तरह साफ' कर देना चाहिए। शुभेन्दु अधिकारी के बयान के बाद ही यूनिवर्सिटी की दीवारों पर रंगाई-पुताई होने लगी और प्रशासन ने कहा कि यह सफाई करने के लिए हो रहा है। जबकि माकपा और एसएफआई जैसे संगठनों का कहना है कि यह असहमति की आवाज दबाने की कोशिश है। ध्यान देने वाली बात यह है कि यह कोशिश केवल यूनिवर्सिटी तक सीमित नहीं रही, बल्कि स्वतंत्र पत्रकारिता को कुचलने तक पहुंच चुकी है।

जादवपुर यूनिवर्सिटी में फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी स्टूडेंट्स यूनियन और एबीवीपी के बीच हुई झड़पों पर आनंद बाजार पत्रिका ने भगवा गुंडागर्दी शीर्षक से खबर प्रकाशित की। इस शीर्षक पर आपत्ति जताते हुए अखबार के संपादकीय विभाग के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

द हिंदू की रिपोर्ट के अनुसार 27 अगस्त को शास्त्री महाराज नामक व्यक्ति ने कोलकाता में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि 'भगवा गुंडागर्दी' शब्द का इस्तेमाल जानबूझ कर हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और समाज में अशांति फैलाने के उद्देश्य से किया गया। इसके आधार पर 28 अगस्त को पुलिस ने आनंदबाजार पत्रिका के संपादकीय विभाग के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली।

एफआईआर में आनंदबाजार पत्रिका की संपादक ईशानी दत्ता रॉय, चीफ रिपोर्टर सोमा मुखर्जी और संपादकीय टीम के अन्य सदस्यों के नाम शामिल किए गए हैं। शिकायत में मांग की गई है कि पुलिस यह जांच करे कि विवादित शब्द का सुझाव किसने दिया, शीर्षक किसने मंजूर किया और संपादन प्रक्रिया में कौन-कौन शामिल था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इन लोगों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से यह शब्द इस्तेमाल किया। इसके बाद भगवा कपड़े पहने कई लोग मंगलवार दोपहर आनंदबाजार पत्रिका के कार्यालय के बाहर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने 'आनंदबाजार पत्रिका हाय-हाय' और 'भगवा का अपमान हिंदुस्तान नहीं सहेगा' जैसे नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने अखबार दफ्तर की दीवारों पर भगवा रंग पोत दिया। हालांकि कुछ घंटों बाद अखबार प्रबंधन ने दीवारों को दोबारा सफेद रंग से रंगवा दिया। हालांकि पुलिस ने इस घटना को लेकर अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। यह भी साफ़ नहीं है कि दीवारों पर रंग पोतने वाले लोगों के खिलाफ कोई मामला दर्ज किया गया है या नहीं।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने भी आनंदबाजार पत्रिका से 24 घंटे के भीतर 'भगवा गुंडागर्दी' शीर्षक के लिए माफी मांगने को कहा था। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि अखबार माफी नहीं मांगता तो भगवा पहनने वाले लोग विरोध प्रदर्शन करेंगे। हालांकि अखबार ने माफी जारी नहीं की। इसके बाद कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन हुआ। एक ही घटना की ये सारी कड़ियां आपस में जिस तरह जुड़ रही हैं, उससे जाहिर है कि सत्ता के समर्थन के बिना अखबार के दफ्तर पर पहुंच कर गुंडागर्दी करने और पत्रकारों के खिलाफ एफआईआर नहीं किया गया है। बहरहाल यह मामला बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट भी पहुंचा, जहां पत्रकारों की तरफ से उपस्थित हुए सीनियर एडवोकेट एस.एन. मुखर्जी ने अदालत से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कहा कि अखबार में भगवा गुंडागिरी शब्द के इस्तेमाल के बाद पत्रकारों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज किए गए और उन्हें तत्काल राहत की जरूरत है। लेकिन जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की अदालत ने मामले की तत्काल सुनवाई के लिए विशेष रूप से तारीख तय करने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि पहले एफआईआर रद्द करने की याचिका दाखिल की जाए। अब देखना होगा कि आगे इस मामले में अदालत का क्या फैसला रहता है।

इधर पत्रकार संगठनों ने भी घटना की कड़ी निंदा करते हुए एफआईआर तुरंत वापस लेने की मांग की है। इंडियन विमेंस प्रेस कॉर्प्स और प्रेस एसोसिएशन ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि पत्रकारों का काम तथ्यों को सामने लाना है। कई बार रिपोर्टिंग या इस्तेमाल किए गए शब्द कुछ लोगों को पसंद नहीं आते, लेकिन यही स्वतंत्र पत्रकारिता और लोकतंत्र की बुनियाद है।

प्रेस संगठनों ने शिकायत में यह मांग किए जाने पर भी आपत्ति जताई कि विवादित शब्द का सुझाव किसने दिया, उसे किसने मंजूर किया और शीर्षक तय करने में कौन-कौन शामिल था। उनका कहना है कि इस तरह संपादकीय प्रक्रिया में शामिल पत्रकारों और संपादकों की पहचान मांगना सीधे तौर पर पत्रकारों को निशाना बनाने जैसा है। संगठनों ने इसे स्वतंत्र पत्रकारिता पर दबाव बनाने की कोशिश बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता का संरक्षण जरूरी है, न कि उसे कानूनी कार्रवाई के जरिए दबाने की कोशिश।

लेकिन प्रेस संगठनों को भी अब बदले हालात पर गौर करना होगा कि नैतिकता का हवाला देकर अगर लोकतंत्र मजबूत बनाया जा सकता तो आज ऐसी नौबत ही नहीं आती। हाल ही में राजदीप सरदेसाई को दिमागी नक्सल भाजपा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बताया था। उसके चंद दिनों बाद अब पत्रकारों पर एफआईआर हो रही है। पिछले 12 सालों में ऐसे सैकड़ों मामले हो चुके हैं जिससे भारत की प्रेस स्वतंत्रता बाधित हुई है। तो पत्रकारों को भी अब नजर और नजरिए का फर्क समझ कर जुबानी जमाखर्च से आगे बढ़कर मजबूत एकता दिखानी होगी।

# छवियों में कैद मोदी विदेश नीति

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में शामिल होने पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी के बयानों और व्यवहार को लेकर फिर सुर्खियां बन रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बनाई विदेश नीति में कैमरे में कैद छवियों को अहम बना दिया है। अब तक देश में जितने भी प्रधानमंत्री हुए, सबकी विदेश यात्राओं में इस बात पर ध्यान दिया जाता था कि भारत के हित में कौन से समझौते हुए, वैश्विक मंच पर उसकी स्थिति मजबूत करने के लिए किन देशों के साथ उसके मैत्री संबंध प्रगाढ़ हुए हैं, गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत को इन संबंधों में कितनी तरजीह दी जा रही है। लेकिन अब ऐसे सारे सवाल उठते ही नहीं। बेशक व्यापार और रक्षा समझौतों की बात होती है, लेकिन उसके अलावा खबरों में यही दिखाया जाता है कि नरेन्द्र मोदी ने किस देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री से हाथ मिलाया, गले मिले, किसके साथ एक कार में सफर किया, कौन से उपहार दिए या लिए और हां इन सबसे पहले यह बताया जाता है कि कौन से देश ने प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च सम्मान दिया। गोया, यह भारत के प्रधानमंत्री की नहीं, नरेन्द्र मोदी की विशेष उपलब्धि हो।

बहरहाल, बिश्केक में भी नरेन्द्र मोदी के अन्य नेताओं के साथ मिलने और बात करने की तस्वीरें, वीडियो आते रहे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ नरेन्द्र मोदी ने एक कार में सफर किया, उसकी तस्वीरें सामने आईं। फिर एक वीडियो आया जिसमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन साथ आते हैं और सामने से नरेन्द्र मोदी जिनपिंग से हाथ मिलाते हैं और उसी समय दूसरे हाथ से पुतिन का हाथ भी थामते हैं। विश्व की दो महाशक्तियों के साथ एक हाथ मिलाते नरेन्द्र मोदी काफी शक्तिशाली प्रधानमंत्री लग सकते हैं। लेकिन ये शक्ति तब भी नजर आनी चाहिए जब अरुणाचल प्रदेश समेत कई हिस्सों में चीन अपनी घुसपैठ करता है या फिर पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मदद करता है। एक समूह चित्र खिंचवाने से पहले का भी वीडियो आया, जिसमें नरेन्द्र मोदी पुतिन से हाथ मिलाते हुए आगे बढ़ते हैं, उन्हें लगता है कि पुतिन उनके साथ खड़े रहेंगे, लेकिन पुतिन उन्हें दूसरी तरफ कर खुद लगभग केंद्र में आ जाते हैं, फिर उनके बगल में आकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को खड़ा कर दिया जाता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री किस तरह पुतिन के बाजू में खड़े किए गए और नरेन्द्र मोदी लगभग किनारे क्यों खड़े किए गए, यह क्रम किस आधार पर तय हुआ, यह विदेश मंत्रालय ही बेहतर बता सकेगा। हालांकि इस समूह चित्र को जब पाकिस्तान प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर शेयर किया तो इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटा दिया और लिखा 'प्रधानमंत्री मोहम्मद शहबाज शरीफ 1 सितंबर 2026 को किर्गिस्तान के बिश्केक में एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ स्टेट समिट में राष्ट्राध्यक्षों के साथ एक ग्रुप फोटो में।' फिर शाहबाज शरीफ ने पूरी निर्लज्जता के साथ अपने एक्स हैंडल पर उसी फोटो को शेयर किया है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने इस तस्वीर को वैसे ही शेयर किया, जैसे वह खींची गई थी। मोदी के हैंडल से शेयर हुई फोटो में शाहबाज शरीफ भी हैं। अच्छा है कि भारत ऐसे ओछेपन से अब तक बचा हुआ है। क्योंकि पाकिस्तान की सरकार लगातार इसी तरह का ओछापन दिखाती रही है और अब मक्का रक्षा समझौते के बाद उसके ऐसे दुस्साहस कुछ और बढ़ सकते हैं, क्योंकि इसमें शुरुआती तीन सालों के लिए जिम्मेदारी पाकिस्तानी के सैन्य प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को ही मिली है।

> हर संगठन अपनी स्थापना को लेकर नेक इरादे ही प्रकट करता है, लेकिन उसका विस्तार या प्रभाव दिखाना होता है, तो फिर उसमें उन देशों को निशाने पर लिया जाता है, जिनसे हित टकराते हैं। यूक्रेन और रूस के बीच पिछले चार सालों से चल रही जंग इसका उदाहरण है। नाटो देश यूक्रेन को अपने प्रभाव में लेना चाहते हैं।

गौरतलब है कि नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन (नाटो) की तर्ज पर सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान के बीच 7 अगस्त 2026 को एक त्रिपक्षीय सामूहिक रक्षा समझौता हस्ताक्षरित किया गया है। इस समझौते के तहत यदि किसी एक देश पर बाहरी हमला होता है, तो उसे तीनों देशों पर हमला माना जाएगा (जो नाटो के आर्टिकल-5 की तरह है)। इसे 'इस्लामिक नाटो' भी कहा जा रहा है। इस समझौते का दायरा बढ़ाए जाने की संभावना है और संभव है कि निकट भविष्य में बांग्लादेश भी इसका सदस्य बन जाए। तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने दावा किया है कि मक्का समझौता किसी भी देश के खिलाफ नहीं है। इस समझौते से क्षेत्रीय स्थिरता में वृद्धि होगी और अनिश्चितता में कमी आएगी।

हर संगठन अपनी स्थापना को लेकर नेक इरादे ही प्रकट करता है, लेकिन उसका विस्तार या प्रभाव दिखाना होता है, तो फिर उसमें उन देशों को निशाने पर लिया जाता है, जिनसे हित टकराते हैं। यूक्रेन और रूस के बीच पिछले चार सालों से चल रही जंग इसका उदाहरण है। नाटो देश यूक्रेन को अपने प्रभाव में लेना चाहते हैं। यूक्रेन भी नाटो का सदस्य होना चाहता है, लेकिन रूस इसका विरोध कर रहा है, क्योंकि वह जानता है कि एक बार नाटो का प्रभाव उसकी सीमाओं तक आ गया तो फिर शीतयुद्ध के दौर जैसे हालात बन जाएंगे। यूक्रेन जिस तरह बार-बार अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देशों से सहानुभूति बटोरते हुए युद्ध में टिके रहने के लिए उनसे सामरिक मदद मांग रहा है, यह इस बात का उदाहरण है कि रूस केवल यूक्रेन से नहीं लड़ रहा, पर्दे के पीछे नाटो की शक्ति भी काम कर रही है। इस मिसाल को देखते हुए मक्का समझौते के बाद भारत को विशेष तौर पर सचेत रहने की जरूरत है। क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के वक्त ही हमने देखा है कि कैसे अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच दखलंदाजी की और पाकिस्तान ने इसका स्वागत किया। अब क्षेत्रीय स्थिरता और शांति के नाम पर अगर पाकिस्तान फिर किसी अनावश्यक संघर्ष को बढ़ाएगा तब भारत केवल पाकिस्तान से मुकाबला नहीं करेगा, हो सकता है पीछे से सऊदी अरब और तुर्की भी साथ रहें। भारत के लिए विदेश नीति की चुनौतियां अब पहले से कहीं अधिक बढ़ चुकी हैं, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी से उम्मीद की जाती है कि वे फोटो-वीडियो, हाथ मिलाने-गले मिलने पर ध्यान देने की जगह इन चुनौतियों की जटिलताओं को समझें। अभी बिश्केक में नरेंद्र मोदी ने व्लादिमीर पुतिन से अपील की कि वे यूक्रेन के ख़िलाफ़ रूस के युद्ध को ख़त्म करने की दिशा में कदम बढ़ाएं। मोदी ने एंडलेस वॉर की जगह वॉर के एंड पर जोर दिया। ऐसी लफ्फाजी से बेहतर है कि वे ठोस तथ्यों पर बात करें। यह सही है कि चार सालों से युद्ध चल रहा है, लेकिन उसे मोदी क्यों एंडलेस यानी अंतहीन बता रहे हैं। इसका मतलब वे रूस पर दोषारोपण कर रहे हैं कि वह युद्ध खत्म नहीं कर रहा। इससे पहले भी मोदी पुतिन से कई बार इसी तरह की अपील कर चुके हैं, हालांकि उसका कोई नतीजा नहीं निकला। बल्कि 2024 में जब मोदी यूक्रेन गए और वहां जेलेंस्की से मुलाकात की, तो इसके करीब ढाई महीने बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल को रूस में पुतिन के सामने बैठकर इस मुलाकात पर सफाई पेश करनी पड़ी थी।

भारत वैश्विक शांति का हमेशा से पक्षधर रहा है। प.नेहरू ने गुटनिरपेक्ष और पंचशील का सिद्धांत शांति के मद्देनजर ही दिया था। लेकिन खुद मोदी सरकार ने विदेश नीति में गुटनिरपेक्षता को गौण बना दिया है, यह जाहिर है। इसलिए अगर मोदी पुतिन को युद्ध खत्म करने कह सकते हैं, तो यही रवैया उन्हें इजरायल और अमेरिका के साथ भी अपनाना चाहिए। फिलीस्तीन पर नरेन्द्र मोदी सरकार ने न केवल चुप्पी बरती बल्कि मोदी इजरायल जाकर बेंजामिन नेतन्याहू से मिले, उनसे सम्मान ग्रहण किया, आतंकवाद के खात्मे की बात की, तो यह सब गज़ा में चल रहे नरसंहार को समर्थन जैसा ही है। क्योंकि इजरायल के लिए आतंकवाद का दूसरा नाम हमास है। इसके बाद ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले में भी मोदी ने प्रतिक्रिया देने में न केवल देर की, बल्कि इस तरह प्रतिक्रिया दी कि कहीं से इजरायल और अमेरिका की हरकत का विरोध नजर नहीं आया। अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या के बावजूद नरेन्द्र मोदी ने अफसोस जाहिर नहीं किया। तो रूस से अगर मोदी कह रहे हैं कि यूक्रेन के साथ युद्ध को खत्म किया जाए, तो यही बात उन्हें खुल कर इजरायल और अमेरिका को भी कहनी होगी। वैश्विक मंच पर भारत का इकबाल इसी तरह नजर आएगा।

# बच्चों की डिजिटल दुनिया कितनी सुरक्षित

■ राजु कुमार

भारत में बच्चों की दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। पढ़ाई, मनोरंजन और दोस्तों से बातचीत से लेकर अपनी बात कहने तक इंटरनेट अब बच्चों के रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बन चुका है। लेकिन इंटरनेट पर बच्चों की बढ़ती मौजूदगी के साथ उनके सामने खतरे भी बढ़े हैं। साइबर बुलिंग, ऑनलाइन ग्रूमिंग, ब्लैकमेलिंग, तस्वीरों के दुरुपयोग, निजता के उल्लंघन और ऑनलाइन यौन शोषण जैसे अपराध बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन रहे हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़ों के क्राइ द्वारा किए गए विश्लेषण के अनुसार, 2017 से 2024 के बीच बच्चों के खिलाफ दर्ज साइबर अपराधों में करीब 20 गुना बढ़ोतरी हुई है। इसी अवधि में बाल यौन शोषण सामग्री से जुड़े अपराधों में 157 गुना वृद्धि दर्ज की गई। यद्यपि 2023 के उच्चतम स्तर की तुलना में 2024 में बच्चों के खिलाफ दर्ज साइबर अपराधों में करीब आठ प्रतिशत की कमी आई है।

भारत में 18 साल से कम उम्र के करीब 11.3 करोड़ बच्चे इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं और देश के कुल इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में उनकी हिस्सेदारी करीब 14 प्रतिशत है। वहीं, नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकानॉमिक रिसर्च की 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, 13 से 16 वर्ष की उम्र के 65.3 प्रतिशत बच्चों की मोबाइल तक पहुंच है, 37.8 प्रतिशत इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं और 21.3 प्रतिशत सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। महानगरों में 73.1 प्रतिशत बच्चों की मोबाइल तक पहुंच है और 49.3 प्रतिशत इंटरनेट इस्तेमाल करते हैं, जबकि कम विकसित गांवों में ये आंकड़े क्रमश: 64.2 और 33.3 प्रतिशत हैं।

> बच्चों को सुरक्षित रखने का समाधान न तो उन्हें डिजिटल दुनिया से पूरी तरह दूर करने में है और न ही सारी जिम्मेदारी बच्चों और उनके माता-पिता पर डाल देने में। इंटरनेट अब शिक्षा, सूचना, रचनात्मकता और सामाजिक भागीदारी का महत्वपूर्ण माध्यम है। जरूरत ऐसी व्यवस्था की है जिसमें सरकार स्पष्ट और प्रभावी नियम बनाए, तकनीकी कंपनियां अपने ऑनलाइन मंचों को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने की जिम्मेदारी लें।

ऑनलाइन अपराधों के बढ़ते मामलों के बीच दुनिया के कई देशों ने बच्चों की डिजिटल सुरक्षा के लिए ऑनलाइन मंचों की जिम्मेदारी तय करने के सख्त कदम उठाए हैं। ऑस्ट्रेलिया में दिसंबर 2025 से प्रमुख सोशल मीडिया मंचों के लिए 16 साल से कम उम्र के बच्चों को खाता बनाने या रखने से रोकने के लिए उचित कदम उठाना कानूनी जिम्मेदारी बन गया है। इसकी जिम्मेदारी बच्चे या माता-पिता के बजाय ऑनलाइन मंचों पर डाली गई है।

ब्रिटेन के ऑनलाइन सुरक्षा अधिनियम में ऑनलाइन सेवाओं के लिए बच्चों के सामने मौजूद जोखिमों का आकलन और उनसे बचाव के उपाय जरूरी किए गए हैं। नुकसानदेह सामग्री तक बच्चों की पहुंच रोकने के लिए उम्र सत्यापन के उपाय भी किए गए हैं। इसी तरह यूरोपीय संघ के डिजिटल सेवा अधिनियम में बच्चों की निजता और सुरक्षा के लिए ऑनलाइन मंचों की जवाबदेही तय की गई है, जिसमें बच्चों के खातों को सामान्य रूप से निजी रखने और हानिकारक सामग्री की सिफारिश करने वाली स्वचालित प्रणालियों पर नियंत्रण जैसे उपाय शामिल हैं।

भारत में भी बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के लिए कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67बी बच्चों से जुड़ी यौन सामग्री के इलेक्ट्रॉनिक प्रकाशन या प्रसारण सहित कई गतिविधियों को दंडनीय बनाती है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता नियम, 2021 ऑनलाइन मंचों पर कुछ जिम्मेदारियां डालते हैं। डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 में बच्चों के व्यक्तिगत डेटा की विशेष सुरक्षा के साथ उनकी ऑनलाइन गतिविधियों और व्यवहार की निगरानी तथा उन्हें लक्षित कर विज्ञापन दिखाने पर रोक का प्रावधान है। हालांकि इसके प्रमुख प्रावधान अभी पूरी तरह प्रभावी नहीं हुए हैं और बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर व्यापक व्यवस्था अभी विकसित हो रही है।

कानून और तकनीकी उपाय जरूरी हैं, लेकिन बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा का सवाल केवल उम्र सत्यापन या किसी वेबसाइट को रोकने तक सीमित नहीं है। बच्चे इंटरनेट पर किससे बात कर रहे हैं, क्या साझा कर रहे हैं, किन संपर्क सूत्रों पर जा रहे हैं और परेशानी होने पर किससे मदद मांग सकते हैं, इसकी समझ भी उतनी ही जरूरी है। कई बार बच्चे किसी गलत ऑनलाइन अनुभव की जानकारी इसलिए नहीं देते क्योंकि उन्हें डर रहता है कि परिवार उन्हें ही दोषी ठहराएगा, उनका फोन छीन लिया जाएगा या उनकी बात पर विश्वास नहीं किया जाएगा। ऐसे में परिवारों और स्कूलों के सामने चुनौती निगरानी बढ़ाने के साथ ऐसा भरोसेमंद माहौल बनाने की भी है, जिसमें बच्चा किसी परेशानी के बारे में बिना डर के बता सके।

इन्हीं परिस्थितियों में बच्चों के मुद्दे पर कार्यरत चाइल्ड राइट्स एंड यू यानी क्राई ने बच्चों के लिए सुरक्षित डिजिटल स्पेस बनाने के लिए देशव्यापी 'टिंग टोंग' अभियान की शुरुआत की है। अभियान का मूल संदेश ऑनलाइन कुछ भी करने से पहले एक पल रुक कर सोचने की आदत विकसित करना है। क्राई की मुख्य कार्यकारी अधिकारी पूजा मारवाह ने कहा, 'आज बच्चे दो दुनियाओं में बड़े हो रहे हैं—एक भौतिक दुनिया और दूसरी डिजिटल दुनिया। जिस तरह हम अपने घरों, स्कूलों और आस-पड़ोस को सुरक्षित बनाने के लिए काम करते हैं, उसी तरह हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि बच्चे जिस डिजिटल स्पेस का हिस्सा हैं, वह सुरक्षित, समावेशी हो और उनके अधिकारों का सम्मान करता हो। ऑनलाइन सुरक्षा अब केवल तकनीक का मुद्दा नहीं रह गया है; यह मूलरूप से बाल सुरक्षा का मुद्दा है। इस अभियान के जरिए हम चाहते हैं कि हम सभी अपने व्यवहार में एक छोटा लेकिन बेहद महत्वपूर्ण बदलाव लाएं। ऑनलाइन कुछ भी क्लिक करने, किसी पर भरोसा करने, कुछ शेयर करने या पोस्ट करने से पहले बस एक पल रुकना बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है।'

दरअसल, बच्चों को सुरक्षित रखने का समाधान न तो उन्हें डिजिटल दुनिया से पूरी तरह दूर करने में है और न ही सारी जिम्मेदारी बच्चों और उनके माता-पिता पर डाल देने में। इंटरनेट अब शिक्षा, सूचना, रचनात्मकता और सामाजिक भागीदारी का महत्वपूर्ण माध्यम है। जरूरत ऐसी व्यवस्था की है जिसमें सरकार स्पष्ट और प्रभावी नियम बनाए, तकनीकी कंपनियां अपने ऑनलाइन मंचों को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने की जिम्मेदारी लें, स्कूल डिजिटल सुरक्षा को बच्चों की शिक्षा का हिस्सा बनाएं और परिवार बच्चों के साथ लगातार संवाद बनाए रखें। बच्चों को इंटरनेट इस्तेमाल करने की आजादी और डिजिटल दुनिया के खतरों से सुरक्षा—दोनों को साथ लेकर चलना ही आने वाले समय की बड़ी बाल अधिकार चुनौती है।

## आपके पत्र

### मक्का समझौते से बदलता पश्चिम एशिया का सुरक्षा समीकरण

पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया की राजनीति में इन दिनों एक नया सुरक्षा समीकरण आकार लेता दिखाई दे रहा है। तुर्किये, पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए मक्का संयुक्त रक्षा समझौते के बाद इस्तांबुल में हुई पहली रणनीतिक बैठक ने इस समझौते को महज कूटनीतिक घोषणा से आगे ले जाने के संकेत दिए हैं। तीनों देशों के विदेश एवं रक्षा नेतृत्व और सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में हुई चर्चा से साफ है कि अब इस गठजोड़ की संस्थागत संरचना, सैन्य सहयोग और दीर्घकालिक भूमिका को लेकर गंभीरता से काम शुरू हो चुका है। इसका असर केवल इन तीन देशों तक सीमित रहने वाला नहीं है, बल्कि आने वाले समय में खाड़ी, दक्षिण एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र की रणनीतिक तस्वीर पर भी पड़ सकता है।

मक्का समझौते का सबसे महत्वपूर्ण पहलू सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा है। इसके तहत किसी एक सदस्य पर होने वाले हमले को व्यापक रूप से साझा सुरक्षा चुनौती के रूप में देखा जाएगा। ऐसी व्यवस्था किसी पारंपरिक सैन्य गठबंधन की दिशा में पहला कदम हो सकती है, हालांकि इसे अभी औपचारिक रूप से किसी मौजूदा सैन्य संगठन के समकक्ष मानना जल्दबाजी होगी। इसकी वास्तविक ताकत इस बात से तय होगी कि सदस्य देश संकट की स्थिति में एक-दूसरे के लिए किस स्तर तक सैन्य, खुफिया और राजनीतिक सहयोग उपलब्ध कराते हैं।

इस्तांबुल की बैठक ने इस समझौते के व्यावहारिक पक्ष को भी सामने रखा है। संयुक्त सैन्य अभ्यास, सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय, रक्षा अनुसंधान और हथियारों के उत्पादन में सहयोग जैसे विषय बताते हैं कि गठजोड़ केवल राजनीतिक एकजुटता तक सीमित रखने की योजना नहीं है। यदि तीनों देश रक्षा तकनीक, उत्पादन क्षमता और सैन्य प्रशिक्षण में सहयोग बढ़ाते हैं तो इससे उनकी सामूहिक सामरिक क्षमता में इजाफा हो सकता है। खासतौर पर तुर्किये की तेजी से विकसित होती रक्षा तकनीक, पाकिस्तान का सैन्य अनुभव और सऊदी अरब की आर्थिक क्षमता इस समीकरण को अलग स्वरूप दे सकती है।

इस गठजोड़ की एक और महत्वपूर्ण विशेषता इसका संभावित विस्तार है। यदि भविष्य में दूसरे मुस्लिम बहुल देश इसमें शामिल होते हैं तो इसका भौगोलिक और राजनीतिक प्रभाव काफी बढ़ सकता है। बांग्लादेश की ओर से इसमें शामिल होने को लेकर फिलहाल किसी बड़े जोखिम की संभावना से इनकार किया जाना इस चर्चा को और महत्वपूर्ण बनाता है। वहीं कतर, कुवैत और बहरीन जैसे खाड़ी देशों का नाम भी संभावित विस्तार के संदर्भ में सामने आ रहा है। हालांकि इन देशों के निर्णय केवल धार्मिक या राजनीतिक निकटता पर निर्भर नहीं होंगे। उन्हें अमेरिका, चीन, भारत और अन्य प्रमुख शक्तियों के साथ अपने मौजूदा रणनीतिक संबंधों को भी ध्यान में रखना होगा। यही वह बिंदु है जहां इस पूरे घटनाक्रम का भारत के लिए महत्व बढ़ जाता है।

-कांतिलाल मांडोत, सूरत



## ललित सुरजन की कलम से

### देशबन्धु : चौथा खंभा बनने से इंकार- 8

*'छत्तीसगढ़ में शुक्ल बंधुओं के वर्चस्व के कारण अनेक कांग्रेसजन घुटन महसूस करते थे, उन्हें पार्टी में अपने लिए संभावनाएं नजर नहीं आती थी। ऐसे अनेक लोग स्वाभाविक तौर पर सेठीजी के साथ जुड़ गए थे। मैं इनमें से प्रमुख रूप से रायपुर के अमरचंद बैद का नाम लेना चाहूंगा। वे प्रगतिशील विचारों वाले प्रबुद्ध व्यापारी थे और हमेशा लोगों की मदद के लिए तैयार रहते थे। अमरचंद जी अच्छी किताबें खरीदते व पढ़ते थे। उन्होंने निजी लाइब्रेरी बना रखी थी। सेठीजी के कार्यकाल में उनका काफी दबदबा हो गया था। लेकिन अपनी हैसियत का उन्होंने दुरुपयोग किया हो, ऐसा कोई प्रकरण प्रकाश में नहीं आया। सेठीजी को गुस्सा बहुत जल्दी आता था। ऐसा कहा जाता है कि वे नर्वस ब्रेकडाउन के मरीज थे और बीच-बीच में अपना मानसिक संतुलन खो बैठते थे। इसे लेकर कई किस्से प्रचलित हुए। जितना सच था, उससे ज्यादा उनके विरोधियों द्वारा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने जो भी निर्णय लिए, उनमें ऐसी कोई बात नहीं दिखी। मुख्यमंत्री पद संभालने के कुछ दिन बाद रायपुर प्रवास के दौरान उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केसी बाजपेयी को खड़े-खड़े सस्पेंड कर दिया था, जिसे लेकर उनकी आलोचना हुई थी। इस तरह के कुछ और अन्य प्रसंग भी रहे होंगे। इन प्रसंगों को एक लंबी पारी में अपवाद ही मानना चाहिए। मुझे उनका एक अलग तरह का प्रसंग याद आता है। शायद खंडवा में लोकसभा उपचुनाव होना था। इसके लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ के राइस किंग कहे जाने वाले नेमीचंद श्रीश्रीमाल से आर्थिक सहयोग की अपेक्षा की थी। नेमीचंद जी शुक्ल गुट के थे, सो उन्होंने सेठीजी के संदेश की उपेक्षा कर दी। इसके कुछ समय बाद सेठीजी का महासमुंद दौरा हुआ। नेमीचंद जी ने उन्हें भोजन पर आमंत्रित किया जिसे सेठीजी ने ठुकरा दिया। कुछ देर बाद वे वापसी के लिए हेलीकाप्टर में बैठे और उड़ने के पहले ही अपना टिफिन खोला और भोजन आरंभ कर दिया। हैलीपेड पर उपस्थित लोगों को जो संदेश जाना था, वो चला गया।'*

**(देशबन्धु में 30 जुलाई 2020 को प्रकाशित)**

**https://lalitsurjan.blogspot.com/2020/07/8.html**

## पावन प्रसंग

### जीवन में समायोजन

जीवन में सफलता के माने एकाकी व्यक्तिगत उपलब्धियों तक सीमित नहीं हैं। जीवन का दायरा बहुत व्यापक है, जिसमें पारिवारिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक पक्ष भी समाहित हैं, जिनके उचित प्रबंधन के साथ ही व्यक्ति की समग्र सफलता तय होती है। इस संदर्भ में दूरगामी सफलता के लिए महत्वपूर्ण कौशल है- समायोजन क्षमता, जिस पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। समायोजन का अभिप्राय है स्वयं को सामूहिक परिवेश में ढालना, परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को बदलना, जिससे उस परिवेश में बिना टकराव के जीवनयापन किया जा सके और अभीष्ट लक्ष्य की ओर निर्बाध रूप से अग्रसर हुआ जा सके। अत: समायोजन लचक, स्वीकृति, सामंजस्य एवं समस्या समाधान की प्रक्रिया है, एक साथ शांति, सौहार्द्र एवं तालमेल के साथ रहने व कार्य करने की क्षमता है।

किसी भी संबंध को लंबे समय तक चलाने के लिए, इसे अनुकूल बनाने की क्षमता का होना आवश्यक होता है। समायोजन के आधार पर ही व्यक्ति अपनी व साथी-सहचर की आवश्यकताओं के मध्य संतुलन बिठा पाता है, परिस्थितियों के अनुरूप ढलता है और व्यवहार में लचीलापन अपनाते हुए संघर्षपूर्ण परिस्थिति से बाहर निकलता है।

समायोजन में मुख्यत: तीन बातें आती हैं-1. सकारात्मक दृष्टिकोण 2. भावनात्मक बुद्धिमत्ता एवं वाक्-व्यवहार कौशल। इन्हीं के आधार पर आपसी संबंधों का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित होता है। यदि दृष्टिकोण सकारात्मक है, तो व्यक्ति भावनात्मक रूप से स्थिर होगा व साथी-सहचर की कमियों व भिन्नता को सहज रूप से स्वीकार कर पाएगा।

व्यक्ति में भावनात्मक बुद्धिमत्ता है तो दूसरे पक्ष की भावनाओं को समझते हुए बेहतरीन तालमेल बिठाएगा और व्यवहार कौशल के आधार पर आपसी मतभेदों को सुलझाते हुए वृहद लक्ष्य की ओर आगे बढ़ेगा। समायोजन की आवश्यकता परिवार, विद्यालय-महाविद्यालय, कार्यालय या बाहरी किसी अभियान में टीम का हिस्सा बनने पर समायोजन क्षमता ही बड़े प्रोजेक्ट या अभियान की मंजिल तक पहुंचाने में सहायक बनती है। यह आपसी भिन्नता, विचार वैषम्य के बावजूद, बिना अपने मूल्यों से समझौता किए अपने सामूहिक लक्ष्य की प्राप्ति संभव बनाती है।

स्वस्थ रिश्तों को सुनिश्चित करने के लिए समायोजन क्षमता आवश्यक हो जाती है। परस्पर सहानुभूति, लचीलेपन और संवेदी संवाद को अपनाते हुए व्यक्ति आपसी संघर्षों से निपटता है, आत्मविस्तार करता है और रिश्तों को विश्वास एवं सम्मान के आधार पर सुदृढ़ करते हुए चुनौतियों का सृजनात्मक समाधान उपलब्ध करता है।

समायोजन के महत्व से आपसी रिश्ते मधुर व मजबूत बनते हैं। परस्पर सम्मान का भाव विकसित होता है और संबंध लंबे समय तक टिकाऊ बनते हैं।

-अखंड ज्योति

# लगातार बढ़ते मंदाकिनी के जलस्तर से चित्रकूट में बाढ़ का खतरा बढ़ा

## अगले 24 घंटे भारी बारिश की चेतावनी, कलेक्टर-एसपी ने मौके पर रहकर राहत, पुनर्वास, स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई कार्यों की निगरानी की

**सतना, देशबन्धु।** विगत रात्रि से अनवतर हो रही वर्षा के फलस्वरूप मंदाकिनी नदी का जलस्तर प्रातः 7 बजे 126 मीटर रिकार्ड किया गया था। वह अपरान्ह 3.30 बजे तक बढकर 129.15 मीटर तक पहुंच गया है। शाम 5 बजे की स्थिति में मंदाकिनी नदी का जल स्तर 129 मीटर पर स्थिर रिकार्ड किया गया है। चित्रकूट के शहरी क्षेत्रों में बाढ का पानी उतरने से जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित नागरिकों को राहत एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ साफ-सफाई, जल निकासी, स्वास्थ्य जांच, पेयजल शुद्धिकरण और पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता से कराया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी विगत चार दिनों से चित्रकूट में ही रहकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सतत भ्रमण कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। बुधवार की सुबह भी अधिकारियों ने वर्षा के बीच विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर साफ-सफाई, जल निकासी एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लिया तथा मंदाकिनी नदी के जलस्तर पर लगातार निगाह बनाए रखी।







● चित्रकूट में मंदाकिनी नदी बाढ प्रभावित लोगों के लिए लगाए गए स्वास्थ्य शिविर। ● पीएचई द्वारा ग्रामीण इलाकों में हैंडपंप में क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है। ● बिरसिंहपुर के समाजसेवी संगठनों द्वारा समाग्री जरुरत मंदों तक पहुंचायी जा रही है।

### पुरानी लंका तिराहे तक

कलेक्टर और एसपी ने भ्रमण के दौरान आरोग्यधाम क्षेत्र में बुधवार सुबह मंदाकिनी की बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान राघव प्रयाग घाट क्षेत्र से नदी का पानी उतर चुका था। बाढ़ की स्थिति सामान्य होकर पानी धीरे-धीरे कम हो रहा था। बारिश के फलस्वरूप मंदाकिनी नदी के जल स्तर में वृद्धि हुई और शाम 4 बजे तक पुरानी लंका तिराहे तक मंदाकिनी नदी का पानी पहुंच चुका था।

### परिक्रमा मार्ग से पानी की निकासी

चित्रकूट के परिक्रमा मार्ग में जमा पानी को पंप के माध्यम से निकाला जा रहा है। नगर परिषद द्वारा जल निकासी एवं साफ-सफाई के कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। विभिन्न वार्डों और जलभराव वाले क्षेत्रों में नालियों की सफाई कर पानी की निकासी सुनिश्चित की जा रही है। नगर परिषद चित्रकूट के शेड में राहत एवं आवश्यक कार्यों के लिए दो ट्रक सूखी लकड़ी रखवाई गई है, जिसका उपयोग ईंधन की आवश्यकता के लिए किया जाएगा।

### बाढ़ प्रभावित परिवारों तक पहुंच रहा राहत सामान

बाढ़ प्रभावित नागरिकों के लिए त्रिपाल एवं सूखा राशन वाहनों में लोड कर प्रभावित घरों तक पहुंचाया जा रहा है। बुधवार को विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 के प्रभावित परिवारों के लिए राहत सामग्री भेजी गई। प्रशासन का प्रयास है कि जरूरतमंद परिवारों को उनकी आवश्यकता के अनुसार तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही प्रमोदवन बस स्टैंड एवं सियाराम कुटीर क्षेत्र में भोजन का वितरण किया गया। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा भी बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए पके हुए भोजन के पैकेट उपलब्ध कराकर वितरण कराया जा रहा है।

### स्वास्थ्य शिविरों में जांच और उपचार

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार सक्रिय हैं। संतोषी अखाड़ा, रामघाट के पास ठहरे लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यकता के अनुसार टी.टी. के इंजेक्शन लगाए गए। चित्रकूट में चार स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगाये गये है। जहां लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। एसडीएम मझगवां द्वारा सूचना मिलने पर नयागांव थाने के पास बेहोश हुए एक मरीज के उपचार के लिए स्वास्थ्य टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मरीज का उपचार किया गया और उसकी स्थिति में सुधार बताया गया। एमपी बिरला अस्पताल द्वारा भी चित्रकूट में बाढ़ प्रभावित नागरिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जहां लोगों की स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## सार-समाचार



### इनरव्हील क्लब ने किया मंडलाध्यक्ष का स्वागत

**सतना, देशबन्धु।** इनरव्हील एवं उद्‌गम क्लब के संयुक्त तत्वाधान में मंडलाध्यक्ष मधु कमानी का प्रेसिडेंट सविता गोयल, अनामिका अग्रवाल, सेकेट्री नेहा अग्रवाल, सपना अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में स्वागत किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में बांसुरी एवं मटकी सजाओ प्रतियोगिताएं रखी गईं, जिसमें बड़ी संख्या में बहनों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर क्लब के बुलेटिन का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में दोनों क्लब के अधिकारी जोनल हेड, डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी इनरव्हील क्लब की एडिटर ममता श्रवण अग्रवाल ने दी।

### चिन्मय गीता गायन प्रतियोगिता



**सतना, देशबन्धु।** चिन्मय मिशन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली चिन्मय गीता गायन प्रतियोगिता इस वर्ष अत्यंत भव्य स्वरूप में आयोजित की जाएगी। चार चरणों में आयोजित यह प्रतियोगिता जिला, प्रांत, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संपन्न होगी। प्रतियोगिता संयोजिका आशा नायक ने बताया कि इस वर्ष की प्रतियोगिता का विषय भक्तियोग नामक श्रीमद् भगवत गीता के 12वें अध्याय पर आधारित रहेगा। इस अध्याय में कुल 20 श्लोक हैं। छः वर्ग समूहों में विभाजित इस प्रतियोगिता में नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। विभिन्न विद्यालयों में आयोजित प्रारंभिक प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले चयनित विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 19 सितंबर को चिन्मय विद्यालय में किया जाएगा।

### नेहा ने यूजीसी नेट में हासिल की सफलता

**सतना, देशबन्धु।** एकेएस विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा नेहा ने यूजीसी नेट जून 2026 में कृषि प्रबंधन विषय से सफलता हासिल कर



विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा जारी स्कोरकार्ड के अनुसार नेहा ने 300 में से 120 अंक प्राप्त कर 37.10515567 प्रतिशत अंक हासिल किए। यूजीसी-नेट में सफलता के साथ नेहा सहायक प्रोफेसर पद के लिए पात्र घोषित हुई हैं। साथ ही वे पीएचडी में प्रवेश के लिए भी योग्य हुई हैं। उनकी इस उपलब्धि पर एकेएस विश्वविद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य की कामना की है

### कर्मकांड के लिए जल भी नसीब नहीं: बब्बल

**सतना, देशबन्धु।** प्रेमनगर स्थित पीपल के वृक्ष के नीचे कर्मकांड करने वाले लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल ने बयान जारी कर जिला



प्रशासन से मांग की है कि प्रेमनगर में पीपल के वृक्ष के नीचे एक हैंडपंप लगाया जाए। भाटिया ने बताया कि कमला नेहरू स्कूल के सामने लगे पीपल के वृक्ष के नीचे लोग अपने परिजनों की आत्मा की शांति के लिए कर्मकांड व पिंडदान करते हैं, लेकिन मौके पर पानी की कोई व्यवस्था न होने के कारण उन्हें दूर से पानी लाना पड़ता है, जिससे भारी परेशानी होती है। उन्होंने नगर निगम और जिला प्रशासन से मांग की है कि इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द हैंडपंप की व्यवस्था करवाई जाए।

### कोरहाई से निकली संत रविदास समरसता यात्रा

**सतना, देशबन्धु।** संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जन्मजयंती के अवसर पर बुधवार को मैहर जिले के रामनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरहाई से संत रविदास समरसता यात्रा का शुरू की गई। यात्रा ग्राम चितहा, भेड़रा, गैलहरी, बरहा, बम्हनाड़ी एवं तुर्की पहुंची। यात्रा के



विभिन्न पड़ावों पर स्थानीय नागरिकों एवं संत रविदास महाराज के अनुयायियों द्वारा उत्साह एवं श्रद्धा के साथ स्वागत किया गया। यात्रा में प्रभारी बद्री प्रसाद पांडे, अत्रि मनीष महाराज, संत शंकर प्रसाद रैदास, भाई लाल रैदास सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं अनुयायी शामिल हुए। इस अवसर पर संत शिरोमणि रविदास के समता, सामाजिक सद्भाव, सेवा, भक्ति एवं मानवता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

# बाढ़ प्रभावितों के लिए आगे आया उत्थान

**सतना, देशबन्धु।** उत्थान सेवा फाउंडेशन ने चित्रकूट एवं रामपुर बघेलान क्षेत्र के प्रभावित परिवारों के लिए हजारों पैकेट सूखा राशन और फूड पैकेट की सामग्री रवाना की है। फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं सांसद गणेश सिंह के पुत्र विकल्प सिंह तथा कोषाध्यक्ष अशोक सिंह द्वारा राहत सामग्री भेजी गई।



चित्रकूट-रामपुर बघेलान क्षेत्र में भेजे राहत पैकेट

फाउंडेशन की ओर से कहा गया कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों तक भोजन और जरूरी सामग्री पहुंचाना प्राथमिकता है। संगठन की ओर से कहा गया है कि चित्रकूट सहित जिले में भारी बारिश से उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशासन के साथ सामाजिक संगठनों और आम लोगों का सहयोग भी जरूरी है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन के साथ जनसेवी संस्थाएं भी भोजन, पानी और दवाइयां पहुंचाने में जुटी हैं। सांसद ने सामाजिक संगठनों और आम लोगों के सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि संकट के समय सतना के लोगों ने हमेशा एकजुट होकर जरूरतमंदों की मदद की है। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के घरों में पानी भरने से सामान के साथ कपड़े भी खराब हो गए हैं, उनके लिए पहनने के कपड़े, चादर, कंबल और महिलाओं के लिए साडियों की जरूरत है। ऐसे परिवारों तक भोजन के साथ कपड़े और अन्य जरूरी सामग्री पहुंचाने के लिए सामाजिक संगठनों से सहयोग की अपील की गई है।

## स्थानीय समिति की बैठक आज

**मैहर, देशबन्धु।** उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह वर्ष के आयोजन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में स्थानीय समिति की बैठक 3 सितंबर को दोपहर 3 बजे जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक में सांसद गणेश सिंह, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, कलेक्टर बिदिशा मुर्खजी, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोनी एवं समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह के सफल आयोजन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी तथा आवश्यक व्यवस्थाओं एवं तैयारियों के लिए सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

# श्रद्धा और आस्था के साथ हुआ हरछठ माता का पूजन

**रामपुर बाघेलान, देशबन्धु।** पुत्रों के दीर्घायु उत्तम स्वास्थ्य एवं सुख.समृद्धि की मंगलकामना को लेकर ग्रामीण अंचलों में पुत्रवती माताओं ने बुधवार को श्रद्धा एवं आस्था के साथ हलषष्ठी व्रत रखा। महिलाओं ने प्रातः काल महुआ की दातून कर विधि-विधान से व्रत का संकल्प लिया तथा हरछठ माता का पूजन-अर्चन कर अपने पुत्रों के उज्ज्वल भविष्य एवं दीर्घ जीवन की कामना की। दिव्यदृष्टि सेवा परिषद की कोषाध्यक्ष रंजना कुशवाहा ने बताया कि हलषष्ठी अथवा हरछठ का पर्व भादों कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई भगवान बलराम का जन्म हुआ था। माताएं अपने पुत्रों की लंबी आयु, आरोग्य और समृद्धि की कामना से यह कठिन व्रत रखती हैं। हलषष्ठी व्रत की अपनी विशेष परंपराएं और मान्यताएं हैं। व्रत के दौरान बिना



बोए उगने वाले अनाज एवं पेड़-पौधों के फलों का सेवन करने का विधान माना जाता है। वहीं इस व्रत में भैंस के दूध के उपयोग की विशेष मान्यता है। माताएं दिनभर कठिन उपवास रखकर हरछठ माता की पूजा करती हैं और संध्या के समय विधि-विधान से व्रत का समापन करती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हलषष्ठी पर्व के अवसर पर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था एवं पारंपरिक संस्कृति का वातावरण नजर आया।

# एग्रीकल्चर मर्चेन्ट एसोसिएशन ने दी राहत सामग्री





**सतना, देशबन्धु।** व्यापारिक संगठन एग्रीकल्चर मर्चेन्ट एसोसिएशन ने बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए सैकड़ों राशन किट सहित तिरपाल, कंबल, चटाई एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। यह राहत सामग्री कलेक्टर के माध्यम से चित्रकूट के प्रभावित परिवारों तक पहुंचाई गई। प्रत्येक राशन किट में 5 किलो आटा, 5 किलो चावल, 1 किलो दाल, 1 किलो पिसा नमक, 1 लीटर सरसों तेल, 100 ग्राम पिसी मिर्च, 100 ग्राम पिसा धनिया और 100 ग्राम पिसी हल्दी शामिल है। इसके साथ 120 पैकेट नमकीन, प्रति किट 2 नग 50 किलो आलू, एक लौकी तथा कई कार्टून पारले बिस्कुट भी उपलब्ध कराए गए हैं। बाढ़ में जिन परिवारों के सिर से छत का सहारा छिन गया है, उनके लिए 18-23 फिट के 30 तिरपाल, 20 कंबल और 4-6 फीट की 100 चटाइयां राहत सामग्री में शामिल हैं। इस सेवा कार्य में एसडीएम राहुल सिलाडिया, विद्युत मंडल के कार्यपालन यंत्री अजय दुबे, एसोसिएशन अध्यक्ष रामचरण गुप्ता, महामंत्री जितेन्द्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता, विपुल हाण्डा, कार्तिक हाण्डा, रोहित हाण्डा, योगेन्द्र मोहन उर्मलिया, सुशील जग्यासी, संजय तीर्थवानी, विकास अग्रवाल, कमल मंगनानी, मधुसूदन गुप्ता, श्यामलाल गुप्ता सहित सदस्यो ने चित्रकूट पहुंच कर प्रत्येक परिवार को वितरित किया।

## विधायक ने पहुंचाई खाद्य सामग्री

**रामपुर बाघेलान, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र के कोटर तहसील के कोटर नगर, टिकुरी अकौना, खमहरिया, टेढ़गवां, बरदाडी, रेहुटा, किचवरिया, इटौर, मैनपुरा आदि ग्रामों में बाढ़ प्रभावित इलाकों का विधायक विक्रम सिंह ने प्रशासनिक अमले के साथ दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और मौके



पर स्वंय सूखा राशन, आवश्यक राहत सामग्री एवं भोजन के पैकेट प्रभावित परिवारों को दिए और मुलाकत कर उनकी समस्याएं सुनी। कई घरों में पानी घुसने से अनाज एवं समान का नुकसान हुआ है। मौके पर ही प्रशासनिक अमले को हर पीड़ित परिवार तक तत्काल राहत सामग्री एवं क्षतिग्रस्त मकानों के सर्वे करने के लिये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर घर तक मदद पहुंचाना उनकी जिम्मेदारी है।



# सड़क पर ही गुजर-बसर कर रहे बेज़ुबान

## नेशनल हाइवे ही ठौर ठिकाना, हादसे की संभावना भी प्रबल

● **गोरसरी-रामनगर-जिगना-उचेहरा मार्ग में दिख जाएंगे आराम फरमाते से**

**रामनगर, देशबन्धु।** यह तस्वीर किसी गौशाला की नहीं, बल्कि गोरसरी-रामनगर-जिगना-उचेहरा से लेकर अमलई तक जाने वाली मुख्य सड़क की है। यहां दिन-रात सैकड़ों आवारा मवेशी सड़क पर ही डेरा डाले रहते हैं। बारिश में भीगते, धूप में तपते ये बेजुबान मौत को दावत दे रहे हैं और राहगीरों के लिए काल बन रहे हैं। बीच सड़क पर 20 से ज्यादा गाय-बैल बैठे हैं, कुछ खड़े हैं। पीछे से आ रही बाइक वाले को ब्रेक मारना पड़ा। साइड में क्रैश बैरियर लगा है, मतलब यह पहाड़ी घुमावदार रास्ता है, जहां तेज रफ्तार वाहन अचानक इन मवेशियों से टकरा जाते हैं।

### आए दिन हो रहे हादसे

स्थानीय लोगों के अनुसार हर हफ्ते 2-3 मवेशी सड़क हादसों में मर जाते हैं। बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होते हैं। रात में तो यह सड़क और भी खतरनाक हो जाती है। कई बार कार और बसें भी इन झुंडों से टकराकर पलट चुकी हैं। लेकिन सत्ता, सरकार और प्रशासन सब आंख मूंदे बैठे हैं। न तो पशु विभाग जाग रहा है। जो सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात है।

### गौशालाएं नदारद, विकास सिर्फ सफेद पोशों तक सीमित

ग्रामीणों का आरोप है कि हर ग्राम पंचायत में गौशाला के नाम पर लाखों का बजट आता है। कागजों में भूसा, चारा, शेड सब दिखा दिया जाता है, लेकिन जमीन पर एक भी गौशाला चालू नहीं। गोरसरी, रामनगर, जिगना, उचेहरा, अमलई - कहीं भी व्यवस्थित गौशाला नहीं। हालत यह है कि ग्राम पंचायतों का विकास कार्य सिर्फ सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और कुछ सफेद पोशों की जेब तक ही सीमित रह गया है। फोटो खिंचवाने और बिल लगाने में माहिर इन जिम्मेदारों को न तो गौमाता की चिंता है, न इंसान की जान की।

# सिन्धी समाज के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता: महापौर

**सतना, देशबन्धु।** भारतीय सिंधू सभा के तत्वावधान में अखंड भारत सिन्ध स्मृति दिवस एवं सामाजिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को मुख्य अतिथि योगेश ताम्रकार महापौर, महेश ठारवानी प्रदेश महामंत्री, विशिष्ट अतिथि लालचंद लालवानी प्रदेश उपाध्यक्ष, गणेश वाधवानी उपाध्यक्ष सेंट्रल सिन्धी पंचायत, विक्रम चौधरी संभाग प्रभारी रहे। अध्यक्षता संस्थाध्यक्ष अशोक चांदवानी ने की।

मंच पर प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश सुखेजा, राखी होतचंदानी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला शाखा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। महामंत्री विनोद गेलानी ने बताया स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष अशोक चांदवानी ने दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सिंधी समाज के लोगों के बलिदान को कोई भुला नहीं सकता जितनी बार उनके बलिदान को याद किया जाए साधुवाद दिया जाए उतना कम है। सतीश सुखेजा ने कहा कि आज मुझे भारतीय सिंधू सभा की ओर से सर्वोच्च सम्मान सिंधू रत्न सम्मान मिला है, इससे हमारी समाज के प्रति और ज्यादा जिम्मेदारी बढ़ गई है। मैं सभी युवाओं से आग्रह करूंगा कि आप सभी सेवा में अपनी सहभागिता दें और हमें संगठित होकर कार्य करना चाहिए क्योंकि संगठन में ही शक्ति है।



### इनका भी हुआ सम्मान

वहीं मनोहर वाधवानी व सुशीला देवी वाधवानी को श्रेष्ठ सामाजिक व्यक्तित्व सम्मान से, रंजीत सेनानी को श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मान, स्व. शिवकुमार बालचंदानी की स्मृति में देकर सम्मानित किया गया। प्रभुदास साधवानी, चेतनदास मघनानी, रामचंद चंदानी, राजल दास शामनानी, नंदलाल सुखरामनी, जानकी देवी खिलवानी, भावना बाई सुंदरानी, विमला देवी मनवाणी, शांति देवी वरयानी, इंदिरा बाई छाबडिया को वरिष्ठ नागरिक सम्मान देकर सम्मानित किया गया। संचालन महामंत्री विनोद गेलानी एवं आभार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोपीचंद कापड़ी ने व्यक्त किया।

# बाढ़ प्रभावित रगौली में लगा मेडिकल कैंप



● **स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों का उपचार कर बांटी दवाईयां**

**सतना, देशबन्धु।** जिले में अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में तहसील रघुराजनगर अंतर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम रगौली में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी की मेडिकल टीम द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मेडिकल टीम द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया तथा मौसमी बीमारियों व संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक औषधियों एवं दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम राहुल सिलाडिया स्वयं मौके पर उपस्थित रहे और स्वास्थ्य सेवाओं व राहत कार्यों का जायजा लिया।

शिविर में सीएससी कोठी के डॉ. देवव्रत दीक्षित, डॉ. ऋचा रोचलानी, सीएचओ प्रांशु सिंह, एएनएम प्रभा सिंह एवं सुपरवाइजर केपी शुक्ला सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जनजनित संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए लगातार मेडिकल टीमों को तैनात रखा जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को समय पर चिकित्सीय सहायता मिल सके।

# प्रिज्म जॉनसन ने बाढ़ पीड़ितों को पहुंचाई मदद

**सतना, देशबन्धु।** चित्रकूट क्षेत्र में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड मनकहरी ने प्रेसिडेंट डॉ. मनीष कुमार सिन्हा के निर्देशन में बाढ़ प्रभावित एवं पीड़ित परिवारों के लिए आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई। जिसमें 600 त्रिपाल, 2000 लीटर शुद्ध पानी की बोतलें, 100 तगाड़ी, 100 बेलचा सहित सफाई कार्य के लिए फायर ब्रिगेड वाहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल है। इसी तरह रामपुर बघेलान के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में प्रिज्म सीमेंट द्वारा 450 पैकेट राशन किराना सामग्री, 250 पैकेट भोजन एवं 100 त्रिपाल नग रामपुर विधायक एवं चित्रकूट में प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपी गई, ताकि इसे जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाया जा सके।

प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा यह पहल कंपनी की सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर एवं समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कंपनी का मानना है कि प्राकृतिक आपदा के कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा होना केवल सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि मानवीय कर्तव्य भी है। राहत सामग्री वितरण में प्रिज्म सीमेंट की ओर से उप महाप्रबंधक सीएसआर देवेंद्र मिश्रा, प्रकाश पांडे, कृष्ण चतुर्वेदी, संजय सिंह परिहार, प्रशांत सेन ने अहम भूमिका निभाई और पीड़ित व्यक्तियों तक यह सामग्री उपलब्ध कराने में अपना सहयोग प्रदान किया।



## ददरा टोला पंचायत में कराए गए निर्माण कार्यों वित्तीय अनियमितता के आरोप

### सचिव की पदस्थापना को लेकर ग्रामीण ने उठाए सवाल की जांच की मांग




**शहडोल, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत बहेरहा के ददरा टोला में पिछले वर्षों में कराए गए निर्माण कार्यों को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। ग्रामीण रामकृपाल यादव ने पंचायत सचिव मुकेश तिवारी पर पंचायत में कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यों में कथित अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की है। शिकायत में विशेष रूप से नवीन तालाब निर्माण में वित्तीय गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है।

**12 वर्षों के निर्माण कार्यों की जांच की मांग**-ग्राम पंचायत बहेरहा के ददरा टोला में पिछले करीब 12 वर्षों के दौरान कई निर्माण कार्य कराए गए हैं, जिनमें नियमों की अनदेखी और वित्तीय अनियमितता की आशंका है। उन्होंने इन सभी कार्यों की विस्तृत जांच कराने की मांग की है। ग्रामीण ने नवीन तालाब निर्माण कार्य को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए हैं और निर्माण में खर्च की गई राशि तथा कार्य की वास्तविक स्थिति का परीक्षण कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने पंचायत सचिव मुकेश तिवारी की पदस्थापना को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि सचिव द्वारा कथित तौर पर शासन को गुमराह कर पूर्व पदस्थापना बहाल कराई गई। ग्रामीण ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय किए जाने की मांग की है।

**तालाब निर्माण की गुणवत्ता और खर्च पर उठे सवाल**-ददरा टोला में कराए गए तालाब सहित अन्य निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति जांच का विषय बन गई है। कि निर्माण कार्यों में स्वीकृत राशि, मौके पर किए गए कार्य, सामग्री के उपयोग और भुगतान से संबंधित अभिलेखों का परीक्षण किया जाए। साथ ही यह भी जांच की जाए कि निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुसार हुए हैं या नहीं। मामले में ग्रामीण ने संबंधित अधिकारियों से मौके पर निरीक्षण कर दस्तावेजों के आधार पर जांच कराने की मांग की है। जांच के बाद ही निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता हुई है या नहीं, इसकी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**जनमन आवास सूची में नाम नहीं होने से बैगा परिवार परेशान**- इधर, जनपद पंचायत गोहपारू की ग्राम लामर निवासी छोटेलाल बैगा ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आवास का लाभ नहीं मिलने की समस्या उठाई है। उनका कहना है कि उन्होंने पंचायत सचिव के समक्ष आवास के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन इसके बावजूद अभी तक उनका नाम आवास सूची में दिखाई नहीं दे रहा है।

## जिला निरीक्षण समिति ने ममता बालगृह का किया निरीक्षण

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सुरक्षित, स्नेहपूर्ण और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निरीक्षण समिति ने मंगलवार को जिले में संचालित ममता बालगृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण अपर कलेक्टर बलवीर रमन की अध्यक्षता में किया गया। निरीक्षण के दौरान समिति ने बालगृह में बच्चों की देखभाल, संरक्षण, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं उनके समग्र विकास के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं और देखभाल व्यवस्था की जानकारी लेते हुए आवश्यक दस्तावेजों एवं शासकीय योजनाओं से संबंधित सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जिला निरीक्षण समिति ने बालगृह की भौतिक अधोसंरचना, संस्थागत सुविधाएं, स्टाफ की उपलब्धता एवं प्रशिक्षण, पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन से जुड़ी व्यवस्थाओं कानिरीक्षण किया।

## विंध्य चिकित्सालय में हिंदी कार्यशाला आयोजित



**सिंगरौली,देशबन्धु।** एनटीपीसी विंध्याचल राजभाषा अनुभाग द्वारा विंध्य चिकित्सालय में 29 अगस्त को एक दिवसीय राजभाषा हिंदी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सालय में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं एसोसिएट्स में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दैनिक सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करना था। इस कार्यशाला में चिकित्सालय के सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा एसोसिएट्स कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यशाला के दौरान हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को राजभाषा हिंदी के नियमों, अधिनियमों, कार्यालय ज्ञापनों एवं महत्वपूर्ण तथ्यों से विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा संचालित लीला, कंठस्थ 2.0 एप, हिंदी प्रबोध, प्रवीण एवं प्राज्ञ परीक्षाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई। इसके अतिरिक्त एनटीपीसी की संशोधित 'हिंदी प्रोत्साहन योजना' के नवीन परिपत्र के बारे में भी सभोई को अवगत कराया गया तथा बताया गया कि किस प्रकार हिंदी में अधिकाधिक कार्य करके इस योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डॉ. बी के भराली ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में सभी उपस्थित जनों से राजभाषा हिंदी को अपनाने और अपने दैनिक कार्यों में अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा जैसे मानवीय सेवा क्षेत्र में हिंदी में संवाद रोगियों के साथ आत्मीयता और विश्वास को और मजबूत करता है। कार्यशाला में सहायक राजभाषा अधिकारी श्री कल्याण सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। उन्होंने राजभाषा नीति, वार्षिक लक्ष्य, ई-टूल्स के एवं प्रयोग तथा हिंदी में कार्य करने की सरल विधियों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने हिंदी में कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि वे अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का प्रयोग बढ़ाएंगे।

### सार-समाचार



## पूर्व के स्वरूप में लौट रहा खटखारिया तालाब

### नगर परिषद द्वारा कराया गया तालाब का सौंदर्यीकरण

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** नगर परिषद के अंतर्गत चुंगी नाका के पास स्थित खटखारिया तालाब नगर परिषद के सौंदरीकरण के बाद अपने पूर्व की स्थिति में लौट रहा है भारी बारिश के बाद तालाब लगभग भर गया है अब थोड़ा सा ही बाकी है नगर परिषद द्वारा तालाब के मेढ की पिचिंग कराई गई है तालाब की गहरी खुदाई भी कराई गई है नगर परिषद के अध्यक्ष श्री कृष्ण गुप्ता राजन एवं शिवांगी पांडे मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा लगातार देख-रेख तेजी से कार्य कराया गया है तालाब तो भर रहा है लेकिन अभी भी आधे तालाब में जो जलकुंभी फैली हुई है उसको पूरा निकलवाना जरूरी तभी तालाब अच्छा दिखेगा नगर वासियों की मांग है की तालाब की अधूरी पिचिंग एवं जलकुंभी को साफ करवाये जाने की मांग की है ।

## गड्ढों ने छीना भारी वाहन का संतुलन, सिंगल टोला फाटक पर पलटे लकड़ी के लट्ढे

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया सिंगल टोला रेलवे फाटक के पास बुधवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब लकड़ी के भारी लट्ठों से लदा वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। वाहन के पलटते ही लकड़ियां सड़क पर बिखर गईं और आसपास अफरा तफरी का माहौल बन गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन सड़क किनारे संचालित चाय नाश्ते की गुमटी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के वक्त यदि सड़क पर कोई राहगीर या वाहन मौजूद होता तो तस्वीर भयावह हो सकती थी। गनीमत रही कि एक बड़ा हादसा होते होते टल गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर नाराजगी जताई। बताया जा रहा है कि रेलवे फाटक के दोनों ओर सड़क पर बड़े-बड़े और गहरे गड्ढे बने हुए हैं। लगातार आवागमन के बावजूद इन गड्ढों की मरम्मत नहीं होने से वाहन चालकों के सामने दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसी बीच लकड़ी से लदे भारी वाहन के पलटने की घटना ने सड़क की गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर



## जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और पत्रकारों ने एक पेड़ मां के नाम रोपे पौधे




**शहडोल,देशबन्धु।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मध्य प्रदेश शासन के वन विभाग और पत्रकारों के प्रमुख संगठन सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब शहडोल द्वारा संयुक्त रूप से मंगलवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, वन अधिकारियों और पत्रकारों ने औषधि तथा फलदार पौधों का रोपण किया।

वन परिक्षेत्र शहडोल अंतर्गत निपनिया बीट में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद शहडोल के अध्यक्ष घनश्याम दास जायसवाल रहे और अध्यक्षता वनमंडलाधिकारी दक्षिण सुश्री श्रद्धा पंद्रे ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, रेलवे श्रमिक यूनियन के नेता व समाजसेवी ए के मोहंती, ज्ञानोदय स्कूल के संचालक व समाजसेवी अजय सिंह और उप वन मंडलाधिकारी सोहागपुर संतोष कुमार शुक्ला मंचासीन रहे।

**पौधे हमारी धरोहर हैं**-इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम दास जायसवाल ने कहा कि पौधे हमारी धरोहर हैं और पौधारोपण करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यही पेड़ आने वाले समय में हमें खुशहाल और स्वस्थ रखेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष श्री जायसवाल ने पत्रकारों द्वारा पौधा रोपण जाने किए जाने सराहना करते हुए अन्य लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि जो जहां भी रहे वहां एक पेड़ जरूर लगाए और उसकी सुरक्षा का संकल्प भी ले।

**वन्य प्राणी और मानव द्वंद्व को कम करने में जंगल की अहम भूमिका** -कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंडलाधिकारी दक्षिण सुश्री श्रद्धा पंद्रे ने कहा कि यहां जो पौधों का जंगल है, उसकी वन्य प्राणी और मानव द्वंद्व को कम करने में अहम भूमिका है। उन्होंने यह भी बताया कि यह जंगल चार टाइगर रिजर्व का कॉरिडोर बनाता है, जिसमें छत्तीसगढ़ का अचानक मार, कान्हा टाइगर रिजर्व, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और संजय गांधी टाइगर रिजर्व शामिल है। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से विकास हो रहा है उसके चलते पेड़ की संख्या कम हो रही है और पौधारोपण ही इसका एकमात्र विकल्प है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यहां जो भी पौधे लगाए जा रहे हैं उसकी पूरी सुरक्षा रहेगी।

**पर्यावरण का संरक्षण जरूरी**-भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि पत्रकारों द्वारा पर्यावरण सुरक्षित करने को लेकर जो आज पौधारोपण किया जा रहा है वह प्रशंसनीय है। श्री गुप्ता ने कहा कि जिस स्थान पर यह पौधारोपण हो रहा है उसको देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि पौधारोपण का उद्देश्य जरुर सफल होगा। उन्होंने कहा कि जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो हमारा स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहेगा।

**सामाजिक सरोकारों से जुड़ा है संगठन** - सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब शहडोल के जिला अध्यक्ष मोहम्मद सईद ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब सामाजिक सरोकारों से जुड़कर कार्य करने वाला संगठन है उन्होंने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम इसी का एक हिस्सा है।

**यह पौधे रोपे गए**-इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, वन अधिकारियों और पत्रकारों ने नीम, सीताफल, आम, सिंदूर, आमला और बहेड़ा सहित बड़ी संख्या में औषधि तथा फलदार पौधों का रोपण किया

## जन्माष्टमी मेले में सुरक्षा का अभेद्य घेरा, 135 कर्मी संभालेंगे मोर्चा

### ताला से मंदिर तक दुरुस्त हुआ मार्ग 29 ड्यूटी प्वाइंट पर निगरानी, चार हाथियों और छह जिप्सियों से होगी गश्त

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला में 4 सितंबर को होने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले को लेकर वन विभाग ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए वन विभाग पुलिस जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर सुरक्षा का व्यापक खाका तैयार किया गया है। इको सेंटर ताला में क्षेत्र संचालक की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के बाद अधिकारियों ने मेला क्षेत्र का फील्ड निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख मार्गों संवेदनशील स्थलों और ड्यूटी प्वाइंट का निर्धारण कर आवश्यक सुधार कार्यों के निर्देश दिए गए। ताला गेट से मंदिर तक जाने वाले मार्ग में आवश्यक सुधार कार्य भी कराया गया है।

मेले के दौरान करीब 29 प्रमुख स्थानों पर निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। इन ड्यूटी प्वाइंट पर वन विभाग के अधिकारी वनपाल वनरक्षक प्रशिक्षु वनरक्षक टीपीएफ ईडीसी श्रमिक महावत सहित करीब 135 अधिकारी कर्मचारी एवं श्रमिक तैनात रहेंगे। इसके अलावा वाहन चालक वायरलेस ऑपरेटर वाटर टैंकर ऑपरेटर और बैरियर सुरक्षा कर्मी भी व्यवस्था में लगाए जाएंगे।

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए छह जिप्सी वाहनों को संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया जाएगा। वहीं हाथी लक्ष्मण श्याम रामा और सूर्या निर्धारित क्षेत्रों में गश्त करेंगे। वायरलेस सेट के माध्यम से सभी ड्यूटी प्वाइंट लगातार संपर्क में रहेंगे ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता पहुंचाई जा सके। मेनगेट ताला से ही श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जाएगा। निर्धारित मार्ग के अलावा पार्क क्षेत्र में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। प्रवेश द्वार पर ऑनलाइन प्रवेश पत्रों की जांच होगी तथा पॉलीथीन गुटखा अगरबत्ती जिलेटिन सहित ज्वलनशील एवं प्रतिबंधित सामग्री को भीतर ले जाने पर रोक रहेगी।

## जिला पंचायत के आदेश पर रोक सरपंच पद पर बने रहेंगे नन्हू सिंह

**उमरिया, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत गिंजरी के सरपंच नान्हू सिंह को हटाने का जिला पंचायत उमरिया का मनमाना फरमान आखिरकार कमिश्नर कोर्ट शहडोल में टिक नहीं पाया। जिला सीईओ द्वारा 3 जुलाई 2026 को जारी एकपक्षीय बर्खास्तगी आदेश पर कोर्ट ने 24 अगस्त को रोक लगाते हुए जिला पंचायत की कार्यप्रणाली पर ही सवाल खड़ा कर दिया है। अब नन्हू सिंह 28 दिसंबर 2026 तक सरपंच पद पर बने रहेंगे।

दरअसल पूरा मामला ही जिला पंचायत की जल्दबाजी और लापरवाही की कहानी बयां करता है। अमृत सरोवर जैसे सरकारी कार्य में भुगतान विलंब हुआ तो उसका ठीकरा सीधे ग्राम पंचायत की कार्य एजेंसी यानी सरपंच के सिर फोड़ दिया गया। हकीकत यह है कि कार्य का मूल्यांकन संबंधित उपयंत्री द्वारा ही समय पर नहीं किया गया था फिर भी जिला पंचायत ने बिना इस तथ्य को जांचे धारा-91 के तहत सरपंच को बर्खास्त कर दिया। वहीं ग्राम पंचायत के सचिव को भी पद से निलंबित कर दिया गया था हालांकि आयुक्त शहडोल ने सचिव के निलंबन को रद्द करते हुए जिला पंचायत को पदस्थापना के निर्देश दे दिए हैं।इस पूरे प्रकरण में जनपद पंचायत पाली की भूमिका नगण्य रही सारा खेल जिला पंचायत स्तर पर ही रचा गया था। सरपंच ने जब अपील क्रमांक 0070/अपील/2026-27 के तहत कमिश्नर कोर्ट में गुहार लगाई तो कोर्ट ने भी जिला पंचायत के आदेश को संदिग्ध माना और सीईओ को मूल अभिलेख सहित बिंदुवार जवाब पेश करने का फरमान सुना दिया।

गिंजरी पंचायत के मामले में बड़ा सवाल यह है कि दोषियों को बचाने के लिए जिला पंचायत उमरिया द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव को सबक सिखाने की ठान ली गई है। इसका प्रमाण यह है कि सचिव का निलंबन दो महीने पूर्व ही वापस हो चुका है बावजूद इसके आज तक उन्हें ग्राम पंचायत का प्रभार नहीं दिया गया है।

## महाविद्यालय परिवार ने शॉल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर दी विदाई

### सहकर्मियों और विद्यार्थियों ने साझा किए संस्मरण

**शहडोल, देशबन्धु।** पं. अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, जयसिंहनगर के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी के सेवानिवृत्त होने पर महाविद्यालय परिवार की ओर से भावपूर्ण सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें आत्मीय विदाई दी गई। समारोह में प्राध्यापकगण, कर्मचारी, विद्यार्थी, परिजन, रिश्तेदार एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. द्विवेदी के सुखद, स्वस्थ, दीर्घायु एवं मंगलमय भावी जीवन की कामना की।

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्ति शासकीय दायित्वों से विराम अवश्य है, लेकिन व्यक्ति के अनुभव, संस्कार और सेवाओं का अंत नहीं होता। डॉ. धर्मेंद्र द्विवेदी ने अपने सेवाकाल में प्राचार्य के रूप में प्रशासनिक दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने के साथ ही शिक्षक, मार्गदर्शक और अभिभावक की भूमिका भी निभाई। उनके सरल, सहज, अनुशासित एवं मिलनसार व्यक्तित्व ने महाविद्यालय परिवार में विशिष्ट पहचान बनाई।

**विद्यार्थियों के जीवन में दिखती है शिक्षक की असली उपलब्धि**-वक्ताओं ने कहा कि किसी शिक्षक की सबसे बड़ी उपलब्धि उसके पद या सम्मान में नहीं, बल्कि उन विद्यार्थियों के जीवन में दिखाई देती है, जिन्हें उसने ज्ञान के साथ संस्कार और सही दिशा प्रदान की हो। इस दृष्टि से डॉ. द्विवेदी का सेवाकाल स्मरणीय, प्रेरणादायी और अनुकरणीय रहा है। महाविद्यालय के विकास, बेहतर शैक्षणिक वातावरण तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उनके प्रयास सदैव याद किए जाएंगे।



**विदाई के क्षणों में भावुक हुआ माहौल**-कार्यक्रम के दौरान विदाई के क्षण भावुक हो उठे। सहकर्मियों एवं विद्यार्थियों ने डॉ. द्विवेदी के साथ बिताए समय के संस्मरण साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि व्यक्ति से पद भले ही छूट जाता है, लेकिन उसके कर्मों की खुशबू और आत्मीयता लंबे समय तक लोगों के हृदय में बनी रहती है। महाविद्यालय परिवार की ओर से डॉ. द्विवेदी को शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

**नम आंखों से डॉ. द्विवेदी ने जताया आभार**-अपने विदाई उद्बोधन में डॉ. धर्मेंद्र द्विवेदी भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान स्टाफ के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों से जो सहयोग मिला, उसके लिए वे सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने उपस्थित अतिथियों एवं नगरवासियों से मिले प्यार, स्नेह और सम्मान के प्रति भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन बड़े भाग्य से मिलता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में अच्छे कार्य करने चाहिए। व्यक्ति का व्यक्तित्व और उसके कर्म ही उसे महान बनाते हैं।

**परिवार एवं गणमान्य नागरिक रहे मौजूद**-समारोह में डॉ. द्विवेदी का पूरा परिवार एवं रिश्तेदार उपस्थित रहे। उनके चाचा परशुराम द्विवेदी, छोटे भाई शारदा द्विवेदी, शिक्षक मुनीश द्विवेदी एवं प्राचार्य डॉ. राघवेंद्र द्विवेदी सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरुण गौतम, सातिका प्रसाद तिवारी, भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य राजेश द्विवेदी, जिला कार्यसमिति सदस्य एवं वनोपज समिति उपाध्यक्ष रामनारायण पांडेय, सेवानिवृत्त प्राध्यापक दीनबंधु मिश्रा, सेवानिवृत्त प्राचार्य सनत पांडेय, संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजीव तिवारी, निर्मल द्विवेदी, दिवाकर पयासी, मीडिया से सूरज पयासी, राकेश गुप्ता, पंकज पाण्डेय, समाजसेवी विजय दुबे, आदेश शुक्ला सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। समारोह के दौरान सभी ने एक स्वर में कहा कि डॉ. द्विवेदी का अनुभव महाविद्यालय की धरोहर है और उनका स्नेह व मार्गदर्शन सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

**आम सूचना**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी भागीदारी फर्म " M/s PRAHLADRAI PREMPRAKASH Chamariya Complex, Mahaveer Path, Burhar Tehsil Sohagpur Distt Shahdol (M.P.) पंजीयन क्रमांक 0056/13-14 पंजीयन दिनांक 30/05/2013 कार्यालय फर्म्स एवं संस्थाएं रीवा शहडोल संभाग रीवा से पंजीकृत फर्म हैं। यह कि वर्तमान में इस भागीदारी फर्म में पूर्व में ( 1 ) Rajesh Kumar Chamaria S/o Late Pawan Kumar Chamaria ( 2 ) Manish Kumar Chamaria S/o Late Pawan Kumar Chamaria 3- Pawan Kumar Chamaria S/o Late Prahlad Rai Chamaria पार्टनर थे जिसमे दिनांक 11/05/2023 को ( 1 ) Pawan Kumar Chamaria S/o Late Prahlad Rai Chamaria की मृत्यु हो जाने के कारण फर्म से पृथक हो गये। निकलने वाले साझेदारों की किसी भी प्रकार की लेनदारी व देनदारी शेष नही हैं। उक्त फर्म के किसी भी पार्टनर को कोई समस्या हो तो 7 दिवस के भीतर सूचित करें।**

भागीदार
Rajesh Kumar Chamaria

## बेहोश महिला को नहीं मिला बेड, जमीन पर लिटाने की नौबत, सिविल सर्जन के जवाब से उठे सवाल

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** जिला चिकित्सालय अनूपपुर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उपचार के लिए अस्पताल पहुंची एक महिला के बेहोशी की हालत में होने के बावजूद उसे समय पर बेड उपलब्ध नहीं होने का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि गंभीर अवस्था में मरीज को जमीन पर लिटाने की नौबत आ गई और आवश्यक उपचार एवं सुविधाओं के लिए उन्हें परेशान होना पड़ा। जानकारी के अनुसार महिला की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे थे। इस दौरान बेड उपलब्ध नहीं होने से परिजन अस्पताल स्टाफ और जिम्मेदार अधिकारियों से मदद की गुहार लगाते रहे। परिजनों का आरोप है कि उन्हें संतोषजनक सहायता नहीं मिली और कथित तौर पर अधिकारियों की ओर से 'हम क्या करें' जैसे जवाब दिए गए।

**गंभीर मरीज को जमीन पर क्यों लिटाना पड़ा? –**



बेहोशी अथवा गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचने वाले मरीज को तत्काल प्राथमिक उपचार और सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराना आवश्यक माना जाता है। ऐसे में महिला को बेड नहीं मिलने और जमीन पर लिटाने की स्थिति कैसे बनी, यह जांच का विषय है। परिजनों का कहना है कि अस्पताल में पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना ने जिला चिकित्सालय की बेड क्षमता, मरीज भर्ती व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं की स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**मरीज ज्यादा हैं तो व्यवस्था कौन करेगा? –** स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से मामले की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक होना प्रबंधन की जिम्मेदारी से बचने का कारण नहीं बन सकता। मांग की गई है कि जिला चिकित्सालय में बेड की उपलब्धता, मरीजों की भर्ती प्रक्रिया, आपातकालीन व्यवस्था और अस्पताल स्टाफ की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर आवश्यक सुधार किए जाएं।

### सिविल सर्जन के कथित जवाब पर उठे सवाल

मामले को लेकर जब जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं के संबंध में सिविल सर्जन से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, तो उनका कथित बयान सामने आया कि हम क्या करें, मरीज ज्यादा आते हैं।

इस जवाब के बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली और गंभीर मरीजों के प्रति जिम्मेदारी के साथ ही जवाबदेही को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सवाल यह है कि यदि जिला चिकित्सालय में क्षमता से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं, तो उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था, अतिरिक्त बेड और आपातकालीन सुविधाएं सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है?

## जर्जर स्कूल भवनों और जोखिम भरे रास्तों के बीच बच्चों को स्कूल भेजना कितना सुरक्षित?

### बारिश में सतर्कता की अपील, लेकिन नौनिहालों की सुरक्षा पर सवाल

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच जिला प्रशासन द्वारा आमजन से पुल-पुलियों, रपटों, नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। प्रशासन ने लोगों को तेज बहाव वाले स्थानों को पार नहीं करने और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है। ऐसे में विद्यालय जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। भगवा पार्टी भारतीय गणवर्ता पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्र ने प्रशासन की ओर से जारी बारिश संबंधी चेतावनी पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब जिला प्रशासन स्वयं आम नागरिकों को बारिश के दौरान सतर्क रहने की सलाह दे रहा है, तो विद्यालय जाने वाले नौनिहालों की सुरक्षा के लिए क्या ठोस व्यवस्था की गई है?

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई बच्चे ऐसे हैं, जिन्हें बारिश के दौरान जलभराव वाले रास्तों, पुल-पुलियों तथा नदी-नालों के आसपास से होकर विद्यालय पहुंचना पड़ता है। ऐसे मार्गों पर तेज बारिश और जलस्तर बढ़ने की स्थिति में बच्चों की सुरक्षा गंभीर चिंता का विषय बन जाती है। मिश्र ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। जिले के कई विद्यालय भवनों की स्थिति भी चिंताजनक बताई जा रही है। जर्जर भवनों, टपकती छतों और बारिश के दौरान उत्पन्न होने वाली अन्य समस्याओं के बीच बच्चों की पढ़ाई सुरक्षित वातावरण में संचालित हो रही है या नहीं, इसकी गंभीरता से समीक्षा की जानी चाहिए।



उन्होंने सवाल उठाया कि क्या शिक्षा विभाग ने जिले के सभी विद्यालय भवनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई है? यदि जानकारी दी गई है तो जर्जर भवनों को लेकर अब तक क्या कार्रवाई की गई है? वहीं यदि ऐसी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है तो इसे शिक्षा विभाग की गंभीर लापरवाही माना जाना चाहिए। कन्हैयालाल मिश्र ने कहा कि केवल आमजन से सावधानी बरतने की अपील जारी करना पर्याप्त नहीं है। प्रशासन को विद्यालयों की वास्तविक स्थिति का भौतिक सत्यापन कराना चाहिए। जिन विद्यालय भवनों में बच्चों के बैठने या अध्ययन करने में खतरा है, वहां तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि बारिश के कारण जोखिमपूर्ण मार्गों की पहचान कर बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिले के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालय भवनों का विशेष निरीक्षण कराया जाए और अत्यधिक जर्जर भवनों में बच्चों की कक्षाएं संचालित नहीं की जाएं। मिश्र ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों की परिस्थितियों को देखते हुए विद्यालयों में अवकाश अथवा वैकल्पिक शिक्षण व्यवस्था पर भी निर्णय लिया जाना चाहिए।

## सार-समाचार

### पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत 8 सितम्बर से प्राप्त किए जाएंगे नाम निर्देशन पत्र

**पन्ना, देशबन्धु।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा गत दिवस त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2026 पूर्वार्द्ध का कार्यक्रम घोषित किया गया है, जिसके तहत अजयगढ़ जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक 9 में रिक्त जनपद पंचायत सदस्य पद तथा ग्राम पंचायत जिगनी में रिक्त सरपंच पद के लिए मतदान आगामी 29 सितम्बर को होगा। उप निर्वाचन के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8 सितम्बर से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 15 सितम्बर तक लिए जाएंगे, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 16 सितम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 सितम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। मतदान 29 सितम्बर को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य की विकासखण्ड मुख्यालय पर ईव्हीएम से की जाने वाली मतगणना 3 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से होगी। इसी दिन सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जाएगी।

### श्री जुगल किशोर मंदिर में श्रीकृष्ण पर्व आज और कल

**पन्ना, देशबन्धु ।** संस्कृति विभाग द्वारा इस वर्ष भी जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर श्री जुगल किशोर मंदिर परिसर में जिला प्रशासन पन्ना के सहयोग से श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन किया जाएगा। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम 3 एवं 4 सितम्बर को शाम 7 बजे से आरंभ होगा। हरछठ पर्व पर भी 2 सितम्बर को श्री बल्देव जी मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण पर्व कार्यक्रम संपन्न हुआ। विदित हो कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पन्ना प्रवास के दौरान गत 24 जुलाई को प्रति वर्ष तीन दिवसीय श्री जुगल किशोर महोत्सव के आयोजन की घोषणा की गई थी। जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीकृष्ण पर्व में गुरूवार को भोपाल के रंग त्रिवेणी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति के कलाकार दल द्वारा नृत्य नाटिका कृष्ण रंग की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी क्रम में ग्वालियर की अंकिता कैलासिया एवं साथी कलाकार भक्ति गायन प्रस्तुत करेंगे, जबकि जन्माष्टमी पर्व पर शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में रीवा की जान्हवी सिंह एवं साथी कलाकार श्रीकृष्ण केन्द्रित नृत्य नाटिका तथा नर्मदापुरम की दामिनी पठारिया भक्ति गायन की प्रस्तुति देंगी।

### आज देवेन्द्रनगर में हुई सर्वाधिक वर्षा

**पन्ना, देशबन्धु ।** पन्ना जिले में एक जून से 2 सितम्बर की अवधि में 882.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। बुधवार को देवेन्द्रनगर में सर्वाधिक 24.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि गुनौर में 22 मिमी, शाहनगर में 21.2 मिमी, रैपुरा में 19 मिमी, पन्ना में 14.2 मिमी, पवई में 11 मिमी, अमानगंज में 8 मिमी, अजयगढ़ में 6.4 मिमी वर्षा दर्ज हुई, जबकि सिमरिया में कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई। अब तक पन्ना में 955.7 मिमी, देवेन्द्रनगर में 848.6 मिमी, गुनौर में 806.8 मिमी, अमानगंज में 853.2 मिमी, पवई में 884.1 मिमी, और अजयगढ़ में सर्वाधिक 1351.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## नगर पालिका एवं पंचायत उपनिर्वाचन क्षेत्रों में लागू हुई आदर्श आचरण संहिता

### कोतमा वार्ड 13 में संपत्ति विरूपण पर कार्रवाई

**अनूपपुर, देशबन्धु।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका एवं पंचायतों के उपनिर्वाचन वर्ष 2026 पूर्वार्द्ध के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही प्रशासन ने इसके कड़ाई से पालन के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।



जिले में नगर पालिका परिषद कोतमा के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद पद के साथ ही जनपद पंचायत कोतमा, अनूपपुर, जैतहरी एवं पुष्पराजगढ़ के अंतर्गत रिक्त पंच पदों के लिए उपनिर्वाचन कराया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रत्नाकर झा ने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ प्रभावशील हुई आदर्श आचरण संहिता निर्वाचन परिणाम की घोषणा तक लागू रहेगी।

कलेक्टर ने संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगर पालिका परिषद कोतमा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद कोतमा के वार्ड क्रमांक 13 में होने वाले उपनिर्वाचन को लेकर संपत्ति विरूपण के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रत्नाकर झा के निर्देशानुसार संबंधित अधिकारियों ने निर्वाचन क्षेत्र में शासकीय एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर लगाए गए पोस्टर, बैनर, वॉल राइटिंग एवं अन्य प्रचार सामग्री को हटाने की कार्रवाई की।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद शासकीय एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर किसी भी प्रकार की प्रचार-प्रसार सामग्री लगाना प्रतिबंधित है। इसके मद्देनज़र वार्ड क्रमांक 13 में संपत्ति विरूपण से संबंधित सामग्री हटाकर कार्रवाई की गई तथा अधिकारियों को इस प्रकार की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उपनिर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन कराया जाए।

## भगवान बलराम जयंती पर माताओं ने रखा हलषष्ठी व्रत, पुत्रों की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई भगवान बलराम की जयंती एवं हलषष्ठी पर्व पर बुधवार को अनूपपुर जिलेभर में श्रद्धा और आस्था का माहौल रहा। पुत्रों की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए माताओं ने हरछठ अथवा हलषष्ठी व्रत रखा और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला हरछठ व्रत संतान की मंगलकामना से जुड़ा हुआ है। इस अवसर पर महिलाओं ने निर्जला अथवा परंपरा के अनुसार व्रत रखकर अपने इष्टदेव का पूजन किया। मान्यता है कि भगवान बलराम की तरह बलशाली और स्वस्थ संतान की प्राप्ति तथा पुत्रों की लंबी आयु के लिए यह व्रत किया जाता है।



भगवान बलराम को हलधर के नाम से भी जाना जाता है। उनके हाथ में हल होने के कारण इस पर्व को हलषष्ठी भी कहा जाता है। बलराम जयंती के अवसर पर किसान समुदाय द्वारा खेती-किसानी से जुड़े उपकरणों की भी पूजा की गई। परंपरा के अनुसार व्रती महिलाओं ने सुबह स्नान कर व्रत धारण किया। इस दौरान अनाज का सेवन नहीं किया गया। कई स्थानों पर महिलाओं ने भैंस के दूध से बनी चाय का सेवन किया। दिनभर पूजा-पाठ के बाद शाम को विशेष पूजन कर बिना हल से जोते खेत में उगे पसही चावल और दही का प्रसाद ग्रहण कर व्रत का पारण किया गया।

हलषष्ठी पूजन में पंच वृक्ष और सप्त धान का विशेष महत्व माना जाता है। पूजा के लिए महुआ, छूला, बेर, कांस और बांस आदि की टहनियों को एकत्र कर घर के आंगन में बावली या तालाबनुमा स्थान तैयार कर स्थापित किया जाता है। वहीं सप्त धान अथवा सतनजा में धान, चना, गेहूं, ज्वार, मक्का, जौ और बाजरा शामिल किए जाते हैं। इन धानों से प्रसाद तैयार किया जाता है। बांस की टोकरी और मिट्टी के छोटे-छोटे कुल्हड़ों में पूजन सामग्री रखकर विधि-विधान से भगवान की पूजा की जाती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हरछठ व्रत में भगवान बलराम के साथ धर्म स्वरूप नंदी बैल का

## छुलहा स्टेशन पर ट्रेन ठहराव की मांग को लेकर कांग्रेस 5 सितंबर को सौंपेगी ज्ञापन

### 30 हजार की आबादी प्रभावित होने का दावा, मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कोरोना काल के दौरान बंद हुए यात्री ट्रेनों के ठहराव को छुलहा रेलवे स्टेशन पर पुन: बहाल कराने सहित क्षेत्र की विभिन्न रेलवे समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर कांग्रेस 5 सितंबर को स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से बिलासपुर रेल मंडल एवं जोन को ज्ञापन सौंपेगी। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ट्रेनों का ठहराव बहाल नहीं किया गया तो ग्रामीणों और यात्रियों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। जैतहरी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रजन कुमार राठौर ने बताया कि 5 सितंबर को दोपहर 1 बजे छुलहा रेलवे स्टेशन पर ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कोरोना काल से पहले स्टेशन पर रुकने वाली यात्री ट्रेनों के ठहराव को दोबारा शुरू करने की प्रमुख मांग रखी जाएगी। राठौर के अनुसार कोरोना काल से पहले इंदौर-बिलासपुर एक्सप्रेस, भोपाल-



बिलासपुर एक्सप्रेस, रीवा-बिलासपुर, बिलासपुर-चिरमिरी और दुर्ग-अंबिकापुर सहित कई यात्री ट्रेनों का छुलहा रेलवे स्टेशन पर ठहराव होता था। कोरोना के बाद इन ट्रेनों का ठहराव बहाल नहीं होने से क्षेत्र के ग्रामीणों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों और आम यात्रियों को आवागमन में परेशानी हो रही है। कांग्रेस का दावा है कि छुलहा, नगदहा, सिन्दुरी, हर्री, बर्री, भगतबांध, मौहरी, अमगवा, बेलिया, बेला, टांकी, कुसमहाई, खिरनाटोला, कांसा, कोड़ा और अगरियानार सहित 15 से अधिक गांवों की करीब 30 हजार आबादी इससे प्रभावित हो रही है।

उन्होगने बताया कि छुलहा रेलवे स्टेशन के फुट ओवरब्रिज का दोनों ओर विस्तार करने की मांग भी शामिल है। इसके अलावा पूर्व में स्टेशन के समीप मौजूद लेवल क्रॉसिंग को बंद कर करीब एक किलोमीटर दूर बनाए गए अंडरब्रिज तक पहुंचने वाले मार्ग का स्थायी रूप से सीसी या डामरीकरण कराने की मांग भी की जाएगी। हर्री-बर्री अंडरब्रिज, बीके-60 और बाईपास अंडरब्रिज में बारिश के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या को लेकर भी रेलवे प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की जाएगी। ज्ञापन में लिंक रोड के डामरीकरण, दोनों ओर नाली निर्माण और समुचित जल निकासी व्यवस्था की मांग रखी जाएगी।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 01 सितम्बर 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, भाद्रपद कृष्ण पक्ष की पंचमी, नक्षत्र- अश्विनी**

मेष -आज आपके सभी काम में उत्साह और उमंग छलकता हुआ प्रतीत होगा। तन-मन में स्फूर्ति और ताज़गी का अनुभव होगा। पारिवारिक वातावरण खुशहाल रहेगा।

वृषभ -क्रोध और हताशा की भावना आपके मन पर छायी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी साथ नहीं देगा। घर-परिवार की चिंता के साथ खर्च के मामले में भी आज चिंतित रहेंगे।

मिथुन -व्यापारीवर्ग के लिए आज का दिन शुभफलदायी है। व्यापार तथा आय में वृद्धि होगी। मित्रों से लाभ होगा। नौकरी में अधिकारियों की कृपादृष्टि से आपके लिए पदोन्नति भी संभव है। **क-600-360**

कर्क -आज ऑफिस में उच्च अधिकारी आपसे खुश होकर आपका उत्साह बढ़ाएंगे। आपकी पदोन्नति या वेतनवृद्धि होने की संभावना है। पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध प्रगाढ़ होंगे।

सिंह -आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आप धार्मिक और मांगलिक कार्यों में जा सकते हैं। आपका व्यवहार न्याय प्रिय रहेगा। धार्मिक प्रवास का आयोजन होगा। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा।

कन्या -आज के दिन नए काम की शुरूआत न करें। बाहरी खाद्य पदार्थों से स्वास्थ्य खराब होने की संभावना रहेगी। गुस्सा अधिक रहेगा, अत: बोलने पर संयम रखें।

तुला -आपका आज का दिन सफलता और आमोद- प्रमोद से भरा होगा, जिससे पूरे दिन मन में प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। सार्वजनिक जीवन में सफलता और सिद्धि प्राप्त करेंगे।

वृश्चिक -पारिवारिक शांति का माहौल आपके तन-मन को स्वस्थ रखेगा। निर्धारित काम में सफलता मिलेगी। नौकरी में साथी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। विरोधियों और शत्रुओं की चाल निष्फल होगी।

धनु -आज कार्य सिद्धि और सफलता न मिले तो हताश न हो। आप अपने काम करते रहें। क्रोध पर संयम रखें। संतान से सम्बंधित विषय से मन चिंताग्रस्त रहेगा। आज कोई यात्रा न करें।

मकर -आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा, जिससे मन में खिन्नता अनुभव होगा। शरीर में स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा। सार्वजनिक जीवन में मानहानि होने की संभावना रहेगी।

कुंभ -आज आप तन-मन से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल दूर होने से आपका उत्साह बढ़ेगा। भाई-बंधुओं से साथ मिलकर नए आयोजन को हाथ में लेंगे।

मीन -आज जिह्वा पर संयम न रखने से लड़ाई-झगड़े की आशंका बनी रहेगी। खर्च पर भी नियंत्रण रखें। धन सम्बंधित लेन-देन में भी सावधानी की आवश्यकता है। **मॉ-267-358**

1,3,4,8-10,33,42,84,48,05,44,14

## 5 सितंबर से वैंकटनगर में रुकेगी नर्मदा एक्सप्रेस

### पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को के प्रयासों से क्षेत्रीयजनों की बहुप्रतीक्षित मांग को मिली मंजूरी

**वैंक्टनगर, देशबन्धु।** पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वेंकटनगर सहित आसपास के हजारों रेल यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग और लगातार किए गए आंदोलन, धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन एवं पत्राचार के बाद ट्रेन नंबर 18234/18233 बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस का वेंकटनगर रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव स्वीकृत हो गया है।यह ठहराव 5 सितंबर से प्रारंभ होगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ट्रेन क्रमांक 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस वेंकटनगर स्टेशन पर लगभग 13:49 बजे पहुंचेगी,जबकि ट्रेन क्रमांक 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस का वेंकटनगर में लगभग 11.05 बजे ठहराव रहेगा।

**मांग को लेकर लगातार संघर्ष करते रहे पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को –** वेंकटनगर में नर्मदा एक्सप्रेस के ठहराव की मांग लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा उठाई जा रही थी।इस मांग को लेकर पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने रेलवे प्रशासन के समक्ष



लगातार आवाज उठाई। विधायक द्वारा मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने के साथ ही धरना-प्रदर्शन और रेलवे अधिकारियों से लगातार पत्राचार किया गया। क्षेत्रवासियों के अनुसार मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में रेल रोको आंदोलन की चेतावनी तक दी गई।लगातार बढ़ते जनदबाव और विधायक के प्रयासों के बाद आखिरकार रेलवे प्रशासन ने वेंकटनगर में नर्मदा एक्सप्रेस के ठहराव को मंजूरी दी है।

**हजारों यात्रियों को मिलेगी सुविधा –** नर्मदा एक्सप्रेस के ठहराव से वेंकटनगर सहित पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के ग्रामीणों,विद्यार्थियों,किसानों, व्यापारियों,नौकरीपेशा लोगों और आम यात्रियों को बिलासपुर,शहडोल,इंदौर सहित अन्य प्रमुख शहरों तक आवागमन में सुविधा मिलेगी।क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह केवल ट्रेन का ठहराव नहीं,बल्कि लंबे समय से उठाई जा रही जनहित की मांग की जीत है।

**क्षेत्रवासियों ने विधायक का दिल से जताया आभार –** नर्मदा एक्सप्रेस का ठहराव स्वीकृत होने पर वेंकटनगर सहित आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को का दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर उन्होंने लगातार संघर्ष किया और रेलवे प्रशासन के सामने प्रभावी ढंग से क्षेत्र की आवाज रखी।क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई कि विधायक इसी तरह जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष करते रहेंगे और पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में रेल,सड़क,शिक्षा,स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

नर्मदा एक्सप्रेस का वेंकटनगर में ठहराव क्षेत्र के लिए निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है,जिसे क्षेत्रवासी लंबे संघर्ष के बाद मिली जनहित की बड़ी सफलता के रूप में देख रहे हैं।

## पुष्पराजगढ़ में 9 पंप ऑपरेटरों पर लगे आरोपों की होगी जांच, 3 दिन में मांगी रिपोर्ट

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जनपद पुष्पराजगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत किगरी में जल प्रदाय योजना के तहत कार्यरत पंप ऑपरेटरों को लेकर सामने आए आरोपों के बाद जनपद ने जांच के आदेश जारी किए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पुष्पराजगढ़ द्वारा जारी आदेश में 9 आदिवासी पंप ऑपरेटरों को हटाने/बदलने, दबावपूर्वक हस्ताक्षर कराने, सुरक्षा सामग्री उपलब्ध नहीं कराने, मानदेय भुगतान में समस्या तथा नौकरी से निकालने की धमकी जैसे आरोपों का उल्लेख किया गया है। आदेश के अनुसार मामले की तथ्यात्मक एवं बिंदुवार जांच के लिए पंचायत समन्वय अधिकारी भागवत प्रसाद पनिका तथा उपयंत्री अजय तांडिया को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जांच दल को ग्राम पंचायत किगरी में स्थल निरीक्षण कर संबंधित पंप ऑपरेटरों, ठेकेदार एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के बयान लेने तथा योजना से जुड़े उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच में 9 पंप ऑपरेटरों को हटाने या बदलने की वास्तविक स्थिति एवं कारण, दबावपूर्वक अथवा जबरन हस्ताक्षर कराने के आरोप, सुरक्षा सामग्री की उपलब्धता, पंप ऑपरेटरों के मानदेय भुगतान की स्थिति, नौकरी से निकालने की धमकी तथा ठेकेदार द्वारा अनुबंध, कार्यादेश एवं विभागीय निर्देशों के अनुरूप कार्य किए जाने की स्थिति की जांच की जाएगी। सीईओ ने जांच उपरांत प्रत्येक आरोप पर स्पष्ट निष्कर्ष, दस्तावेजों एवं बयानों जांच प्रतिवेदन 3 दिन में मांगी हैं।

# जेएनसीटी में दीक्षारंभ: नए विद्यार्थियों ने लिया सपनों को उड़ान देने का संकल्प

## कॉलेज सिर्फ डिग्री लेने की जगह नहीं, भविष्य बनाने का है मंच हैं: डा. एस एस तिवारी



### प्रो. ऋषि तिवारी ने दिया समय के सदुपयोग का मंत्र

**रीवा, देशबन्धु।** जेएनसीटी इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा में मंगलवार को प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इंजीनियरिंग की दुनिया में कदम रखने वाले विद्यार्थियों का कॉलेज में पारंपरिक तिलक लगाकर स्वागत किया गया। पहले ही दिन विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अनुशासन, समय प्रबंधन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मॉडल साइंस कॉलेज के गणित विभागाध्यक्ष प्रो. ऋषि तिवारी मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता जेएनसीटी एवं कृष्णा ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एस.एस. तिवारी ने की डॉ एस एस तिवारी बोले- अवसर को पहचानें, मेहनत से सफलता हासिल करें विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए चेयरमैन डॉ. एस.एस. तिवारी ने कहा कि कॉलेज जीवन केवल डिग्री हासिल करने का समय नहीं, बल्कि अपने व्यक्तित्व और भविष्य को आकार देने का महत्वपूर्ण अवसर है। विद्यार्थियों को बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए निरंतर मेहनत करनी चाहिए।



उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि 'सफलता के अवसर हर विद्यार्थी के सामने होते हैं, जरूरत है उन्हें पहचानने और पूरी ईमानदारी से मेहनत करने की।' उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीकी ज्ञान के साथ व्यवहारिक कौशल, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का आह्वान किया। प्रो. ऋषि तिवारी ने कहा- समय का सदुपयोग ही सफलता की पहली सीढ़ी मुख्य अतिथि प्रो. ऋषि तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए समय के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में समय सबसे मूल्यवान पूंजी है। जो विद्यार्थी समय का सही प्रबंधन करना सीख जाता है, वह अपने लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, सकारात्मक सोच और उपलब्ध अवसरों का सदुपयोग करने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. मिहिर पाण्डेय ने नवागत विद्यार्थियों का



स्वागत करते हुए उन्हें जेएनसीटी परिवार का हिस्सा बनने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्था की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, समय पालन और आवश्यक नियमों की जानकारी दी। इस अवसर पर डीन डॉ अनुभव पाण्डेय, फर्स्ट ईयर इंचार्ज डॉ दीपक पांडेय, रजिस्ट्रार जे एस परिहार सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# लगातार हो रही बारिश से सड़क धंसी, अमिलिया-हनुमान मार्ग बंद



**सीधी, देशबन्धु।** लगातार बारिश के कारण अमिलिया-हनुमान मार्ग पर स्थित कैमूर पहाड़ में सड़क का एक बड़ा हिस्सा धंस गया है। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे पहाड़ का एक हिस्सा सड़क पर आ गिरा, जिससे इस रास्ते पर आना-जाना पूरी तरह बंद हो गया।

पुलिस ने सुरक्षा के लिए मार्ग को सील कर दिया है। बताया जा रहा है कि लगातार बारिश के चलते कैमूर पहाड़ मार्ग पर पहले से ही करीब चार जगहों पर सड़क खराब थी। बीती रात सड़क का एक और हिस्सा धंसने के बाद अब सिर्फ 8 फीट चौड़ा रास्ता ही बचा था। ऐसे में इस संकरे रास्ते से भारी वाहनों का आना-जाना बहुत खतरनाक हो गया था। सड़क के दोनों ओर पहाड़ी इलाका होने के कारण किसी भी समय बड़े हादसे का खतरा बना हुआ था। लगातार बारिश से पहाड़ की मिट्टी कमजोर हो रही है, जिससे सड़क के खराब हिस्सों का फैलाव लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, रास्ते की हालत इतनी खराब हो चुकी थी कि वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ रहा था। खासकर भारी और ओवरलोड वाहनों के निकलने से सड़क के और धंसने का खतरा था।

## सार-समाचार

### रेडक्रॉस सोसाइटी की समीक्षा बैठक आयोजित



**रीवा, देशबन्धु।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ राजेंद्र प्रसाद पांडे की अध्यक्षता में रेड क्रॉस सोसाइटी एवं जिला निशक्त पुनर्वास के समस्त कर्मचारियों अधिकारियों की बैठक ली एवं समस्त कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा कर निर्देश करते हुए कर्मचारियों से कहा कि आप अपने द्वारा किए गए कार्यों की रिपोर्टिंग एवं फोटोग्राफ अगली बैठक में प्रस्तुत करें साथ ही जे, आर, सी, बाय, आर, सी, की गतिविधियों के साथ ब्लड डोनेशन हेल्थ कैंप में भी ज्यादा गति लाने हेतु निर्देशित किया क्रियाकलापों में अगर संसाधनों की कमी होती है तो मेरे द्वारा पूर्ण की जाएगी मैं अपने स्तर से इन कमियों को पूरा करूंगा महीने में कम से कम तीन तीन ब्लड डोनेशन कैंप हेल्थ कैंप आयोजित किए जाए।

### पाठ्य पुस्तकों का शत-प्रतिशत वितरण करें सुनिश्चित, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई: कलेक्टर

*कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक में दिए निर्देश*



**मऊगंज, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागीय योजनाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में प्राप्त पाठ्य पुस्तकों के वितरण की जानकारी लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त पाठ्य पुस्तकों का शत-प्रतिशत वितरण छात्र-छात्राओं को सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि पाठ्य पुस्तकें कार्यालय अथवा गोदाम में रखी हुई नहीं दिखनी चाहिए। सभी पुस्तकें समय पर विद्यार्थियों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि वितरण कार्य में लापरवाही अथवा उदासीनता पाए जाने पर संबंधित बीआरसी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की शैक्षणिक तैयारी को विशेष प्राथमिकता देते हुए नीट एवं आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम के अनुरूप विषयवार अध्ययन, अभ्यास एवं मार्गदर्शन मिलना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की विषय संबंधी कठिनाइयों का समाधान करने के साथ-साथ नियमित अभ्यास एवं मूल्यांकन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

# त्योंथर बढ़ते जलस्तर पर विधायक ने प्रशासन को दिए विशेष निर्देश



**त्योंथर, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र के तराई अंचल में एक बार फिर बाढ़ की स्थिति निर्मित होने लगी है।बेलन एवं गोरमा नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है,जबकि टमस नदी पहले से ही उफान पर है। लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने प्रशासनिक अधिकारियों को विधानसभा क्षेत्र के सभी डूब प्रभावित एवं नदी तटवर्ती क्षेत्रों पर निरंतर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। विधायक श्री तिवारी स्वयं भी प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लगातार संपर्क में हैं और क्षेत्र की स्थिति की नियमित जानकारी ले रहे हैं।उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित की जाएं तथा जरूरतमंद परिवारों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। प्रशासनिक स्तर पर प्रभावित एवं जरूरतमंद लोगों को दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं एवं राहत सामग्री उपलब्ध कराने का कार्य भी किया जा रहा है। साथ ही नदी घाट एवं तटवर्ती क्षेत्रों में बसे ग्रामीणों को विशेष सावधानी बरतने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है। सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रशासन के साथ मिलकर स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं तैयार है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें, नदी एवं जलभराव वाले क्षेत्रों के आसपास जाने से बचें तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें।

# पुलिस अभिरक्षा से भागे आरोपी ने किया ग्रामीण पर जानलेवा हमला

**घायल के परिजनों ने किया अस्पताल के बाहर प्रदर्शन**



**सीधी, देशबन्धु।** पुलिस कस्टडी से फरार एक आरोपी ने ग्रामीण पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना के बाद बुधवार शाम 4 बजे घायल के परिजनों ने सेमरिया सामुदायिक अस्पताल के सामने प्रदर्शन किया। मामला सेमरिया थाना क्षेत्र के देवगढ़ गांव में का है।

तत्संबंध में घायल परशुराम सोनी ने बताया कि रात करीब 2 बजे वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। तभी उन्हें दरवाजा तोड़ने की आवाज सुनाई दी। जब परशुराम बाहर देखने पहुंचे, तो एक व्यक्ति ने उन पर तेज हथियार से हमला कर दिया। हमले में वह घायल होकर वहीं गिर पड़े। करीब आधे घंटे बाद घर के दूसरे सदस्यों की नजर उन पर पड़ी। इसके बाद उन्हें उठाकर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। आरोप है कि फरार आरोपी राजबहोर रजक उर्फ कल्लू (करीब 36 साल, पिता वंश बहादुर, निवासी देवछा) ने यह हमला किया। कल्लू 28 अगस्त को देवगढ़ में हुई चोरी की घटना का आरोपी है। तब ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंपा था, जबकि उसके तीन साथी भाग गए थे। पुलिस कल्लू को इलाज के लिए सेमरिया सामुदायिक अस्पताल लाई थी, जहां से वह पुलिस कस्टडी से फरार हो गया था। हमले की घटना के बाद घायल के परिजनों ने अस्पताल के सामने प्रदर्शन कर आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की।

# बारिश के बीच कलेक्टर एवं एसपी ने किया क्षेत्रों का निरीक्षण

## जलभराव वाले गांवों में पहुंच कर ली प्रभावित परिवारों की सुध



**मऊगंज, देशबन्धु।** कलेक्टर संजय कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन ने अधिकारियों के साथ वर्षा प्रभावित गांवों और जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नालों के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। नागरिक नदी, नाले और जलभराव वाले क्षेत्रों के समीप न जाएं।

उन्होंने अधिकारियों को जलस्तर की सतत निगरानी करने तथा ग्रामीणों को समय-समय पर स्थिति की जानकारी देने के निर्देश दिए। नईगढ़ी क्षेत्र में जलभराव का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने तत्काल जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभिन्न गांवों में आमजन से संवाद कर वर्षा, जलभराव और स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता के अनुसार प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।कलेक्टर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

किसी भी आपात स्थिति में प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने तथा राहत एवं बचाव के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन, पुलिस एवं बचाव दलों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को जलमग्न पुल और पुलिया पर आवागमन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपनी जान खतरे में डालकर गहरे पानी में न जाने दें। होमगार्ड्स और एसडीआरएफ की टीम को सतर्क रखें। आवश्यकता होने पर राहत और बचाव कार्य तत्काल करें। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# संभाग में किसी भी गर्भवती महिला की प्रसव के दौरान न होने पाए मृत्यु: कमिश्नर

**रीवा, देशबन्धु।** रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेंद्र सिंह ने बुधवार को आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान संभाग के सभी डीपीओ एवं सीडीपीओ को स्पष्ट हिदायत दी कि संभाग के किसी भी जिले में गर्भवती महिला की प्रसव के दौरान मृत्यु न होने पाए।

सभी गर्भवती महिलाओं के प्रसव नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल में ही कराए जाएं। किसी भी स्थिति में गर्भवती महिलाओं का प्रसव घर पर न कराया जाए। कमिश्नर ने कहा कि गर्भवती महिला की प्रसव के दौरान मृत्यु होने पर संबंधित जिले के डीपीओ एवं सीडीपीओ एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता पर जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कमिश्नर ने कहा कि गर्भवती महिला को प्रथम माह से 9 माह तक स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की निगरानी में रखा जाता है।अत: गर्भवती महिला की क्रिटिकल स्थिति होने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कमिश्नर ने कहा कि यदि गर्भवती महिलाओं की क्रिटिकल कंडीशन है तो प्रसव के 7 दिवस पूर्व गर्भवती महिला को जिला चिकित्सालय के बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराया जाए।

# शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाढ़ का आंकलन कर पीड़ित परिवारों को मिले सहायता राशि : मगू



**रीवा, देशबन्धु।** जिले में लगातार हो रही बारिश से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ और जलभराव की स्थिति से जनजीवन प्रभावित हुआ है। नगरीय क्षेत्र से लगे मैदानी, करहिया, शिल्परी, अजगरहा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाढ़ के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। ऐसे में प्रशासन को शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी बाढ़ से हुए नुकसान का निष्पक्ष आकलन कर पीड़ित परिवारों को शीघ्र सहायता राशि उपलब्ध करानी चाहिए।

यह बात कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह मगू ने कही। उन्होंने कहा कि बाढ़ की विभीषिका से प्रभावित परिवारों के सामने घर-गृहस्थी के सामान, फसल और अन्य संपत्तियों के नुकसान के कारण गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्रशासन को प्रभावित क्षेत्रों में टीम भेजकर वास्तविक स्थिति का सर्वे कराना चाहिए, ताकि कोई भी जरूरतमंद परिवार राहत से वंचित न रहे। मगू ने कहा कि सरकार के प्रतिनिधियों से लेकर भाजपा के स्थानीय नेताओं तक सभी को राजनीतिक भेदभाव से ऊपर उठकर बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि राहत एवं सहायता वितरण में पूरी पारदर्शिता बरती जाए प्राथमिकता के आधार पर सहायता उपलब्ध कराई जाए।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता, लिया जायजा



**त्योंथर, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़री, मटियारी, टोकी, चंद्रपुर और अंजोरा में हुई भारी बारिश एवं जलभराव से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई घरों और दुकानों में दो से तीन फीट तक पानी भरने से गृहस्थी का सामान, अनाज और अन्य सामग्री खराब हो गई।

वहीं कई गरीब परिवारों के कच्चे मकान धराशायी होने से उनके सामने आवास और रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। सूचना मिलने पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं तराई अंचल के समाजसेवी कौशलेश तिवारी ने अंजोरा, पड़री सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर क्षतिग्रस्त मकानों का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने प्रभावित लोगों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।वहीं नगर पंचायत चाकघाट के वार्ड क्रमांक 13 बघेड़ी में भी अतिवृष्टि से जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद तिवारी ने त्योंथर एसडीएम त्योंथर राकेश चौरासिया से मुलाकात कर बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति पर चर्चा की।

# विधायक धौहनी ने किया आदिवासी बालक छात्रावास बस्तुआ का भूमिपूजन

## शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता: कुंवर सिंह




**सीधी, देशबन्धु।** जन जातीय कार्य विभाग द्वारा कुसमी विकासखंड के बस्तुआ में 322.99 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 50 सीटर आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास का भूमिपूजन धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने किया। छात्रावास के निर्माण से क्षेत्र के जनजातीय विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं सुविधायुक्त आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास का सबसे प्रभावी माध्यम है। जनजातीय क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के साथ बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। छात्रावास के निर्माण से विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा और उन्हें अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन और मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि बच्चों की शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का विद्यार्थी पूरी जिम्मेदारी से उपयोग करें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्रावास निर्माण की जानकारी ली तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। भूमिपूजन कार्यक्रम में श्रीमती अनीता सिंह समाजसेवी, पी.के. पाण्डेय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सीधी सहित गणमान्य नागरिक, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

# कलेक्टर तक पहुंची वार्ड 2 की पीड़ा, अगले ही दिन जेसीबी लेकर पहुंचा प्रशासन



**बैकुंठपुर, देशबन्धु।** 12 दिनों से जलभराव की समस्या झेल रहे वार्ड क्रमांक 2 के लोगों की फरियाद जब कलेक्टर तक पहुंची तो प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया। जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा मंगलवार को कलेक्टर के समक्ष मामला उठाए जाने के अगले ही दिन बुधवार को नगर परिषद, राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी से जाम नाली की सफाई शुरू कराई गई। गहमा-गहमी के बीच वार्ड क्रमांक 2 में जेसीबी लगाकर नाली की सफाई कराई गई। पानी निकासी में बाधक बने हिस्से को तोड़कर निकासी का रास्ता बनाया गया, जिससे लंबे समय से जमा पानी को बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू हो सकी।नगर परिषद के सीएमओ अजय कुमार पांडे, पार्षद रमा ओमप्रकाश गुप्ता, पार्षद बृजलाल कुशवाहा स्वयं मौके पर मौजूद रहकर सफाई एवं जलनिकासी कार्य की निगरानी करते रहे। उनके नेतृत्व में नगर परिषद का अमला मौके पर जुटा रहा। कार्रवाई में धीरेंद्र द्विवेदी, नितेश द्विवेदी, कमलनयन मिश्रा गोलू, नितिन शर्मा, दलबीर सिंह, शिव संपदाहिया, कपूर चंद्र, विनोद कुमार स्वीपर, कमलाकर प्रसाद पांडे, धीरेंद्र कुशवाहा, विनय सिंह एवं विवेक कुशवाहा सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। स्थिति को देखते हुए राजस्व और पुलिस प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहा। तहसीलदार ललन सिंह, नायब तहसीलदार तेजपति सिंह एवं पटवारी सिद्धार्थ सिंह ने प्रशासनिक व्यवस्था संभाली, जबकि थाना प्रभारी श्रृंगेश राजपूत पुलिस स्टाफ के साथ तैनात रहे। गौरतलब है कि नाली जाम होने से वार्ड क्रमांक 2 में करीब 12 दिनों से जलभराव की स्थिति बनी हुई थी। घरों और दुकानों के आसपास पानी जमा होने से स्थानीय लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। समस्या के निराकरण के लिए विष्णुकांत कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष बिरसा मुंडा विचार मंच के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कलेक्टर से मुलाकात कर तत्काल कार्रवाई की मांग की थी कलेक्टर के समक्ष मामला पहुंचने के बाद अगले ही दिन शुरू हुई कार्रवाई से वार्डवासियों में राहत की उम्मीद जगी है।



## 12 दिनों के जलभराव के बाद खुली जाम नाली, निकासी के लिए तोड़ा गया रास्ता

## इमरान व बीवी बुशरा को एकांत कारावास में न रखा जाए : हाईकोर्ट

**इस्लामाबाद,** (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को एकांत कारावास में न रखे जाने का आदेश जेल प्रशासन को दिया है। अदालत ने मंगलवार को सख्त निर्देश दिया कि दोनों को जेल मैनुअल के मुताबिक सभी सुविधाएं दी जाएं। इसके साथ ही कोर्ट ने इमरान खान को उनके बेटों से फोन पर बात कराने का भी आदेश दिया है। क्रिकेटर से राजनेता बने 73 वर्षीय खान और उनकी पत्नी अभी रावलपिंडी की अदियाला जेल में कैद हैं। दोनों भ्रष्टाचार और उससे जुड़े अन्य मामलों में जेल की सजा काट रहे हैं। पाकिस्तानी दैनिक डॉन ने बताया कि इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) के जस्टिस खादिम हुसैन सूमरो ने यह फैसला सुनाया। उन्होंने खान और बीबी को कथित तौर पर एकांत कारावास में रखने को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सुनवाई के काबिल माना। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि खान के पारिवारिक सदस्यों को जेल नियमों के अनुसार उनसे मिलने की इजाजत दी जाए और अधिकारियों को आदेश दिया कि वे खान और उनके बेटों के बीच टेलीफोन पर बातचीत की व्यवस्था करें। आईएचसी ने अदियाला जेल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे खान को रोजाना अखबार और किताबें उपलब्ध कराएं और यह सुनिश्चित करें कि उन्हें जेल के नियमों के अनुसार चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।

### राष्ट्रपति डोनाल्ड टंप ने ईरान को बताया 'विफल राष्ट्र', कहा

# गंभीर आर्थिक व सैन्य दबाव का सामना कर रहा ईरान

■ **अमेरिका के अभियान का मुख्य उद्देश्य है ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना**



**अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट में स्थिति को नियंत्रण में रखा हुआ है और वह व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही में मदद कर रहा है : डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति**

**वॉशिंगटन,** (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा करते हुए कहा कि ईरान की सैन्य ताकत पहले की तुलना में काफी कमजोर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई के बाद ईरान के पास नेतृत्व करने वाला कोई स्पष्ट लीडर दिखाई नहीं देता है। जब ट्रंप से पूछा गया कि बातचीत रुकने और नए हमलों के बाद ईरान में नेतृत्व कौन संभाल रहा है, तो उन्होंने कहा कि उन्हें खुद भी शायद नहीं पता। मेरी राय में, उन्हें नहीं पता कि उनका नेता कौन है। कट्टरपंथी लोग तो हैं, लेकिन सैन्य दृष्टि से उनका काफी सफाया हो चुका है, क्योंकि उनकी सेना अब पहले जैसी नहीं रही।

हालांकि, ट्रंप ने किसी खास व्यक्ति या समूह का नाम नहीं लिया, जिसे अमेरिका ईरान में वर्तमान नेतृत्व की भूमिका में मानता हो। उन्होंने अपने दावे के समर्थन में कोई सबूत भी पेश नहीं किया। ट्रंप ने ईरान को एक 'विफल राष्ट्र' बताते हुए कहा कि देश गंभीर आर्थिक और सैन्य दबाव का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि वहां 350 प्रतिशत महंगाई है, उनकी मुद्रा की हालत खराब है, सैनिकों को वेतन नहीं मिल रहा है, उनके कई नेता मारे जा चुके हैं, उनकी नौसेना लगभग खत्म हो चुकी है, वायुसेना भी नहीं के बराबर है और उनकी निगरानी व्यवस्था का अधिकांश हिस्सा भी नष्ट हो चुका है। जब ट्रंप से पूछा गया कि नए हमले सीमित कार्रवाई हैं या फिर पूर्ण युद्ध की ओर वापसी का संकेत हैं, तो उन्होंने सीधे तौर पर इस अभियान की अवधि या दायरे के बारे में कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि इसका यह मतलब नहीं है कि हम उन्हें जवाब नहीं देंगे। आगे क्या होगा, यह देखेंगे। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट में स्थिति को नियंत्रण में रखा हुआ है और वह व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही में मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में स्थिति हमारे नियंत्रण में है। हम वहां हालात को संभाल रहे हैं। कल रात नौसेना की मदद से कई जहाज सुरक्षित रूप से वहां से गुजर पाए।

### ईरान में कट्टरपंथी नेताओं का प्रभाव, अमेरिका की बदली रणनीति की सफलता पर उठ रहा सवाल



**नई दिल्ली।** अमेरिका ईरान के खिलाफ एक नई रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका अब वह केवल सैन्य कार्रवाई पर निर्भर रहने के बजाय एक अधिक संगठित और व्यापक आर्थिक दबाव की नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। यह तरीका मध्य पूर्व संघर्ष के शुरुआती दौर में शुरू किए गए 'ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी' से अलग बताया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, अब ईरान में आईआरजीसी (इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स) के कट्टरपंथी नेताओं का प्रभाव बढ़ने के कारण इस नई रणनीति के सफल होने की संभावना कम दिखाई देती है। इंडिया नैरेटिव में प्रकाशित एक लेख के मुताबिक, इतिहास बताता है कि कड़े प्रतिबंधों और आर्थिक दबाव ने उन शासन व्यवस्थाओं पर सीमित असर दिखाया है जिनकी विचारधारा कठोर हो और जिनकी संस्थाएं तथा व्यवस्था अंदर से मजबूत हों।

### अमेरिका को मदद न दें क्षेत्रीय देश : ईरान



■ **ईरान के सशस्त्र बलों ने पश्चिमी एशियाई देशों को दी चेतावनी**

**तेहरान।** ईरान के खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय और सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने पश्चिमी एशियाई देशों को चेतावनी दी है कि वे ईरान पर हमला करने के लिए अमेरिका को अपनी जमीन या हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल की इजाजत न दें। ईरान के सरकारी प्रसारक आईआरआईबी के मुताबिक, 'क्षेत्र के कई देशों की ओर से पहले दी गई चेतावनियों और आधिकारिक बयानों के बावजूद कि वे अमेरिकी हमलावर सेना को अपनी जमीन और हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल कभी नहीं करने देंगे, अमेरिकी सेना हमारे देश और कई ईरानी सैन्य ठिकानों पर हमले के लिए उनका लगातार इस्तेमाल कर रही है। इस सिलसिले में ईरानी सशस्त्र बलों ने साफ किया है कि वे किसी भी तरह की आक्रामकता को बर्दाश्त नहीं करेंगे और इसका जवाब कहीं ज्यादा ताकत से देंगे। ईरानी मीडिया ने ईरान के लारक द्वीप पर अमेरिकी हमलों की रिपोर्ट दी। एक्सियोस के पत्रकार बराक रविद ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि अमेरिका ने द्वीप पर मौजूद ईरानी मिसाइल लॉन्चरों को निशाना बनाया।

## आज का इतिहास

1189 – हेनरी द्वितीय के बाद रिचर्ड को इंग्लैंड का राजा बनाया गया।
1617 – मुमताज़ महल (नूरजहाँ) की पुत्री रोशन आरा बेगम का जन्म।
1783 – अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पेरिस की संधि के साथ क्रांतिकारी युद्ध समाप्त हो गया।
1833 – अमेरिका में पहला सफल समाचार पत्र 'न्यूयार्क सन' बेंजामिन एच डे के द्वारा शुरू किया गया था।
1923 – सुप्रसिद्ध तबला वादक किशन महाराज का जन्म।
1939 – ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविले चेम्बरलिन द्वारा एक रेडियो प्रसारण पर ब्रिटेन और फ्रांस का जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ।
1943 – दूसरे विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्टों ने इटली पर हमला किया।
1948 – भारत के उप-प्रधानमंत्री वल्लभभाई पटेल ने सेना को हैदराबाद में कार्रवाई करने और उसे भारतीय संघ में एकीकृत करने का आदेश दिया।

## सुडोकू 7381

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | | | | |
| 7 | | | | 1 | 4 | | 8 | |
| 6 | | | | | | | | |
| 1 | 8 | | | 4 | | | 5 | |
| 2 | | | 1 | | 5 | | | 6 |
| | 9 | | | 8 | | | 2 | 3 |
| | | | | | | | | 2 |
| | 1 | | 4 | 5 | | | | 9 |
| | | | | | 7 | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## इल्तिजा मुफ्ती ने विरोध दर्ज करा रहे जम्मू-कश्मीर के मेडिकल इंटर्न का किया समर्थन

**श्रीनगर,** (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर के मेडिकल कॉलेजों में 12 से 48 घंटे की कठिन ड्यूटी और भारी काम के बावजूद बेहद कम स्टाइपेंड मिलने के विरोध में सड़कों पर उतर आये एमबीबीएस और बीडीएस इंटर्न का समर्थन किया है।



■ **12,300 रुपए के मासिक इंटर्नशिप को बढ़ाकर तुरंत 30,000 रुपए किए जाने की मांग**

प्रदर्शनकारी डॉक्टरों की मांग है कि उनके मौजूदा 12,300 रुपए के मासिक इंटर्नशिप को बढ़ाकर तुरंत 30,000 रुपए किया जाये। सुश्री मुफ्ती मंगलवार को सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) श्रीनगर में प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचीं और उनके आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि काम का भारी बोझ उठाने के बावजूद जम्मू-कश्मीर में मेडिकल इंटर्न को देश में मिलने वाले सबसे कम स्टाइपेंड में से एक है। उन्होंने कहा, 'इंटर्न को 12 से 48 घंटे तक लगातार ड्यूटी करनी पड़ती है और पूरे जम्मू-कश्मीर में उन्हें बुनियादी छुट्टियों और पर्याप्त अवकाश से भी अक्सर वंचित रखा जाता है।' उन्होंने 30,000 रुपये मासिक स्टाइपेंड की मांग को तर्कसंगत और जायज बताते हुए कहा कि कई राज्य पहले ही इंटर्नशिप स्टाइपेंड में अच्छी-खासी बढ़ोतरी कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा और पश्चिम बंगाल लगभग 45,000 रुपये प्रदान करते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश ने अपने स्टाइपेंड को 12,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया है। बिहार ने भी अपने स्टाइपेंड में संशोधन किया है। सुश्री मुफ्ती ने कहा कि सरकार को अपनी प्राथमिकताओं पर गंभीरता से पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

## नेपाल त्रासदी : शवों का होगा डीएनए व पोस्टमॉर्टम




■ **बड़ी संख्या में शवों को अस्थायी रूप से दफनाया नेपाल सरकार**

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ के पीड़ितों के पार्थिव अवशेषों को लेकर काठमांडू स्थिति भारतीय दूतावास ने नया अपडेट जारी किया है। दूतावास ने बताया कि यह 29 अगस्त की प्रेस विज्ञप्ति का अगला अपडेट है। नेपाली अधिकारियों के अनुसार, विदेशी नागरिकों के शव सौंपने से पहले दस्तावेजीकरण, पोस्टमॉर्टम, फॉरेंसिक जांच और पहचान सत्यापन समेत कई औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी।

दूतावास ने बताया कि नेपाल सरकार के अनुसार, विदेशी नागरिकों के पार्थिव अवशेष उनके परिजनों या संबंधित अधिकारियों को सौंपने के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इस प्रक्रिया में पार्थिव अवशेषों से जुड़े सभी जरूरी दस्तावेज तैयार करना, शव की रिकॉर्ड की गई तस्वीरें/विवरण, पोस्टमॉर्टम जांच, मौत का कारण सत्यापित करना, औपचारिक रूप से पहचान स्थापित करना, फिंगरप्रिंट/डीएनए/फोरेंसिक सैंपल इकट्ठा करना, मृतक का पासपोर्ट/आईडी सत्यापित करना, दूतावास/काउंसलर समन्वय पूरा करना और पार्थिव अवशेष सौंपने से जुड़े दस्तावेज और रसीद की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें संबंधित पक्ष को सौंप दिया जाएगा।

इसके आलावा यदि रिश्तेदार और परिवार के सदस्य नेपाल पुलिस की वेबसाइट पर मृतक की तस्वीरों और विवरण के माध्यम से शव की पहचान कर पाते हैं, तो काठमांडू में भारतीय दूतावास शव को सौंपने और वापस भेजने से जुड़ी प्रक्रियाओं के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय में सहायता करेगा। स्वास्थ्य जोखिमों को रोकने के लिए नेपाल सरकार ने बड़ी संख्या में शवों को अस्थायी रूप से दफनाया है। ऐसे शवों की पहचान के लिए करीबी रिश्तेदारों (फर्स्ट-डिग्री रिलेटिव्स) के साथ डीएनए मिलान की आवश्यकता होगी।

### नेपाल नेशनल असेंबली में भोटेकोशी बाढ़ पर प्रस्ताव पारित



**दूसरों के विकास की हम चुका रहे कीमत : नेपाली सांसद**

**काठमांडू।** नेपाल-तिब्बत सीमा पर अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा को सात दिन बीत चुके हैं। नेपाल की राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक अब तक 1003 शव बरामद कर लिए गए हैं, वहीं 4 हजार से ज्यादा लापता बताए जा रहे हैं। इस बीच देश की नेशनल असेंबली ने भोटेकोशी बाढ़ पर विशेष प्रस्ताव पारित किया है। नेशनल असेंबली के स्पीकर नारायण प्रसाद दहल ने मंगलवार की बैठक में भोटेकोशी बाढ़ के संबंध में एक विशेष प्रस्ताव पेश किया। असेंबली ने इस प्रस्ताव को पारित कर दिया। चर्चा के दौरान, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की सांसद मदन कुमारी शाह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण नेपाल के पहाड़ पिघल रहे हैं और हमें इससे होने वाली तबाही का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को नेशनल असेंबली की बैठक में उन्होंने कहा, 'हमें जहर दिया गया है। हमें दूसरों के विकास की वजह से तबाही झेलनी पड़ रही है। भोटेकोशी में बाढ़ के दर्द से देश कराह रहा है। रसुवा, चितवन, धाडिंग, तनहुं, गोरखा, नुवाकोट और नवलपरासी ईस्ट जैसी जगहों पर शव मिल रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक, पहाड़ और ग्लेशियर के विशेषज्ञ अचानक आई बाढ़ के कारणों की जांच कर रहे हैं। नेपाल सेना समेत कई स्वयंसेवक बाढ़ पीड़ितों को बचाने और घायलों की तलाश करने के काम में लगे हैं।

## वर्ग पहेली 7381

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. प्राचीन कालीन, प्राचीन काल की बातों के अनुसंधान तथा अध्ययन संबंधी
४. कारखाना, लोहे-लकड़ी की चीजों के निर्माण या अन्य वस्तुओं के निर्माण की जगह
६. किसी चीज का टूटा हुआ हिस्सा
७. हिमालय की बर्फीली चोटियों पर प्राप्त बड़े-बड़े पदचिन्हों वाला कल्पित रहस्यमय प्राणी, येति
८. पैरों की धूल
१०. रवैया, रीति-रिवाज, तौर-तरीका
११. जिस किसी कारण वश अपने स्थान या पद से हट जाना पड़ा हो, पदच्युत
१३. एक प्रकार का श्वांस रोग
१४. सौगंध, कसम, हलफ़
१५. सिरमौर (उर्दू)
१७. लौटा या लौटाया हुआ, पुनः प्राप्त
१९. सूचित करना
२१. ध्यान बंटा कर दिया गया धोखा
२१. कलंकित
२४. नगरवासी

**ऊपर से नीचे:-**
१. धार्मिक कृत्य कराने वाला
२. व्यंग्य या चुटीली बातें करना (मुहावरा)
३. कड़वी एवं अप्रिय बात
४. कठोरता
५. चालाक, काइयां, चोर, गठकतरा(उर्दू)
९. जनता की भावना
११. दानव, राक्षस
१२. मोती, सीप से उत्पन्न
१३. या
१४. बलि चढ़ाकर शांति-रक्षा का प्रयास करने वाला
१५. साथ चलने वाला, साथी
१६. किसी के शरीर या वातावरण की उष्णता
१८. चिड़िया, पक्षी (उर्दू)
१९. बहरा
२०. अबोध, मूर्ख (उर्दू)
२३. किसी फल आदि का निचोड़, आनंद भाव

### वर्ग पहेली-7380

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | रा | २ का | ष्ठा | ■ | ■ | ३ बे | ल | ४ गा | म |
| रि | ■ | न | ■ | ५ अ | द्दा | ई | ■ | यि | ■ |
| ६ प | ता | का | ■ | वि | ■ | ७ मा | र | का | ८ ट |
| क्व | ■ | क | ■ | ९ भ | वा | नी | ■ | ■ | र |
| ■ | १० उ | च्चा | ११ यु | क्त | ■ | ■ | १२ अ | टू | ट |
| ■ | जा | ■ | द्ध | ■ | १३ अ | चं | भा | ■ | रा |
| १४ ना | ला | १५ य | क | ■ | पि | ■ | १६ व | १७ र | ना |
| स | ■ | ज | ■ | १८ आ | तु | १९ र | ■ | सा | ■ |
| २० म | हि | मा | ■ | लं | ■ | २१ ज | हा | ल | २२ त |
| झ | ■ | २३ न | क | ब | ज | नी | ■ | ■ | म |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## समुद्र का जलस्तर बढ़ने से कोलकाता व मुंबई के लोग हो सकते हैं प्रभावित : यूएन



■ **ग्लोबल वार्मिंग की वजह से समुद्र का जलस्तर बढ़ने के असर को लेकर दी गई चेतावनियां**

**संयुक्त राष्ट्र, (एजेंसियां)।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की एक रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि समुद्र का जलस्तर बढ़ने से कोलकाता और मुंबई में रह रहे लाखों लोग बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं। सोमवार को जारी रिपोर्ट में ग्लोबल वार्मिंग की वजह से समुद्र का जलस्तर बढ़ने के असर को लेकर कई गंभीर चेतावनियां दी गई हैं। ग्लोबल वार्मिंग से ग्लेशियर और बर्फ की परतें पिघलती हैं और पानी गर्म होता है, जिससे संपत्ति, लोगों और यहां तक कि संस्कृतियों पर भी असर पड़ता है।

पैसिफिक आइलैंड्स फोरम लीडर्स की 55वीं बैठक में सेक्रेटरी-जनरल अमीना मोहम्मद ने जो रिपोर्ट जारी की, उसके मुताबिक 2024 में समुद्र के जलस्तर में सालाना बढ़ोतरी अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है और यह लगभग छह मिलीमीटर दर्ज की गई है। इस बैठक की मेजबानी पलाऊ कर रहा है, जो प्रशांत महासागर के द्वीपों का एक देश है। समुद्र का जलस्तर बढ़ने से इसके कई द्वीप काफी हद तक डूब सकते हैं। यह बैठक इसी गंभीर खतरे को उजागर कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण एशिया के निचले डेल्टा इलाकों और भारत के कोलकाता और मुंबई व बांग्लादेश के ढाका जैसे शहरों में सबसे बड़ा असर लोगों के विस्थापन के रूप में दिख रहा है। यहां 1.4 करोड़ से अधिक लोगों के घर हमेशा के लिए पानी में डूबने का खतरा है। रिपोर्ट में इस डरावनी स्थिति के होने के लिए कोई निश्चित समय-सीमा तय नहीं की गई है। न्यूयॉर्क में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में असिस्टेंट सेक्रेटरी-जनरल नाविद हनीफ ने कहा कि समुद्र का बढ़ता जलस्तर एक चुनौती पेश करता है, क्योंकि उन इलाकों में लोग अपना तटीय इलाका खो रहे हैं। समुद्र के बढ़ते जलस्तर का असर सिर्फ तटीय इलाकों तक ही सीमित नहीं है। उन्होंने कहा, 'कृपया समुद्र के बढ़ते जलस्तर को एक बड़ी व्यवस्थागत समस्या के तौर पर देखें, क्योंकि इसका असर सेहत, खाद्य सुरक्षा, मानवाधिकारों और संस्कृति पर पड़ेगा।

## रूस ने यूक्रेन में फिर मचाई तबाही, एक भारतीय समेत 12 लोगों की मौत

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। यूक्रेन ने सोमवार शाम रूसी जेट-इंजन ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल से किए गए हमलों की एक और लहर का सामना किया।



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि एक बार फिर ये हमले सामान्य नागरिक ढांचे को निशाना बनाकर किए गए। अलग-अलग शहरों में हुए इन हमलों में कुल 12 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ''रूस के हमले के बाद हुए नुकसान से निपटने का काम कल रात से ही कई शहरों और समुदायों में लगातार जारी है। केवल कीव और उसके आसपास के क्षेत्र में ही करीब 350 बचावकर्मी राहत और बचाव कार्य में लगे हुए हैं। इन हमलों में बड़ी संख्या में जेट इंजन वाले ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया।

**अपील** *कश्मीर में पारंपरिक पर्यटन के पर्यावरणीय प्रभाव को लेकर बढ़ रही चिंता*

# पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान

सुरेश एस डुग्गर

■ **घाटी में ग्रामीण परिदृश्यों के आधार पर टिकाऊ पर्यटन विकसित करने की अपार क्षमता मौजूद**

**जम्मू, (देशबन्धु)।** पारंपरिक पर्यटन के पर्यावरणीय प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, कश्मीर के स्थानीय लोगों और हितधारकों ने पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन पर अधिक ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया है, उनका कहना है कि घाटी में अपने जंगलों, आर्द्रभूमि, पहाड़ों, घास के मैदानों और ग्रामीण परिदृश्यों के आधार पर टिकाऊ पर्यटन विकसित करने की अपार क्षमता है। वे कहते थे कि कश्मीर की प्राकृतिक संपदा पर्यटन क्षेत्र को पारंपरिक स्थलों से परे विविधतापूर्ण बनाने और प्रकृति, वन्यजीव, ट्रेकिंग, पक्षी अवलोकन, कैंपिंग, ग्रामीण अनुभवों और स्थानीय संस्कृति में रुचि रखने वाले आगंतुकों को आकर्षित करने का अवसर प्रदान करती है।

स्थानीय पर्यटन हितधारक मुश्ताक अली अहमद खान के बकौल, अगर पर्यावरण-पर्यटन को वैज्ञानिक तरीके से और स्थानीय समुदायों की भागीदारी के साथ विकसित किया जाए, तो यह कश्मीर के सबसे महत्वपूर्ण पर्यटन उत्पादों में से एक बन सकता है। हमारे पास जंगल, आर्द्रभूमि, घास के मैदान, नदियां, वन्यजीव क्षेत्र और दूरदराज के गांव हैं जो पर्यटकों को बिल्कुल अलग अनुभव प्रदान कर सकते हैं। उड़ी कस्बे के स्थानीय निवासी मोहसिन भट कहते थे कि विशेष रूप से पारिस्थितिक रूप से नाजुक क्षेत्रों में, बड़े पैमाने पर पर्यटन के बजाय कम प्रभाव वाले पर्यटन पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

घाटी के कई क्षेत्रों में पर्यटकों की बढ़ती संख्या, कचरा उत्पादन, यातायात और निर्माण कार्य के बढ़ते दबाव के कारण पर्यावरण-पर्यटन को बढ़ावा देने की आवश्यकता और भी महत्वपूर्ण हो गई है। विशेषज्ञों और हितधारकों का मानना है कि सुनियोजित पर्यावरण-पर्यटन से पर्यटकों की गतिविधियों को कम प्रसिद्ध क्षेत्रों तक पहुंचाने में मदद मिल सकती है, साथ ही स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा हो सकते हैं।

वन विभाग के एक अधिकारी का कहना था कि सरकार इस क्षेत्र को अधिक सुव्यवस्थित ढांचा प्रदान करने की दिशा में भी काम कर रही है। जम्मू कश्मीर सरकार एक पर्यावरण-पर्यटन नीति तैयार करने की प्रक्रिया में है, जिसे हाल ही में हुई सरकारी समीक्षा के अनुसार छह महीने के भीतर अंतिम रूप देकर अधिसूचित किए जाने की उम्मीद है।

डल झील में हाउसबोट के मालिक अब्दुल राशिद ने उपयुक्त स्थानों पर चिह्नित ट्रेकिंग और प्रकृति पथ, निर्देशित वन भ्रमण, पक्षी अवलोकन सर्किट, कैम्पिंग स्थल, साइकिलिंग मार्ग, ग्राम पर्यटन, होमस्टे और व्याख्या केंद्र विकसित करने का सुझाव दिया। जबकि कुपवाड़ा जिले की करनाह तहसील के निवासी खुशाल ख्वाजा कहते थे कि हर पर्यटन स्थल पर होटल और कंक्रीट की इमारतें होना जरूरी नहीं है।

# खेल जगत

## शुभमन गिल खिलाड़ियों को बहुत अच्छे से समझते हैं : शाहरुख

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज शाहरुख खान ने एक लीडर के तौर पर शुभमन गिल के विकास की तारीफ की है। उन्होंने भारत की टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान गिल को एक बहुत ही समझदार और रणनीतिक सोच वाला क्रिकेटर बताया, जिनका दिमाग हमेशा खेल के बारे में सोचता रहता है। शाहरुख, गुजरात टाइटंस के ड्रेसिंग रूम में गिल के साथ रहे हैं और उन्होंने इस युवा बल्लेबाज को आईपीएल में उभरते हुए लीडर से भारत के कप्तान बनने तक का सफर तय करते देखा है। उन्होंने कहा कि गिल की लीडरशिप की खूबियां बाहर से हमेशा साफ नहीं दिखतीं, लेकिन उनके साथ रोज ट्रेनिंग करने वाले टीम के साथियों को ये साफतौर पर समझ आती हैं। शाहरुख ने 'एजेंसी' के साथ एक खास बातचीत में कहा, 'जाहिर है कि एक कप्तान के तौर पर उन्होंने गुजरात टाइटंस की कप्तानी से लेकर देश की टेस्ट टीम की कप्तानी तक बहुत तरक्की की है।



## दलीप ट्रॉफी : तिलक वर्मा का दमदार प्रदर्शन

# नॉर्थ जोन को 7 विकेट से हराकर फाइनल में पहुंचा साउथ जोन

**बेंगलुरु,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। दलीप ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में साउथ जोन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नॉर्थ जोन को 7 विकेट से हराया। नॉर्थ जोन से मिले 181 रनों के लक्ष्य को साउथ जोन ने आसानी से 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान तिलक वर्मा का प्रदर्शन बल्ले से दमदार रहा।

■ नॉर्थ जोन पहली पारी में 175 रन बनाकर ऑलआउट हुई



लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ जोन की शुरुआत अच्छी रही। रिकी भुई और एन जगदीशन ने मिलकर पहले विकेट के लिए 64 रनों की अहम साझेदारी निभाई। जगदीशन 5 चौकों की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए, जबकि रिकी भुई 42 रन बनाने के बाद गुरनूर बरार का शिकार बने। शेख रशीद बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए।

हालांकि, इसके बाद कप्तान तिलक वर्मा और समरण रविचंद्रन ने साउथ जोन को कोई और झटका नहीं लगने दिया और चौथे विकेट के लिए 80 रनों की अटूट साझेदारी निभाते हुए टीम को जीत दिलाई। पहली पारी में शतक लगाने वाले तिलक ने दूसरी इनिंग में 79 गेंदों में 51 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 8 चौके लगाए। वहीं, समरण 42 गेंदों में 4 चौके और एक छक्के की मदद से 32 रन बनाकर नॉटआउट रहे। नॉर्थ जोन ने पूरी टीम पहली पारी में सिर्फ 175 रन बनाकर ऑलआउट हुई थी। कमरान इकबाल ने टीम की ओर से सर्वाधिक 76 रन बनाए, जबकि साउथ जोन की ओर से गेंदबाजी में विदवथ कवेरप्पा सबसे ज्यादा 4 विकेट चटकाए। साउथ जोन ने इसके जवाब में पहली पारी में कप्तान तिलक की 116 रनों की शतकीय पारी के बूते 312 रन बनाए और 117 रनों की बढ़त हासिल की। तिलक के अलावा, श्रेयस गोपाल ने 87 रनों का योगदान दिया।

नॉर्थ जोन की तरफ से गुरनूर बरार ने सर्वाधिक 4 विकेट निकाले। दूसरी पारी में नॉर्थ जोन की पूरी टीम 297 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम की तरफ से सनत सांगवान ने 76 रनों की दमदार पारी खेली, जबकि आयुष दोसेजा ने 52 रन बनाए। साउथ जोन की ओर से गेंदबाजी में एमडी निधिश ने 56 रन देकर 5 विकेट चटकाए। इस जीत के साथ साउथ जोन ने दलीप ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है।

## भारत को मिली 'विमेंस चैंपियस ट्रॉफी 2027' की मेजबानी

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। पहली आईसीसी विमेंस चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल 14-28 फरवरी के बीच खेली जाएगी, जिसकी मेजबानी अब भारत को मिल गई है। इसके पीछे की वजह श्रीलंका को मेजबानी से हटाया जाना है, क्योंकि वहां के क्रिकेट बोर्ड में सरकारी दखल के बाद प्रशासनिक सुधारों की प्रक्रिया जारी है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने एक बयान में कहा कि 6 टीमों वाला यह टूर्नामेंट अब दो वेन्यू पर खेला जाएगा, जिनमें क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (मुंबई) और इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम (वडोदरा) शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम इस प्रतियोगिता के लिए नहीं चुना गया, जहां भारत ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 का खिताब अपने नाम किया था। आईसीसी ने कहा, 'यह टूर्नामेंट पहले श्रीलंका में होना था, लेकिन अब यह भारत में होगा, क्योंकि श्रीलंका क्रिकेट जुलाई में आईसीसी के सालाना सम्मेलन में तय किए गए जरूरी सुधार कर रहा है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) का कामकाज अभी एक अंतरिम 'ट्रांसफॉर्मेशन कमेटी' (बदलाव समिति) की देखरेख में जारी है।

# वर्ल्ड कप में रोहित-कोहली जैसे खिलाड़ी होना बहुत बड़ी ताकत : जोंटी रोड्स

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जोंटी रोड्स मानते हैं कि भारतीय टीम में रोहित शर्मा जैसा अनुभवी खिलाड़ी होना टीम इंडिया के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि दो बार की चैंपियन टीम आईसीसी मेंस वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी की दिशा में आगे बढ़ रही है। दाएं हाथ के 39 वर्षीय ओपनर रोहित शर्मा ने अपने वनडे करियर में 288 मैच खेले हैं, जिसमें 48.95 की औसत के साथ 11,895 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 34 शतक और 62 अर्द्धशतक निकले। रोहित इस फॉर्मेट में 3 दोहरे शतक लगा चुके हैं। वह वनडे वर्ल्ड कप 2019 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे और उन्होंने घरेलू मैदान पर खेले गए वर्ल्ड कप 2023 में भारत को उपविजेता (रनर-अप) बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। रोड्स ने 'जियोस्टार' से कहा, 'आपको यह याद रखना होगा कि वर्ल्ड कप का अनुभव एक ऐसी चीज है जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। हम खिलाड़ियों के टैलेंट, उनकी काबिलियत और उनके प्रदर्शन पर ध्यान देते हैं। हो सकता है कि उन्होंने कोई शानदार पारी खेली हो या अच्छा सीजन बिताया हो, लेकिन जब दबाव वाले पलों की बात आती है, तो वर्ल्ड कप में दबाव बहुत ज्यादा होता है।

■ रोहित शर्मा ने अपने वनडे करियर में 288 मैच खेले हैं



खिलाड़ी शारीरिक रूप से तो खुद को संभाल सकते हैं, लेकिन मानसिक मजबूती एक ऐसी चीज है, जिसे हम अक्सर टीम चुनते समय ध्यान में नहीं रखते, लेकिन एक ऐसे व्यक्ति के तौर पर जिसने चार क्रिकेट वर्ल्ड कप खेले हैं और दो बार सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया, मैं जानता हूं कि यह कितना तनावपूर्ण हो सकता है। इसलिए वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा और कोहली जैसा खिलाड़ी होना बहुत बड़ी ताकत है।

रोड्स यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में रॉटरडैम डॉकर्स के सह-मालिक हैं। उन्होंने अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के जबरदस्त प्रतिस्पर्धी जज्बे की भी तारीफ की और उनकी तीव्रता की तुलना अतीत की दबदबा बनाने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीमों की आक्रामक मानसिकता से की। रोहित की तरह कोहली भी वनडे फॉर्मेट में भारतीय बल्लेबाजी क्रम के मुख्य स्तंभ रहे हैं। कोहली 314 वनडे मुकाबलों में 58.59 की औसत के साथ 14,941 रन बना चुके हैं, जिसमें 54 शतक और 79 अर्द्धशतक हैं। उन्होंने कहा, 'हमने ऑस्ट्रेलिया को कई वर्ल्ड कप जीतते देखा है और उनका आक्रामक रवैया और जीत की उम्मीद भी देखी है।

# एशियन गेम्स को लेकर काफी उत्साहित हूं: सिंधु

**चेन्नई,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु का कहना है कि जापान में होने वाले एशियन गेम्स 2026 को लेकर उनकी पूरी तैयारी है और वह इस टूर्नामेंट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। सिंधु ने कहा कि जापान ओपन को जीतने वाली पहली भारतीय बनने की उन्हें काफी खुशी है। दरअसल, पीवी सिंधु एशियन टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 के लॉन्च कार्यक्रम में पहुंची थीं। यह टूर्नामेंट 26 से 29 अक्टूबर तक तमिलनाडु में खेला जाना है, जिसमें 13 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इवेंट के दौरान सिंधु ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, 'मुझे बहुत खुशी है कि मैंने जापान ओपन का खिताब जीता और जाहिर है कि मुझे इस बात की भी खुशी है कि सब कुछ अच्छा चल रहा है। हम जल्द ही एशियन गेम्स के लिए रवाना हो रहे हैं और मैं इसके लिए बहुत उत्साहित हूं।



आज मैं यहां टेनिस बॉल क्रिकेट लीग के लिए आई हूं। मुझे यहां आकर बहुत खुशी हो रही है। मैं उन सभी को और टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं। सिंधु ने आगे कहा, 'मुझे खुशी है कि टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन इस तरह की लीग का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें एथलीट बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस लीग से एथलीट्स को अपनी काबिलियत दिखाने का भी मौका मिलेगा। मुझे एथलीट्स को इस लीग में दमदार प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं देती हूं। मुझे उम्मीद है कि इस लीग को सरकार से भी बहुत ज्यादा सहयोग मिलेगा। जाहिर है कि सरकार का सहयोग हमेशा बना रहा है और हम सभी इस सहयोग के लिए बहुत-बहुत आभारी हैं।' सिंधु का प्रदर्शन हाल ही में भारत की सरजमीं पर खेली गई बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 में निराशाजनक रहा था। सिंधु को राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में चीनी खिलाड़ी वांग झी यी से हार गई थीं। वांग झी ने यह मुकाबला 21-11, 15-21 और 21-17 से अपने नाम किया था। भारत इस टूर्नामेंट में सिर्फ एक ब्रॉन्ज मेडल ही जीत सका था। ऐसे में भारत की स्टार शटलर सिंधु एशियन गेम्स 2026 में जरूर दमदार प्रदर्शन करना चाहेंगी।

> मुझे खुशी है कि टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन इस तरह की लीग का आयोजन कर रहे हैं : पीवी सिंधु

## क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वालें टीमों को होटल आवास की व्यवस्था की जाएगी : नाओकी एलेक्स

**नई दिल्ली।** एशियन गेम्स 2026 का आयोजन जापान के आइची प्रेफेक्चर और नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर के बीच होगा। जापान क्रिकेट एसोसिएशन (जेसीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नाओकी एलेक्स मियाजी के अनुसार, एशियन गेम्स क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लिए मेजबान क्षेत्र में कमरों की सीमित उपलब्धता के बावजूद होटल आवास की व्यवस्था की जा रही है। पिछले हफ्ते टीमों के रहने की व्यवस्था को लेकर चिंताएं तब शुरू हुईं जब कई बड़ी एशियन टीमों ने पुरुषों और महिलाओं के टी20 इवेंट के लिए सुविधाओं और रहने की व्यवस्था, खासकर कमरों के आकार पर सवाल खड़े किए थे।मियाजी ने बुधवार को एजेंसी से बातचीत में कहा, 'एशियन गेम्स का आयोजन ओसीए के तहत एसीसी के साथ मिलकर आयोजन समिति (एआईएनएजीओसी) कर रही है। जेसीए ने कुछ मामलों में मदद की है, लेकिन वह सीधे तौर पर इसमें शामिल नहीं है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि सभी पक्ष एशियन गेम्स में क्रिकेट को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनके पास तैयारी के लिए सिर्फ 17 महीने थे और उन्हें सब कुछ शुरू से करना पड़ा, क्योंकि आइची प्रांत में क्रिकेट का कोई भी स्टैंडर्ड वेन्यू नहीं था। कम समय और सीमित संसाधनों को देखते हुए, एआईएनएजीओसी और एसीसी ने मिलकर यह सुनिश्चित किया है(

## सेन का सफर समाप्त

**चाइना मास्टर्स**

**शेन्जेन,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। लक्ष्य सेन का चाइना मास्टर्स कैंपेन बुधवार को समाप्त हो गया। भारतीय शटलर राउंड ऑफ 32 में कनाडा के विक्टर लाई से सीधे गेम में हार गए। सेन को शेन्जेन एरिना में 2026 वर्ल्ड चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता विक्टर लाई से 14-21, 7-21 से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। यह भारतीय खिलाड़ी की कनाडाई खिलाड़ी से करियर के चौथे मुकाबले में तीसरी हार थी। इस साल सेन पर लाई की यह तीसरी जीत थी। कनाडाई खिलाड़ी ने थॉमस कप और जुलाई में चाइना ओपन के राउंड ऑफ 16 में भारतीय खिलाड़ी को हराया था। लाई पर सेन की एकमात्र जीत मार्च में ऑल इंग्लैंड ओपन सेमीफाइनल में तीन गेम का मुश्किल मैच था, जिसे सेन ने 21-16, 18-21, 21-15 से जीता था। सेन को पहले फ्रांस के नए वर्ल्ड चैंपियन एलेक्स लैनियर का सामना करना था, जिन्होंने नई दिल्ली में खिताब जीतने के बाद नाम वापस ले लिया था। पिछले महीने, भारतीय खिलाड़ी का घरेलू वर्ल्ड चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन रहा, जहां वह यूएसए के गैरेट टैन से हारकर दूसरे राउंड में बाहर हो गए थे।

## सार संक्षेप

### स्टोक्स बिग बैश लीग में स्ट्राइकर्स के लिए खेलते हुए नजर आएंगे

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स अगले सीजन बिग बैश लीग (बीबीएल) में एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। मंगलवार को इसकी पुष्टि हुई। एडिलेड स्ट्राइकर्स के कोच टिम पेन ने स्टोक्स को साइन करने का किस्सा साझा किया है। टिम पेन ने पत्रकारों से बातचीत कहा, 'हमने स्टोक्स को एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में पहचाना जो मैदान पर अपने प्रदर्शन से कहीं ज़्यादा टीम पर असर डाल सकता है। वह कई चीजों में माहिर है। मुझे लगता है कि स्टोक्स के साथ कुछ ऐसी बातें भी हैं जो समझ से बाहर हैं। उनकी मौजूदगी और नेतृत्व क्षमता और फैंस से जुड़ाव बेहद अलग है। दुनिया में ऐसे बहुत कम खिलाड़ी हैं जिनके बारे में मैंने नहीं सोचा होगा कि वे इन सभी चीजों में माहिर हैं। एक क्रिकेटर के तौर पर अभी भी बहुत ऊंचे स्तर पर हैं। हमने यह फैसला बहुत जल्दी किया और काफी आक्रामक तरीके से उनका पीछा किया।' पेन ने कहा, 'स्टोक्स हमें बहुत लचीलापन देते हैं। मुझे लगता है कि शुरू में मेरी बातचीत इस बारे में थी कि हम उसका इस्तेमाल कैसे करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के तेज, उछाल वाले विकेट उन्हें सच में सूट करते हैं।

### 'डेडलाइन डे' के आखिरी समय में सेबाल्लोस की बेटिस में वापसी

**मैड्रिड।** मिडफील्डर डैनी सेबाल्लोस ला लीगा में डेडलाइन डे की आखिरी डील्स में से एक के तहत रियल बेटिस लौट आए हैं। बुधवार सुबह इसकी पुष्टि हुई। 30 वर्षीय सेबाल्लोस उस क्लब में वापस जा रहे हैं, जहां से उन्होंने अपना करियर शुरू किया था। गर्मियों में रियल मैड्रिड के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने के बाद, उन्होंने जून 2029 तक के तीन साल के कॉन्ट्रैक्ट पर सहमति जताई है। सेबाल्लोस ने 2014 में बेटिस के लिए डेब्यू किया था और 2017 की गर्मियों में रियल मैड्रिड में शामिल होने से पहले क्लब के लिए 98 ला लीगा मैच खेले थे। रियल मैड्रिड में उनका करियर उतार-चढ़ाव भरा रहा। उन्होंने 9 साल में ला लीगा में 135 मैच खेले, लेकिन शायद ही कभी उन्हें पहली पसंद माना गया। उन्हें 2019-20 और 2020-21 सीजन के लिए आर्सेनल को लोन पर भी भेजा गया था। इस सीजन के चैंपियंस लीग के लिए बेटिस के क्वालीफाई करने और उससे क्लब की आर्थिक स्थिति मजबूत होने से सेबाल्लोस के लिए उस क्लब में लौटने का रास्ता खुल गया जिसे वे हमेशा से सपोर्ट करते रहे हैं। उनकी वापसी के लिए वे और रियल मैड्रिड उनके कॉन्ट्रैक्ट को खत्म करने पर सहमत हुए।

### तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कारों की घोषणा

**नई दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय ने वर्ष 2024 के लिए तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार की घोषणा की है। इन पुरस्कारों में चार श्रेणियां शामिल हैं - भूमि साहसिक कार्य, जल साहसिक कार्य, वायु साहसिक कार्य और लाइफटाइम अचीवमेंट (जीवन भर की उपलब्धियां)। ये पुरस्कार साहसिक कार्यों के क्षेत्र में व्यक्तियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देते हैं और सहनशक्ति, जोखिम उठाने की क्षमता, टीम वर्क और चुनौतीपूर्ण स्थितियों में त्वरित व प्रभावी निर्णय लेने की भावना को बढ़ावा देते हैं। सरकार ने निम्नलिखित पुरस्कार विजेताओं को मंजूरी दी हैः सुश्री बलजीत कौर , स्कलज़ांग रिग्ज़िन (भूमि साहसिक कार्य), रिमो साहा (जल साहसिक कार्य), शिव प्रसाद चमोली (लाइफटाइम अचीवमेंट) पुरस्कार विजेताओं को भारत के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 के साथ तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# काशी रुद्रास की टीम प्लेऑफ में भी जीत का सिलसिला जारी रखेगी: करण

**लखनऊ,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। मौजूदा चैंपियन काशी रुद्रास के कप्तान करण शर्मा को भरोसा है कि उनकी टीम यूपी टी20 लीग 2026 के प्लेऑफ में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखेगी। लीग स्टेज में पांच जीत और 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहने के बाद काशी रुद्रास को लगातार दूसरा खिताब जीतने की उम्मीद बनाए रखने के लिए एलिमिनेटर में नोएडा सुपर किंग्स को हराना होगा। प्लेऑफ को लेकर कप्तान करण शर्मा ने कहा, 'हम जानते हैं कि अब दांव पर क्या लगा है। पीछे मुड़कर देखने की कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि यह टूर्नामेंट का बिल्कुल अलग चरण है। हमने एक मुश्किल दौर देखा है, लेकिन



टीम ने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी और वापसी की है वह इस ग्रुप के जज्बे को दिखाता है। सभी में जोश और जज्बा वापस आ गया है और हमें अगले मैच में अपना सब कुछ झोंक देना है। रुद्रास के हेड कोच ध्रुव सिंह का मानना ??है कि लीग स्टेज के दौरान टीम के सफर ने उन्हें नॉकआउट क्रिकेट के दबाव के लिए अच्छी तरह तैयार किया है। 'हमारे लिए सबसे अच्छी बात यह रही है कि ग्रुप ने मुश्किल हालात का सामना कैसे किया। टूर्नामेंट के बीच में हमारे लिए एक मुश्किल दौर आया था, लेकिन खिलाड़ियों ने कभी भी प्रोसेस पर भरोसा नहीं छोड़ा।

हमारे आखिरी लीग मैच में मेरठ मेवरिक्स के खिलाफ जीत इस टीम के जज्बे की झलक थी। अब लीग स्टेज पीछे छूट चुका है और हर कोई समझता है कि प्लेऑफ में जीत-हार का अंतर बहुत कम होगा। हमारे पास दोनों विभागों (बल्लेबाजी और गेंदबाजी) में मैच-विनर हैं। हमने प्लेऑफ में अपनी जगह बनाई है और अब हमारा लक्ष्य अगला मैच जीतना और अपने खिताब को बचाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाना है।

# अनाहत-रमित ने प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

**लंदन,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। लंदन स्क्वैश क्लासिक में भारत की अनाहत सिंह और रमित टंडन ने जीत के साथ शुरुआत की। दोनों ने सीधे गेम में जीत हासिल करते हुए पीएसए गोल्ड टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि वीर चोटरानी बुधवार को शुरुआती दौर में ही बाहर हो गए। महिलाओं की वर्ल्ड नंबर 20 और मौजूदा जूनियर वर्ल्ड चैंपियन अनाहत ने दिन का सबसे शानदार भारतीय प्रदर्शन किया। उन्होंने वर्ल्ड नंबर 30 खिलाड़ी मिस्र की मरियम मेटवाली को 11-3, 11-2 से मात दी। इस जीत के लिए उन्हें सिर्फ 11 मिनट का समय लगा।

■ वीर चोटरानी शुरुआती दौर में हुए बाहर

इस भारतीय टीनएजर ने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी और मेटवाली को मैच में जमने का ज्यादा मौका नहीं दिया।



लंदन स्क्वैश क्लासिक

पहला गेम तेजी से जीतने के बाद, अनाहत ने दूसरे गेम में भी अपना दबदबा बनाए रखा और 1,44,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले पीएसए गोल्ड इवेंट के अगले दौर में अपनी जगह सुनिश्चित की। उनकी अगली चुनौती काफी मुश्किल होगी, क्योंकि गुरुवार को होने वाले प्री-क्वार्टर फाइनल में उनका सामना बेल्जियम की वर्ल्ड नंबर 11 नेले गिलिस से होगा। पुरुषों के ड्रॉ में, वर्ल्ड नंबर 42 रमित टंडन ने भी बिना कोई गेम गंवाए अगले दौर में जगह बनाई। उन्होंने 20 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मुकाबले में कतर के अब्दुल्ला अल-तमीमी को 11-6, 11-7 से हराया। टंडन ने दोनों गेम में अपना दबदबा बनाए रखा और प्री-क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की, जहां बुधवार को उनका सामना आठवीं वरीयता प्राप्त मोहम्मद एलशोरबागी से होगा।

मिस्र में जन्मे एलशोरबागी अब इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करते हैं और भारतीय खिलाड़ी के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करेंगे। हालांकि, वर्ल्ड नंबर 38 वीर चोटरानी के लिए निराशाजनक खबर रही, जिन्हें स्विट्जरलैंड के यानिक विल्हेल्मी ने कड़े मुकाबले में सीधे गेम में हरा दिया। वर्ल्ड नंबर 34 खिलाड़ी विल्हेल्मी ने दोनों गेम एक ही अंतर (11-9) से जीते और चोटरानी के सफर को जल्दी खत्म कर दिया। लंदन स्क्वैश क्लासिक भारत के टॉप खिलाड़ियों के लिए अहम इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन बना हुआ है।

# मैं इतिहास बनाना चाहता हूं: जैमे फारिया




**यूएस ओपन**

**न्यूयॉर्क,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। पुर्तगाल के जैमे फारिया अपने तेजी से आगे बढ़ते करियर में एक और अहम कदम उठाने जा रहे हैं। बुधवार को यूएस ओपन के दूसरे राउंड में उनका मुकाबला मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज से होगा। 23 वर्षीय फारिया शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए पांच सेटों के बेहद रोमांचक मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी जेन्सन ब्रूक्सबी को हराकर अगले दौर में जगह बनाई। इस जीत के बाद फारिया का आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ है और उनका कहना है कि वह खुद को और बेहतर बनाने तथा अपनी सीमाओं से आगे जाकर प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रविवार को फारिया ने ब्रूक्सबी के खिलाफ पहले राउंड का रोमांचक मुकाबला जीता। दो सेट की बढ़त बनाने के बाद उन्हें विरोधी घरेलू दर्शकों के दबाव और अमेरिकी खिलाड़ी की जबरदस्त वापसी का सामना करना पड़ा, लेकिन वे इससे उबरने में कामयाब रहे। इस जीत से उन्हें हार्ड-कोर्ट मेजर टूर्नामेंट में अपनी पहली मेन-ड्रॉ जीत मिली और वे पुर्तगाली टेनिस इतिहास में खास खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। यूएस ओपन में मेन-ड्रॉ मैच जीतकर, फारिया जोआओ सूसा और नूनो बोर्जेस के बाद सभी चार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में जीत दर्ज करने वाले तीसरे पुर्तगाली खिलाड़ी बने। उन्होंने कहा कि मैं आगे बढ़ते रहना चाहता हूं, क्योंकि मुझे पता है कि मैं युवा हूं और बड़ी चीजें हासिल कर सकता हूं। पुर्तगाल में टेनिस का कोई बड़ा कल्चर नहीं है, इसलिए मैं बस इतिहास बनाना चाहता हूं, लेकिन साथ ही अपनी प्रक्रिया को जारी रखना चाहता हूं।

## एलेक्जेंड्रा ईला ने दूसरे राउंड में पहुंची

**न्यूयॉर्क।** एलेक्जेंड्रा ईला ने यूएस ओपन 2026 की शुरुआत जीत के साथ की है। ईला ने अपने पहले मैच में अमेरिकी क्वालीफायर मैरी स्टोयाना पर जीत हासिल कर दूसरे राउंड में जगह बनाई। नंबर 17 सीड, ईला ने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में खचाखच भरी भीड़ के सामने दो ब्रेक पॉइंट बचाते हुए, एक खराब पहला सर्विस गेम खेला। ऐसा लग रहा था कि ईला को मैच में अपनी पकड़ बनाने के लिए बस इन्हीं प्रेशर पॉइंट्स की जरूरत थी, और उसने पहला सेट 6-1 से जीतने से पहले 5-0 की बढ़त बना ली, जिसमें उसने अपने 84 प्रतिशत फर्स्ट-सर्विस पॉइंट्स जीते। स्टोयाना ने दूसरे सेट के ईला के पहले सर्विस गेम में दो ब्रेकपॉइंट के मौके बनाए। हालांकि, ईला ने नियंत्रण बनाए रखा और पेडल को मेटल पर रखा। दूसरे सेट के पांचवें गेम में एक ब्रेक उसे फिनिश लाइन तक पहुंचने के लिए उनके लिए जरूरी बूस्ट साबित हुआ। ईला ने मैच को उसी तरह खत्म किया जैसे शुरू किया था। उन्होंने लगातार आखिरी पांच गेम जीते। अहम पलों में, वह लगभग परफेक्ट थीं। उसने उसके खिलाफ सभी छह ब्रेक पॉइंट बचाए और स्टोयाना की सर्व पर आठ में से चार ब्रेक मौकों को कन्वर्ट किया।



| SENSEX | | | | |
|---|---|---|---|---|
| BSE | 76570.35 ▼372.93 | NSE | 23941.45 ▼ 141.35 | |
| MCX | Gold | 152298 ▲569 | silver | 229954 ▲ 405 |

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत

## रुपया दो पैसे गिरकर 94.97 के स्तर पर बंद हुआ

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार के बाद 94.97 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच अमेरिकी मुद्रा मजबूत रही। विश्लेषकों का मानना है कि भू-राजनीतिक तनाव के चलते आने वाले दिनों में मुद्रा पर हल्का दबाव बना रह सकता है। रुपये ने बुधवार को सीमित दायरे में कारोबार किया और अंत में दो पैसे की मामूली गिरावट के साथ 94.97 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया।



## कच्चे तेल और बॉन्ड यील्ड ने बिगाड़ा बाजार का मूड

### सेंसेक्स 374 अंक टूटा; निफ्टी 23914 पर बंद




***मुंबई।*** *भारतीय शेयर बाजारों में बुधवार का दिन काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा। यूएस-ईरान के बीच बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और ग्लोबल बॉन्ड यील्ड में रैली से बाजारों में भारी बिकवाली दर्ज की गई। बेंचमार्क इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 373.93 अंकों की गिरावट के साथ 76,570.35 पर बंद हुआ, जो सेशन के दौरान 76,135.72 तक भी फिसला था।*

**किन शेयरों में कमजोरी देखने को मिला?**-इसी तरह निफ्टी में भी तेज बिकवाली दर्ज की गई। 50 शेयरों वाला इंडेक्स अंत में 141 अंकों की कमजोरी के साथ 23,914.45 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 23,786.80 तक भी फिसला था। इंडेक्स में शामिल 36 शेयर गिरकर और 14 शेयर चढ़कर बंद हुए। सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयरों में आयशर मोटर 3.24 फीसदी के साथ आगे रहा। विप्रो और महिंद्रा एंड महिंद्रा भी 2-2 फीसदी से ज्यादा टूटे। जबकि कोल इंडिया का शेयर 4 फीसदी से ज्यादा उछला।बाजार में सबसे ज्यादा बिकवाली ऑटो, मीडिया समेत आईटी सेक्टर में दर्ज की गई। निफ्टी ऑटो इंडेक्स 1.8 फीसदी टूटा। इसी तरह मीडिया और आईटी इंडेक्स भी 1-1 फीसदी से ज्यादा टूटे। जबकि सरकारी बैंक, एनर्जी और रियल्टी सेक्टर में हल्की खरीदारी देखने को मिली।

**क्यों टूटा शेयर बाजार?**-एसबीआई सिक्योरिटीज के टेक्निकल और डेरिवेटिव रिसर्च प्रमुख सुदीप शाह के मुताबिक,अमेरिका और जापान में बढ़ती बॉन्ड यील्ड, महंगा कच्चा तेल, अमेरिका-ईरान तनाव और विदेशी निवेशकों की कमजोर खरीदारी से बाजार पर दबाव रहा। निचले स्तरों पर खरीदारी लौटने के बावजूद टेक्निकल संकेत कमजोर हैं। आरएसआई 40 से नीचे फिसल गया है, जबकि एमएसीडी भी गिरावट का संकेत दे रहा है। निफ्टी 500 के 339 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

**अमेरिकी बॉन्ड यील्ड ने बढ़ाई चिंता**-अमेरिका में ब्याज दर बढ़ाए जाने की आशंका से 10 साल की ट्रेजरी यील्ड बढ़कर 4.81 फीसदी पर पहुंच गई, जो 2023 के आखिर के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। बॉन्ड यील्ड बढ़ने से शेयरों जैसे जोखिम वाले एसेट में निवेश का आकर्षण घट सकता है। अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जोंस में 0.79 फीसदी और एसएंडपी 500 में 0.71 फीसदी की गिरावट आई। टेक शेयरों वाला नैस्डैक कंपोजिट 1.03 फीसदी टूट गया।

## सीतारमण ने विश्व बैंक प्रमुख अजय बंगा से मुलाकात की



**वॉशिंगटन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मुलाकात की और भारत तथा इस अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्था के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। सीतारमण ने मंगलवार को एशविल में जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर की बैठक से इतर बंगा से मुलाकात की। वित्त मंत्रालय के बयान में कहा गया, केंद्रीय वित्त मंत्री ने भारत के साथ विश्व बैंक समूह के लगातार जुड़ाव की सराहना की और 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर के डीपीएफ को तेजी से मंजूरी दिए जाने का उल्लेख किया। बयान में कहा गया कि सीतारमण ने सिडबी के जरिये सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों को अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम के समर्थन की भी सराहना की। इसे रिकॉर्ड समय में मंजूरी दी गई थी और इसका एमएसएमई क्षेत्र पर सकारात्मक असर पड़ा है।

## भारतीय ई-कॉमर्स बाजार 2030 तक करीब तीन गुना होकर 345 अरब डॉलर होगा

***नई दिल्ली।*** *भारत का ई-कॉमर्स बाजार वर्ष 2024 के 125 अरब डॉलर से करीब तीन गुना होकर वर्ष 2030 तक 345 अरब डॉलर का हो सकता है।*

बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि क्विक कॉमर्स के त्वरित विस्तार और कृत्रिम मेधा के बढ़ते इस्तेमाल से इस क्षेत्र को गति मिलेगी। शोध सलाहकार कंपनी इन्फिसम की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2030 तक ई-कॉमर्स बाजार 18.4 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, सामान जल्द पहुंचाने की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए देश में डार्क स्टोर की संख्या 2025 के 2,525 से बढ़कर 2030 तक करीब 7,500 हो सकती है। इन्फिसम ने कहा कि क्विक कॉमर्स (फटाफट सामान की आपूर्ति करना) भारत के ई-कॉमर्स क्षेत्र का सबसे तेजी से बढ़ने वाला खंड है। 2030 तक इसके 65-70 अरब डॉलर का बाजार बनने का अनुमान है और अगले पांच वर्षों में ऑनलाइन खुदरा बिक्री की अतिरिक्त वृद्धि में इसकी हिस्सेदारी 45-50 प्रतिशत रह सकती है। क्विक कॉमर्स बाजार में ब्लिंकिट 44 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे है। उसने वित्त वर्ष 2025-26 में 90 करोड़ ऑर्डर पूरे किए। इसके बाद जेप्टो की 25




प्रतिशत और स्विगी इंस्टामार्ट की 20 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिपोर्ट कहती है कि जेन-जी पीढ़ी के युवा इस वृद्धि का प्रमुख आधार हैं और फिलहाल ऑनलाइन खरीदारों में इसकी हिस्सेदारी करीब एक-तिहाई है। 2030 तक इसके देश का सबसे बड़ा डिजिटल खर्च करने वाला समूह बनने का अनुमान है। अब ई-कॉमर्स का विस्तार महानगरों से आगे छोटे शहरों तक भी हो रहा है। ऑर्डर में 66 प्रतिशत हिस्सा अब दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों का है। रिपोर्ट के मुताबिक, दशक के अंत तक देश के कुल खुदरा खर्च में ई-कॉमर्स की हिस्सेदारी 10-12 प्रतिशत और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान 2.5 प्रतिशत हो सकता है। उस समय ऑनलाइन खरीदारों की संख्या 42-44 करोड़ रहने का अनुमान है।

## कच्चे तेल की तेजी से सोने की चमक पड़ी फीकी

***नयी दिल्ली।*** *वैश्विक बाजारों में मची उथल-पुथल और पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारतीय वायदा बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।* बुधवार, 2 सितंबर को सोने के वायदा भाव *लगातार सातवें कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए।*

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेजी ने वैश्विक बाजारों में महंगाई और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की चिंताओं को हवा दे दी है। इसी का नतीजा है कि सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने में निवेशकों ने वैश्विक स्तर पर बिकवाली तेज कर दी है, जिससे घरेलू स्तर पर सोने के दाम गिरकर 1.5 लाख प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गए हैं।



**एमसीएक्स पर सोने के दामों में कितनी बड़ी गिरावट आई?**-एमसीएक्स पर बुधवार को सोने के अक्तूबर डिलीवरी वाले अनुबंध (वायदा भाव) में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। यह अनुबंध अपने पिछले बंद स्तर 1,51,729 रुपये से 1,559 रुपये यानी 1.03 प्रतिशत गिरकर 1,50,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। केवल अक्टूबर ही नहीं, बल्कि दिसंबर डिलीवरी वाले अनुबंध में भी भारी गिरावट देखने को मिली। दिसंबर का अनुबंध 1,753 रुपये या 1.14 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 1,51,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ, जबकि इसका पिछला बंद भाव 1,53,293 रुपये था। कमोडिटी विश्लेषकों के मुताबिक, एमसीएक्स पर सोने के भाव गिरकर तीन सप्ताह से अधिक के सबसे निचले स्तर पर आ गए हैं।

## एटीएम से कैश निकालना हुआ महंगा

### केनरा बैंक के ग्राहकों को झटका,फ्री ट्रांजैक्शन की लिमिट भी घटाई

***नयी दिल्ली।*** *पब्लिक सेक्टर के केनरा बैंक ने 1 सितंबर, 2026 से कुछ एटीएम ट्रांजैक्शन फीस में बदलाव कर दिया है। बैंक ने अपने सेविंग्स अकाउंट होल्डर्स के लिए हर महीने मिलने वाले फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन की संख्या भी घटा कर दी है। इतना ही नहीं, केनरा बैंक ने कम पैसों की वजह से फेल होने वाले ट्रांजैक्शन और फ्री लिमिट से ज्यादा फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के लिए भी फीस बढ़ा दी है। हालांकि, सीनियर सिटिजन के लिए फ्री ट्रांजैक्शन की लिमिट में कोई बदलाव नहीं किया गया है।*

**फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल की फ्री ट्रांजैक्शन लिमिट घटाई** -इस सरकारी बैंक ने सेविंग्स अकाउंट होल्डर्स के लिए एक महीने मेंफ्रीट्रांजैक्शन (फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल दोनों) की संख्या 6 से घटाकर 5 कर दी है। हालांकि, सीनियर सिटिजन के लिए फ्री ट्रांजैक्शन की लिमिट 8 ही रहेगी, इसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**लिमिट से ज्यादा कैश निकालने पर अब वसूला जाएगा ज्यादा चार्ज**-केनरा बैंक के एटीएम से फ्री लिमिट के बाद कैश निकालने पर वसूली जाने वाली फीस को 20 रुपये + जीएसटीसे बढ़ाकर 23 रुपये + जीएसटी कर दिया गया है। इसमें यूपीआई के जरिए किया जाने वाला कैश विड्रॉल भी शामिल है। इसके अलावा, नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के लिए फ्री लिमिट से ज्यादा ट्रांजैक्शन होने पर प्रत्येक ट्रांजैक्शन पर 5 रुपये+जीएसटी वसूला जाएगा।

**अकाउंट में अपर्याप्त कोष होने पर ज्यादा चार्ज**-केनरा बैंक ने फ्री



ट्रांजैक्शन लिमिट के बाद, ग्राहक के अकाउंट में अपर्याप्त कोष के कारण फेल होने वाले ट्रांजैक्शन के लिए भी चार्ज बढ़ा दिया है। केनरा बैंक और दूसरे बैंकों के एटीएम पर किए गए ट्रांजैक्शन के लिए चार्ज अब 23 रुपये+जीएसटी वसूला जाएगा, जो पहले 17रुपये+ जीएसटी था।

**ग्रीन पिन बनवाना हुआ सस्ता**-क्लासिक, स्टैंडर्ड, प्लेटिनम, बि?नेस, सिलेक्ट और वर्ल्ड कार्ड जैसे कार्ड वेरिएंट के लिए फ्री लिमिट से ज्यादा ग्रीन पिन दोबारा जनरेट कराने का शुल्क 23 से घटाकर 5 कर दिया गया है।

## केंद्र ने तय किया 708.64 लाख टन धान खरीद का लक्ष्य

**नयी दिल्ली।** सरकार ने एक अक्टूबर से शुरू होने वाले 2026-27 के खरीफ विपणन सत्र के लिए 708.64 लाख टन धान खरीद का लक्ष्य मंगलवार को तय किया है। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में राज्यों के खाद्य सचिवों के साथ हुई समीक्षा बैठक के बाद यह लक्ष्य तय किया गया है। खाद्य मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में कहा, ''राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ विचार-विमर्श के बाद आगामी खरीफ विपणन सत्र 2026-27 के लिए धान के रूप में खरीद का अनुमान 708.64 लाख टन तय किया गया है।''

### मुद्रा बाजार

#### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 94.97 |
| एक यूरो | 110.43 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 128.33 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 68.37 |
| एक जापानी येन | 0.59 |


परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 140 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-152 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 85 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)


## चीनी आयात का कोटा नहीं हुआ पूरा, सरकार ने दोबारा मंगाए आवेदन

***नयी दिल्ली।*** *देश में चीनी की बढ़ती कीमतों को काबू करने के लिए सरकार ने पिछले महीने 10 लाख टन शुल्क मुक्त चीनी आयात करने का फैसला किया था। सरकार द्वारा तय की गई आयातित चीनी के पूरा कोटा को आयात करने वाली कंपनियां अभी तक नहीं मिली है। घोषित आयात कोटा में से अभी तक 797,450 टन के आवेदन प्राप्त हुए हैं जबकि 202,550 मीट्रिक टन कच्ची चीनी आयात करने वाली कंपनियों का अभी भी इंतजार है।*

**सरकार ने मंगाए दोबारा आवेदन**-विदेश व्यापार महा-निदेशालय ने 10 लाख टन कच्ची चीनी के आयात के लिए टैरिफ रेट कोटा स्कीम के तहत बचे हुए 2,02,550 टन के आवंटन के लिए योग्य चीनी मिल मालिकों और रिफाइनरों से नए आवेदन मंगाए हैं। डीजीएफटी द्वारा एक सितंबर को जारी पब्लिक नोटिस में कहा गया है कि 20 अगस्त, 2026 को नोटिफाई किए गए 10 लाख टन के टीआरक्यू के मुकाबले, पिछले नोटिस के तहत 7,97,450 टन के लिए आवेदन मिले और उनका आवंटन किया गया, जिससे स्कीम के तहत 2,02,550 टन की मात्रा बची रह गई।




**सात सितंबर तक जमा कर सकते हैं आवेदन**-योग्य मिल मालिक और रिफाइनर डीजीएफटी पोर्टल पर इंपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम के टैरिफ रेट कोटा मॉड्यूल के जरिए बची हुई मात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन विंडो नोटिस पब्लिश होने की तारीख से सात दिनों तक खुली रहेगी।

## आर्थिक मोर्चे पर खुशखबरी, बीबीबी+ से ए-स्थिर हुई भारत की रेटिंग

### जापान की एजेंसी ने दिया अपग्रेड

***नई दिल्ली।*** *देश के लिए आर्थिक मोर्चे पर खुशखबरी है। जापान क्रेडिट रेटिंग (जेसीआर) एजेंसी ने भारत की फॉरेन करेंसी लॉन्ग-टर्म इश्यूअर रेटिंग और लोकल करेंसी लॉन्ग-टर्म इश्यूअर रेटिंग को बीबीबी+से बढ़ाकर ए-स्थिर कर दिया है। इसकी वजह अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार को बताया है।*

जेसीआर ने कहा कि भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बनी हुई है और इसे निजी खपत और सरकारी निवेश का समर्थन मिल रहा है। भारत सरकार की नीतियां भी लगातार आर्थिक वृद्धि में मदद कर रही हैं, इसमें डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास और गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स ( जीएसटी ) को लागू करना शामिल है। इससे देश का आर्थिक



आधार पहले के मुकाबले मजबूत हुआ है।

**क्या जताया अनुमान?**- जेसीआर ने कहा कि वित्त वर्ष 26 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी है और वित्त वर्ष 27 में इसके 6 प्रतिशत से अधिक की तेजी से बढ़ने का अनुमान है। इसे इनकम टैक्स और जीएसटी में कटौती से सहारा मिल रहा है। हालांकि, मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने के कारण खाद्य उत्पादों की कीमतों में इजाफा हुआ है और इस कारण से महंगाई में बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन यह अभी भी आरबीआई के लक्ष्य के अंदर बनी हुई है।

## सतना बाजार भाव

### सराफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सोना फाइन | 1,44,000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| सोना जेवर | 1,38,000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी जेवर | 2,100 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी फाइन | 2,30,000 रु. | प्रति किलो |

### दाल- किराना भाव

- भाव प्रति किलो -

- भाव प्रति किलो -

अरहर ऊंची 110 अरहर मीडियम 100, उड़द ऊंची 110, उड़द धुली 115, मूंग खड़ी 100, मूंग धुली -110, चना 80-90, मसूर खड़ी 80, मसूर दाल 85-90

- भाव प्रतिकिलो -

धनियां खड़ी 100, धनियां पिसी 185, जीरा ऊंचा 270, जीरा मीडियम 260, हल्दी खड़ी 150, हल्दी पिसी 250, मूंगफली ऊंची 140, मूंगफली मीडियम 120, लाल मिर्च खड़ा 180, लाल मिर्च पिसी 280, जायफल-850, जावित्री-2400, तेज पत्ता-100, चैली-240, राई-120,

### लोहा वाला ट्रेडर्स

प्रो. हरिशंकर तिवारी मो.नं. 7049440762

- भाव प्रति किलो -

| | |
|---|---|
| रायपुर- | 8 एमएम -50.50, 10 एमएम -48.50, 12 एमएम -48.50, 16 एमएम -48.50 |
| कामधेनू- | 8 एमएम -55.50, 10 एमएम -53.50, 12 एमएम -53.50, 16 एमएम -53.50 |

## त्यौहारी सीजन से पहले कमर्शियल वाहनों की भारी मांग

***नयी दिल्ली।*** *कमर्शियल वाहनों की बिक्री में अगस्त में तेजी देखने को मिली। प्रमुख वाहन कंपनियों ने सालाना आधार पर दोहरे अंक में बढ़ोतरी दर्ज की। माल ढुलाई बढ़ने, इन्फ्रास्ट्रक्चर गतिविधियों में तेजी और पुराने वाहनों को बदलने की मांग से बाजार को सहारा मिला। त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले कंपनियों के लिए यह अच्छा संकेत है।*

हालांकि, सालाना आधार पर इतनी तेज बढ़ोतरी की एक वजह पिछले साल का कमजोर आधार भी है। अगस्त 2025 में जीएसटी में बदलाव को लेकर अनिश्चितता के कारण कमर्शियल वाहनों की बिक्री धीमी रही थी। इसके बावजूद जुलाई के मुकाबले अगस्त में बिक्री बढ़ना और वाहनों के रजिस्ट्रेशन में तेजी यह दिखाती है कि बाजार में असली मांग भी मजबूत हुई है। अशोक लेलैंड की घरेलू कमर्शियल वाहन बिक्री अगस्त में 43 फीसदी बढ़कर 19,438 यूनिट हो गई, जो एक साल पहले 13,622 यूनिट थी। टाटा मोटर्स की घरेलू कमर्शियल वाहनों बिक्री 33 फीसदी बढ़कर 36,619 यूनिट रही, जबकि अगस्त 2025 में यह 27,481 यूनिट थी। महिंद्रा की 3.5 टन से कम वजन वाले कमर्शियल वाहनों की बिक्री 22 फीसदी बढ़कर 27,415 यूनिट हो गई।



### अगस्त में 43 फीसदी तक बढ़ी

महिंद्रा के ट्रक एंड बस कारोबार, जिसमें महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन और एसएमएल महिंद्रा शामिल हैं, की कुल बिक्री निर्यात समेत 47 फीसदी बढ़कर 2,495 यूनिट रही। एक साल पहले यह 1,701 यूनिट थी।

**जुलाई के मुकाबले भी बिक्री में बढ़ोतरी**-अगस्त में सिर्फ सालाना आधार पर ही नहीं, बल्कि जुलाई के मुकाबले भी कई कंपनियों की बिक्री बढ़ी। टाटा मोटर्स और अशोक लेलैंड की घरेलू बिक्री करीब 8-8 फीसदी बढ़ी। वहीं, महिंद्रा के 3.5 टन से कम वजन वाले कमर्शियल वाहनों की बिक्री में करीब 9 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। वीईसीवी की घरेलू बिक्री जुलाई के मुकाबले लगभग स्थिर रही। खुदरा बाजार के आंकड़े भी कमर्शियल वाहनों की मांग मजबूत होने का संकेत दे रहे हैं। इनक्रेड रिसर्च के मुताबिक, अगस्त में वाहन पोर्टल 'वाहन' पर कमर्शियल वाहनों के रजिस्ट्रेशन में सालाना आधार पर 22 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

**भारी ट्रकों की मांग सबसे मजबूत**-अगस्त में खासतौर पर भारी कमर्शियल वाहनों की मांग मजबूत रही। अशोक लेलैंड की घरेलू मध्यम और भारी कमर्शियल वाहन बिक्री 55 फीसदी बढ़कर 12,408 यूनिट हो गई। एक साल पहले यह 7,991 यूनिट थी। इसमें ट्रकों की बिक्री 60 फीसदी बढ़कर 10,285 यूनिट हो गई, जबकि बसों की बिक्री 36 फीसदी बढ़कर 2,123 यूनिट रही। कंपनी के हल्के कमर्शियल वाहनों की बिक्री भी 25 फीसदी बढ़कर 7,030 यूनिट हो गई। टाटा मोटर्स की घरेलू मध्यम, भारी और इंटरमीडिएट कमर्शियल वाहनों की बिक्री 31 फीसदी बढ़कर 17,531 यूनिट रही।


देशबन्धु
ग्राहक सेवा

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन,** पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान,** स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया,** रीवा कार्यालय: चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

# बस और बल्कर की भिड़ंत में 5 की मौत, 18 घायल, 8 गंभीर

## गुढ़ थाना क्षेत्र में देर शाम हुआ दर्दनाक सड़क हादसा, क्षेत्र में पसरा सन्नाटा, एक बच्ची अब भी लापता







**रीवा, देशबन्धु।** जिले के गुढ बदवार बस स्टैंड के समीप बुधवार की देर शाम लगभग 5 बजे ट्रक और बलकर वाहन के बीच भीषण टक्कर हुई है। अचानक हुये इस हादसे में बस में सवार पांच यात्रियों के मौत हो गई तो वहीं 18 यात्री यात्री घायल बताए जा रहे हैं। जिनमें 8 की हालत गंभीर है मृतको की संख्या बढ सकती है अभी एक बच्ची क लापता होने की भी जानकारी मिल रही है। हादसे के बाद मौके पर चारों ओर चीख पुकार मची रही। घटना की सूचना मिलते ही गुढ थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव दलबल के साथ मौके पर पहुंचे हैं और स्थानीय लोगों की मदद से राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया है। इस भिड़ंत में बस के परखच्चे उड़ गए हैं। हालांकि हादसे में मृतकों की संख्या को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंची है और राहत बचाव कार्य शुरू है।

जानकारी के अनुसार रीवा से बघोर जा रही पवन एक्सप्रेस यात्री बस क्रमांक एमपी 19 पी 1501 की सामने से आ रहे एक बल्कर क्रमांक एनएल 01–एएन 9213 से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर मारने के बाद बल्कर पलट गया जबकि बस सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के सामने का हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया है अचानक हुये हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई तो वहीं बस में सवार यात्रियों के बीच चीख पुकार मची रही। आनन–फानन में स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देकर बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला है। तो वहीं मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा अब घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। हालांकि हादसे में मृतकों की संख्या को लेकर अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जाता है कि यह बस रोज 240 किलोमीटर का सफर कर रीवा से होते हुए चुरहट, बघोर, सीधी, पटपरा और अमिलिया जाती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बारिश की वजह से सड़क पर फिसलन ज्यादा थी। बल्कर स्पीड में था और ड्राइवर इसे कंट्रोल नहीं कर पाया।

**संजय गांधी अस्पताल में चल रहा इलाज:** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सभी 18 यात्रियों को एम्बुलेंस के माध्यम से तुरंत रीवा के संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है। जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कई घायलों की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है जिससे मृतकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने की आशंका जताई जा रही है।

**घटनास्थल पर पहुंचे जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी:** हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला और जनप्रतिनिधि तुरंत मौके पर पहुंच गए हैं। रीवा कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी, एसपी गुरुकरण सिंह, सीधी सांसद राजेश मिश्रा तथा रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने राहत कार्य को तेजी से चलाने व मलबे को हटाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### बदवार सड़क दुर्घटना पर उप मुख्यमंत्री और सांसद ने जताया शोक

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा जिले के गुढ़ तहसील अंतर्गत बदवार में हुई भीषण सड़क दुर्घटना में कई लोगों के निधन पर शोक व्यक्त कर घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। सड़क दुर्घटना का समाचार मिलते ही रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने मौके पर पहुंच कर बचाव कार्यमें सहयोग कर घायलो कोहॉस्पिटल में पहुंचाने की व्यवस्था करते हुए अधिकारियों को हर प्रकार की चिकित्सा सुविधा तत्काल प्रदान किए जाने का निर्देश दिया रीवा सांसद नेसंजय गांधी हॉस्पिटल पहुंचकर घायल मरीजों के चिकित्सा व्यवस्था इंतजाम का जायजा लिया और अधिकारियों को हर घायल को हर प्रकार की सुविधा देने का निर्देश दिया दुर्घटना, में मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की दुर्घटना की जांच का भी निर्देश दिया वही सीधी सांसद राजेश मिश्रा, स्थानीय विधायक नागेंद्र सिंह, भाजपा नेता नारायण मिश्रा ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य में सहयोग किया भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल मऊगंज भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मिश्राने दुर्घटना में कई लोगो के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया है और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

### मुख्यमंत्री ने जताई संवेदना, आर्थिक सहायता के निर्देश

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि रीवा–सीधी हाईवे पर बस और बल्कर की टक्कर में हुई यात्रियों की मृत्यु का समाचार अत्यंत हृदय विदारक है। दिवंगतों की आत्मा को शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना है। मृतकों के परिवारजनों को राज्य शासन की ओर से 2–2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 1–1 लाख रुपये की सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं।

### ये 18 लोग हुए घायल...

1. सुजीत कुमार गुप्ता, आईसीयू
2. अनिल साकेत पिता स्व. जगजीवन प्रसाद साकेत उम्र–28 वर्ष निवासी वार्ड 2 कंचन रोला जिला मऊगंज
3. श्रीमती मनवखुआ साकेत पत्नी रामाधर साकेत उम्र 50 वर्ष निवासी बद्खड़ा थाना चोरहट सीधी
4. सबीना बेगम पति इब्राहिम मोहम्मद निवासी खोखा खास सीधी
5. रामपाल पटेल निवासी विठौली
6. प्रांजली पटेल पुत्री रामपाल पटेल निवासी विठौली
7. ब्रिजेन्द्र कु. पटेल पुत्र गंगा प्रसाद पटेल निवासी अमिलिया
8. अज्ञात मृतक
9. मोहम्मद अंसारी पिता मुसाफिर बक्स उम्र 35 वर्ष निवासी बधोर थाना अमिलिया
10. शिवानी पटेल पुत्री रामपाल पटेल उम्र 19 वर्ष नि. ग्राम टकटैया चुरहट सीधी
11. मो. इरसाद रजा अंसारी पुत्र मो. इब्राहिम उम्र 18 वर्ष
12. मो. इब्राहिम 480 रोजन बक्स उम्र 32 वर्ष

13 संजू पटेल उम्र 29 वर्ष निवासी डिहुली थाना अमिनिया सीधी

14 श्यामबाबू निवासी त्योंथर रीवा

15 पुनीत शुक्ला पिता बसंतलाल शुक्ला थाना अमिलिया सीधी

17. गीता परेल आईसीयू

18. धीरज उम्र लगभग 12 वर्ष, आईसीयू

## सार-समाचार

### बुलेट बाइक पर 33 हजार का जुर्माना



**सतना, देशबन्धु।** रक्षाबंधन ड्यूटी के दौरान यातायात पुलिस ने 27 अगस्त को घंटाघर में बीच सड़क पर जाम लगाने वाले बुलेट चालक रोहित बंसल के विरुद्ध कार्रवाई की थी। जांच में चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं मिला तथा बुलेट में तेज आवाज वाला मॉडिफाइड साइलेंसर लगा पाया गया। प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत करने पर 33 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। न्यायालय के आदेश पर साइलेंसर खुलवाकर जब्त किया गया तथा आवश्यक कार्रवाई के बाद वाहन चालक को वाहन सुपुर्द कर दिया गया।

### ज्योति ने संभाला प्राचार्य का कार्यभार



**सतना, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय रामपुर बघेलान को नई प्राचार्य मिल गई हैं। ज्योति गर्ग ने महाविद्यालय की प्राचार्य के रूप में अपना नवीन दायित्व ग्रहण किया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने महाविद्यालय के कार्यालय में बैठकर महाविद्यालय के संचालन संबंधी जानकारी ली। महाविद्यालय स्टॉफ ने उनका स्वागत किया और नई पारी के लिए शुभकामनाएं दीं। ज्योति पूर्व में जनपद पंचायत उचेहरा में समग्र सुरक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ थीं।

### 'बीहर-बिछिया, टमस' नदी फिर उफान पर

**रीवा, देशबन्धु।** जिले मे मौसम का हाल बेहाल हो चुका है। बीते एक सप्ताह से आसमान मे बादल छाए हुए है है और रुक रुक कर बारिश का दौर जारी है। फिलहाल जिले मे लगातार हो रही बारिश के चलते शहर से गुजरने वाली बीहर और बिछिया नदी एक बार फिर उफान पर है तो वही जिले के तराई अंचल मे स्थित टमस नदी भी रूद्र रूप धारण कर चुकी है। जिले मे हो रही बारिश की तो जिले में पिछले 72 घंटों से वर्षा का जोर बना हुआ है। रीवा, मैहर तथा सतना जिले में रूक–रूक कर हो रही भारी वर्षा से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

### सेमरिया का जरमोहरा बांध हुआ ओवरफ्लो

**रीवा, देशबन्धु।** जिले मे लगातार हो रही बारिश के बीच इस वक्त की बेहद चिंताजनक खबर सामने आ रही है। सेमरिया क्षेत्र का ऐतिहासिक जरमोहरा बांध पूरी तरह से ओवरफ्लो हो गया है। ग्रामीणों की माने तो सबसे गंभीर बात यह है कि बांध के जिस हिस्से से पानी छोड़ा जाता है वहां से पानी का अनियंत्रित बहाव शुरू हो चुका है। फिलहाल इस बड़े संकट के बीच जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी मौके से पूरी तरह नदारद हैं, जिससे ग्रामीणों का आक्रोश और डर चरम पर पहुंच गया है। दरअसल जरमोहरा बांध के अनियंत्रित जलभराव और प्रशासनिक लापरवाही के कारण आसपास के 25 से 30 से अधिक गांवों पर डूब का सीधा खतरा मंडरा रहा है। माना जा रहा है की यदि बारिश का दौर इसी तरह जारी रहा, तो निचले इलाकों में बसे दर्जनों गांवों में भारी तबाही मच सकती है।

## भरभरा कर ढहा कच्चा मकान

**मलबे में दबा गृहस्थी का सामान, बाल–बाल बचे परिजन**



**रीवा, देशबन्धु।** जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, यहाँ ग्राम पंचायत रहट में सोमवार की दोपहर एक कच्चा मकान अचानक ताश के पत्तों की तरह भरभरा कर जमींदोज हो गया। घटना का एक लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें मकान पल भर में ढहता हुआ दिखाई दे रहा है। घटना के दौरान गनीमत यह रही कि जब यह हादसा हुआ, उस समय घर के अंदर कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। दिनेश विश्वकर्मा का परिवार समय रहते घर से बाहर आ चुका था, जिससे एक बहुत बड़ा और दर्दनाक हादसा होने से टल गया। मकान के अचानक धराशायी होने से दिनेश विश्वकर्मा के सिर से न सिर्फ छत छिन गई, बल्कि घर के अंदर रखा गृहस्थी का सारा सामान, अनाज, कपड़े और बर्तन मलबे के नीचे दबकर नष्ट हो गए हैं। घटना के बाद से ही स्थानीय ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए।

## कलेक्टर के निर्देश, हाई अलर्ट पर रहें अधिकारी- कर्मचारी

**● लोगों से सतर्क और सावधान रहने की अपील**



**सतना, देशबन्धु।** मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार सतना जिले में आगामी 24 घंटे में 115 से 204 मिली मीटर तक भारी वर्षा के मद्देनजर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिले के नागरिकों से सतर्क रहने, निचले और तटीय इलाकों के निवासियों को ऊंचे सुरक्षित स्थल पर पहुंचने तथा बाढ़ और नदी नालों जलाशयों के निकट नहीं जाने की अपील की है।

उपायुक्त राहत द्वारा सतना, मैहर, रीवा सहित अन्य जिलों के कलेक्टरों को वायरलेस संदेश भेजकर आगामी 24 घंटे के दौरान भारी बारिश की चेतावनी के संबंध में आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, बुधवार से गुरूवार सुबह 8 बजे तक सतना जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भारी से अति भारी वर्षा होने की संभावना है। पूर्वानुमान के अनुसार जिले में आगामी 24 घंटे में 115 से 204 मिलीमीटर तक वर्षा होने की संभावना जताई गई है। भारी बारिश के मद्देनजर नदी–नालों के जलस्तर में वृद्धि, निचले क्षेत्रों में जलभराव तथा आवागमन प्रभावित होने की स्थिति को देखते हुए प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने जिलेवासियों से अपील की है कि भारी बारिश के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और नदी–नालों, पुल–पुलियों तथा जलभराव वाले स्थानों के पास जाने से बचें। उन्होंने नागरिकों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल संबंधित प्रशासनिक एवं राहत दल को सूचना देने की अपील की है।

## अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ युवाओं ने भरी हुंकार

**भारी बारिश के बीच प्लांट गेट पर डटे सैकड़ों युवा, 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कर रहे प्रदर्शन**




**मैहर, देशबन्धु।** अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ युवाओं का आंदोलन लगातार जारी है। युवा नेता दिलीप दुबे के नेतृत्व में सैकड़ों युवा भारी बारिश के बावजूद प्लांट गेट पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और डटे हुए है। युवाओं ने स्थानीय रोजगार, ओवरलोडिंग सहित छह सूत्रीय मांगों को लेकर कंपनी प्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे है। युवाओं का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से औद्योगिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं, लेकिन स्थानीय युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। उनका आरोप है कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और अन्य सुविधाओं में क्षेत्र के युवाओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

**जिम्मेदार करें समाधान**

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनकी मांगें क्षेत्र के युवाओं और स्थानीय लोगों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों से संबंधित हैं। इन मांगों पर कंपनी और प्रशासन को गंभीरता से विचार कर ठोस कदम उठाने चाहिए। भारी बारिश के बीच भी बड़ी संख्या में युवाओं की मौजूदगी से आंदोलन को लेकर चर्चा तेज हो गई। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं होती है तो आंदोलन को और व्यापक किया जा सकता है। युवाओं ने प्रशासन से मांग की कि कंपनी प्रबंधन और स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान कराया जाए, ताकि क्षेत्र में रोजगार, परिवहन और अन्य स्थानीय मुद्दों को लेकर बनी नाराजगी दूर हो सके।

### ओवरलोडिंग का मुद्दा भी उठाया

प्रदर्शन के दौरान ओवरलोड वाहनों की आवाजाही का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। युवाओं का कहना है कि भारी वाहनों की आवाजाही और कथित ओवरलोडिंग से सड़क सुरक्षा प्रभावित होने के साथ ही आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित विभागों से इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

## बारिश का कहर: बैकुंठपुर-लालगांव मार्ग की सड़क बही



**रीवा, देशबन्धु।** जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते बैकुनपुर से लेकर लालगांव जाने वाले मार्ग पर हालात बिगड़ गए हैं। तेज बारिश और पानी के बहाव के कारण सड़क का एक बड़ा हिस्सा बह गया है। जिसके चलते कल से इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बंद है। सड़क बह जाने के कारण बड़ी संख्या में लोग रास्ते में फंसे हुए हैं और उन्हें आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस दौरान कुछ लोग अपनी जान जोखिम में डालकर पानी के तेज बहाव के बीच रास्ता पार करते हुए भी दिखाई दिए हैं। लगातार बारिश के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है और ग्रामीणों को आवागमन के लिए भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

## पति की प्रताड़ना से त्रस्त महिला की जन्मदिन के दिन जलने से संदिग्ध मौत, बेटा भी झुलसा

**पति द्वारा मारपीट किए जाने का वीडियो आया सामने, मासूम नातिन ने भी किया बचाने का प्रयास**



**मऊगंज, देशबन्धु।** जिले के हनुमना थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां करीब 40 वर्षीय महिला की रहस्यमय तरीके से आग में झुलसने से मौत हो गई। मां को बचाने के प्रयास में उसका 14 वर्षीय बेटा भी झुलस गया।

घटना के बाद मायके पक्ष ने महिला के पति पर लंबे समय से मारपीट और प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला के साथ मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। मृतका रीवा जिले के बरहदी, थाना रायपुर कर्चुलियान की रहने वाली बताई जा रही है। पूरा मामला मऊगंज जिले के हनुमाना थाना क्षेत्र के मसूरिया गांव का बताया जा रहा है। मृतका की पहचान करीब 40 वर्षीय रश्मि द्विवेदी के रूप में हुई है।

परिजनों के मुताबिक रश्मि की शादी करीब 13 वर्ष पहले मसूरिया गांव निवासी अरविंद द्विवेदी से हुई थी। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही रश्मि को पति द्वारा लगातार मारपीट और प्रताड़ित किया जाता था। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान रश्मि आग की चपेट में आ गई। मां को आग से बचाने के प्रयास में उनका 14 वर्षीय बेटा अनमोल धर्म द्विवेदी भी झुलस गया। घटना के बाद घायल बेटे को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं, रश्मि की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतका के मायके पक्ष ने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों का कहना है कि रश्मि के साथ मारपीट से जुड़ा एक वीडियो भी उनके पास है, जिसे जांच में अहम साक्ष्य बताया जा रहा है। हालांकि महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई और घटना के पीछे वास्तविक वजह क्या है, यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## बाढ़ पीड़ितों को राहत के लिए सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट ने दिए 51 लाख



अध्यक्ष विशद भाई मफतलाल ने ट्रस्टियों से चर्चा कर कर निर्णय लिया कि इस भीषण परिस्थिति में हम सबको बाढ़ पीड़ितों की प्रशासन के साथ मिलकर मदद करनी है। निर्णय के बाद बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए 51 लाख रुपए की धन राशि राशन सामग्री, कपड़े, दवाइयां, शुद्ध पेयजल सहित अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री देकर उनकी मदद की जाएगी। यह संकल्प पूरा करने के लिए उन्होंने ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं निर्देशक डॉ. इलेश जैन को निर्देशित किया था कि ट्रस्ट की ओर जिला प्रशासन को एक संकल्प पत्र सौंपकर अवगत करा दिया जाए। डॉ. इलेश जैन ने रीवा संभाग आयुक्त शीलेन्द्र को संकल्प पत्र सौंपते हुए अवगत कराया की संस्था 51 लाख रुपए की राशि से बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने ट्रस्ट की ओर से आयुक्त और जिला कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस से निवेदन करते हुए कहा कि श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट एवं रघुवीर मंदिर ट्रस्ट, जिला प्रशासन, नगर परिषद एवं बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में कार्यरत अन्य सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बाढ़ प्रभावित लोगों की सेवा एवं राहत कार्यों में निरंतर जुटे हुए हैं।

**चित्रकूट, देशबन्धु।** चित्रकूट में लगातार पांच दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से चित्रकूट की मंदाकिनी नदी में आई बाढ़ से लोगों का जीवन पूरी तरह अस्त–व्यस्त हो गया है। बाढ़ ने चित्रकूट में अपना कहर बरसाया है।

घर, दुकान, मठ मंदिरों में पानी भर गया है या फिर बाढ़ में सारा समान बह गया है । बाढ़ से कई घर परिवार गांव एवं धर्म नगरी के विभिन्न क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। जिसको देखते हुए संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा संस्थापित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट एवं रघुवीर मंदिर ट्रस्ट के

### जिला प्रशासन को सौंपा बाढ़ राहत संकल्प पत्र